सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-93 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 10 सितम्बर 2023

23 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com







## जी-20 सम्मेलन में नई दिल्ली लीडर्स घोषणा पत्र को मंजूरी, भारत से दुबई होते हुए यूरोप तक बनेगा रेल कॉरिडोर

# एक साथ मिलकर चलने का है समयः मोदी

### एयू में शामिल हैं अफ्रीका महादेश के 55 देश

पीएमओ ने इसके बाद एक्स पोस्ट में कहा कि एक अधिक समावेशी जी 20 को आगे बढ़ाना ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है और पीएम मोदी अफ्रीकी यूनियन और कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली का हार्दिक स्वागत करते हैं। अफ्रीकी देशों का संघ में अफ्रीका महादेश के 55 देश शामिल हैं और वह लंबे समय से जी 20 की सदस्यता के लिए प्रयास कर रहा था। अफ्रीकी संघ के सदस्य देशों की जीडीपी लगभग तीन ट्रिलियन अमेरिकी डालर और जनसंख्या करीब 1.4 अरब है।




**नई दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन का पहला दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ है। पहले दिन ही दिल्ली घोषणापत्र पर सर्वसम्मति बनाकर देश ने इतिहास रच दिया है। यह वाकई हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। जो पहले नहीं हो सका वह आज हुआ है। बैठक के पहले दिन दो सत्रों को शामिल किया गया।

पहले सत्र में वन अर्थ थीम पर चर्चा हुई वहीं दूसरे सत्र में वन फैमिली पर चर्चा हुई। दिल्ली घोषणापत्र के शत-प्रतिशत बिंदुओं पर सभी देशों ने अपने पूर्ण सहमति दी है। साथ ही साथ आज के बैठक की शुरुआत पर जबरदस्त रही। भारत की पहल पर पहली बार जी-20 में 55 देशों वाले अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्यता दे दी गई। इसके बाद अब यह मंच 21 सदस्यों वाला हो गया है। एक्सपर्ट भी भारत लेकर एक बड़ी कामयाबी बता रहे हैं क्योंकि भारत ने यह तक करके दिखाया है जब रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंटी हुई है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्य देशों का आभार जताया है। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र में आज इतिहास रचा गया है। इसको लेकर प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री ने लिखा कि नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा को अपनाने के साथ इतिहास रचा गया है। सर्वसम्मति और भावना से एकजुट होकर, हम बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करने की प्रतिज्ञा करते हैं। उनके समर्थन और सहयोग के लिए सभी साथी जी 20 सदस्यों को मेरा आभार। इससे पहले मोदी ने शिखर सम्मेलन में नेताओं से कहा, ''मित्रों, हमें अभी-अभी अच्छी खबर मिली है कि हमारी टीम की कड़ी मेहनत और आपके सहयोग के कारण, नयी दिल्ली जी-20 लीडर्स समिट डिक्लेरेशन पर आम सहमति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं घोषणा करता हूं कि इस घोषणापत्र को स्वीकार कर लिया गया है। पीएम मोदी ने कहा, कोविड-19 के बाद विश्व में एक बहुत बड़ा संकट विश्वास के अभाव का आया है। युद्ध ने इस ट्रस्ट डेफिसिट को गहरा किया है। आज जी-20 के प्रेसिडेंट के तौर पर पूरी दुनिया का आह्वान करता है कि हम मिल कर सबसे पहले ग्लोबल ट्रस्ट डिफिसिट को एक विश्वास एक भरोसे में बदलें। यह वैश्विक भलाई के लिए हम सभी के मिल कर चलने का समय है।

### रात्रिभोज में जी-20 नेताओं, प्रतिनिधियों का स्वागत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां शिखर सम्मेलन स्थल भारत मंडपम में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित जी20 नेताओं और प्रतिनिधियों के लिए आयोजित भव्य रात्रिभोज में उनका स्वागत किया। रात्रिभोज शुरू होने से पहले उन्होंने एक मंच पर अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी पृष्ठभूमि में बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नवाशेष और भारत की अध्यक्षता में जी20 की थीम- वसुधैव कुटुम्बकम एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य को दर्शाया गया। नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं। यह विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक था। राष्टपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने बाइडन का स्वागत किया और मंच पर उनका अभिवादन किया और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। जी 20 समिट के लिए भारत आए विदेशी मेहमानों के सम्मान में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू डिनर होस्ट किया।

### पीएम मोदी ने ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस के लॉन्च का किया एलान



भारत ने ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस (वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन) शुरू करने का एलान किया और वैश्विक स्तर पर पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत तक ले जाने की अपील के साथ जी20 देशों से इस पहल में शामिल होने का आग्रह किया।

वन अर्थ पर जी20 शिखर सम्मेलन सत्र में बोलते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण और जलवायु अवलोकन के लिए जी20 सैटेलाइट मिशन शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा और नेताओं से ग्रीन क्रेडिट पहल पर काम शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आज समय की मांग है कि सभी देश ईंधन मिश्रण के क्षेत्र में मिलकर काम करें। हमारा प्रस्ताव पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए वैश्विक स्तर पर पहल करने का है। मोदी ने सत्र में कहा, या वैकल्पिक रूप से, हम व्यापक वैश्विक भलाई के लिए एक और मिश्रण विकसित करने पर काम कर सकते हैं, जो स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ जलवायु सुरक्षा में भी योगदान देता है।

### 2030 तक हम सतत विकास का लक्ष्य हासिल करेंगेः जयशंकर



घोषणापत्र की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि इस में एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के 60 शहरों में जी20 की बैठकें हुई। 37 पन्नों के घोषणापत्र में यूक्रेन का चार बार जिक्र किया गया है। जयशंकर ने कहा कि 2030 तक हम सतत विकास का लक्ष्य हासिल करेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 ने महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था की आवश्यकता को समझा है, जो पहले की व्यवस्था से अलग है।

### क्रिप्टो पर स्पष्ट नीति की दिशा में आई तेजीः सीतारमण



क्रिप्टो संपत्तियों पर स्पष्ट नीति के लिए इस समिट के दौरान जोर दिया गया और अब उस पर वैश्विक सहमति बनने लगी है। एफएसबी क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए विश्व स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण के लिए नियामक ढांचे की रूपरेखा भी निर्धारित कर रहा है। इसलिए भारत की ओर से जी-20 की अध्यक्षता के दौरान आईएमएफ और एफएसबी के सहयोग से इन रूपरेखाओं को निर्धारित किया जा रहा है। वित्तीय क्षेत्र में जी20 की भारतीय प्रेसीडेंसी के दौरान की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ये बातें कही।

## आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और पूर्व मंत्री गिरफ्तार

**स्कैम**

- विजयवाड़ा के कोर्ट में नायडू की पेशी होगी



**नंदयाल।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को स्किल डेवलपमेंट स्कैम में शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। आपराधिक जांच विभाग ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। मामला 250 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले से जुड़ा हुआ है।

चंद्रबाबू को तब गिरफ्तार किया जब वे नंदयाल शहर में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद एक बस में आराम कर रहे थे। सीआईडी अधिकारी और नंदयाल जिला पुलिस, कुर्नूल रेंज डीआईजी रघुरामी रेड्डी की अगुआई में तड़के 3 बजे उस कैंप साइट पर पहुंचे जहां नायडू ठहरे हुए थे। वहां पहुंचकर उन्होंने नायडू को गिरफ्तार करने की कोशिश की, लेकिन पार्टी समर्थकों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने कुछ को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों के मुताबिक, इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए नंदयाल अस्पताल ले जाया जाना था, लेकिन उनके मना करने के बाद कैंप साइट पर ही उनका मेडिकल चेकअप किया गया। यहां से उन्हें विजयवाड़ा ले जाया गया है। जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, आंध्र प्रदेश पुलिस ने चंद्रबाबू के बेटे पारा लोकेश को ईस्ट गोदावरी जिले से हिरासत में लिया है।

## एनसीपी में कोई विभाजन नहीं

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने पार्टी के नाम, प्रतीक और नियंत्रण के संबंध में चुनाव आयोग के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि पार्टी के भीतर कोई विभाजन नहीं है। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि पार्टी के खिलाफ बगावत करने वाले 40 विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पार्टी ने विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के पास याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि सभी असंतुष्ट विधायकों को पार्टी की कार्यकारी समिति और अन्य पदों से हटा दिया गया है। चुनाव आयोग ने एनसीपी के दोनों गुटों के दावों पर विचार-विमर्श किया, जिनमें पार्टी पर नियंत्रण को लेकर अलग-अलग तर्क हैं। इन दावों की जांच के लिए आयोग ने दोनों गुटों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

## गोसेवकों को सीएम योगी का तोहफा

### गोवंश की सेवा करने वालों को 50 रुपये प्रति गोवंश देगी सरकार

- निजी अस्पतालों को भी देनी होगी संचारी रोगियों की जानकारी
- संचारी रोगों के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने एलान किया है कि गोवंश का भरण-पोषण कर रहे गोसेवकों को 30 रुपये प्रति गोवंश दिया जा रहा है। अब यह राशि 50 रुपये प्रति गोवंश होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पशुओं में लंपी वायरस से बचाव के प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में गोवंश पर लंपी वायरस का दुष्प्रभाव देखने को मिला है। इस संक्रमण के कारण कई राज्यों में व्यापक पशुधन हानि हुई है। प्रदेश में इसके प्रसार को रोकने के लिए हमें मिशन मोड में काम करना होगा। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशुमेलों का आयोजन स्थगित रखा जाए। अंतरराज्यीय पशु परिवहन पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोआश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि लंपी वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है। टीके की उपलब्धता के लिए। यह मच्छर इत्यादि से फैलने वाला वायरस है, ऐसे में ग्राम्य विकास, नगर विकास और पशुपालन विभाग परस्पर समन्वय से गांव व शहरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। किसी भी दशा में संक्रमण का प्रसार न हो। लंपी वायरस से संक्रमित गोवंश, स्वस्थ हुए गोवंश और गैर संक्रमित गोवंश के लिए पृथक-पृथक बाड़े की व्यवस्था की जाए। वहीं डेंगू एवं वेक्टर बार्न बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की साथ ही सीएम योगी ने हर अस्पताल के लिए अधिकारियों नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने एवं हर शाम निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। कहा कि हर साल अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। अक्टूबर माह से इसका नवीन चरण प्रारंभ होना है। इसमें सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। हमारे सामने अपना इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे।

## सनातन धर्म पर हमला करना एक फैशन बन गयाः नकवी

**निशाना**

- नकवी ने मानसिक उपचार की दी नसीहत



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म पर द्रमुक नेताओं की टिप्पणियों पर हमला बोलते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि सनातन धर्म पर हमला करना निराश बिरादरी के लिए एक फैशन बन गया है, लेकिन उनका दिवालियापन उल्टा पड़ेगा। यहां भाजपा के राष्ट्रव्यापी मेरी माटी, मेरा देश अभियान में भाग लेते हुए नकवी ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आत्मा है और जो लोग उस आत्मा पर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं, वे नष्ट हो जाएंगे। नकवी के कार्यालय से जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया कि अगर कोई पृथ्वी पर सबसे पुराने विश्वास सनातन धर्म पर हमला करता है, तो यह उनकी मानसिक बीमारी को दर्शाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, सनातन धर्म पर हमला करना कुंठित बिरादरी के लिए एक फैशन बन गया है, लेकिन सनातन को कोसने वाली ब्रिगेड का निंदनीय दिवालियापन उल्टा पड़ेगा। नकवी ने कहा कि भारत ने सैकड़ों विदेशी आक्रमण देखे हैं, जिन्होंने न केवल संसाधनों को लूटा बल्कि सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति और पहचान पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रमणकारी भारत के विशाल संसाधनों को लूटने में सफल रहे।

## गरीबों-जानवरों को मेहमानों से छिपा रही सरकार

### हकीकत से मुंह मोड़ने की जरूरत नहींः राहुल

**कसा तंज**

- प्रधानमंत्री की छवि को बचाने के लिए आवारा पशुओं को बेरहमी से पकड़ा गया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को सरकार पर आरोप लगाया कि वह जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर और झुग्गियों को ढक रही है या ध्वस्त कर रही है। आवारा जानवरों को बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मेहमानों से भारत की हकीकत को छिपाने की कोई जरूरत नहीं है।

पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें झुग्गियों को हरी चादरों से ढका हुआ दिखाया गया है। दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता भाग ले रहे हैं। राहुल गांधी ने ट्विटर एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार हमारे गरीब लोगों और जानवरों को छिपा रही है। हमारे मेहमानों से भारत की हकीकत को छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान में विदेश दौरे पर हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जी-20 का उद्देश्य विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की एक उत्पादक सभा होना है, जिसका मकसद वैश्विक समस्याओं से सहयोगात्मक तरीके से निपटना है। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रपित व्लादिमीर पुतिन भले ही इससे दूर हों, लेकिन प्रिंस प्रोटेमकिन (रूसी सैन्य शासक) झुग्गियों को या तो ढककर रख रहे हैं या उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं। प्रधानमंत्री की छवि को बचाने के लिए आवारा पशुओं को बेरहमी से पकड़ा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। विपक्षी दल ने झुग्गियों को ढंकने के वीडियो के अलावा जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले आवारा कुत्तों और जानवरों के प्रति क्रूरता के वीडियो साझा किए। कांग्रेस द्वारा साझा किए गए वीडियो में एक झुग्गी निवासी ने कहा, सरकार हमें कीड़े मानती है। क्या हम इंसान नहीं हैं। पार्टी ने एक्स पर कहा, जी-20 से पहले मोदी सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए उनके घरों को पर्दे से ढक दिया है, क्योंकि राजा गरीबों से नफरत करता है। कांग्रेस ट्वीट किया, जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के दौरान मोदी सरकार द्वारा सड़क पर बेगुनाह कुत्तों के साथ की गई क्रूरता को देखने के लिए यह वीडियो देखें।

## सोमवार से न्यायिक कार्य पर लौटेंगे वकील

**मामला**

- 16 सितंबर से यूपी सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का एलान



**प्रयागराज।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के खिलाफ न्यायिक कार्य से विरत अधिवक्ता सोमवार से काम पर लौटेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन का भी ऐलान कर दिया है। बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने बताया कि 16 सितंबर को पूरे प्रदेश में अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर और 20 अक्तूबर को विधानसभा का घेराव करेंगे।

हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के मामले में अधिवक्ता 29 अगस्त से न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। मामले में मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। यूपी सरकार की ओर से जांच के लिए रिटार्यड जज की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है। हापुड़ लाठीचार्ज मामले में मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने हाईकोर्ट के छह सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें हाईकोर्ट के तीन न्यायमूर्ति शामिल हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति वकीलों की शिकायत की जांच करेगी। कमेटी में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति फैज आलम खान सदस्य बनाए गए हैं।

# जी 20 के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में युवामथन- जी 20 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जी 20 के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में युवामथन- जी20 कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर खीरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डॉ0 इरा श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व रोटरी इंटरनेशनल के मंडलाध्यक्ष डॉ0 अजय कुमार आगा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमंत कुमार पाल ने की। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से इस कार्यक्रम का आरम्भ हुआ जिसके बाद अथितियों को बैज लगाकर और पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मॉडल जी20 में जी20 के लीडर ट्रैक का प्रतिरूप प्रस्तुत किया जिसमें जलवायु परिवर्तन पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिभागी देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके पक्ष से विषय के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मध्य में वैष्णवी सक्सेना द्वारा एक कथक नृत्य किया और अनुराग कुमार वर्मा ने कविता पाठ किया। मुख्य अतिथि डॉ0 इरा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जी20 की अध्यक्षता और जी20 बैठक का नई दिल्ली में आयोजन हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के प्रतिभाग करने से भारत के युवा को वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की प्रेरणा मिलती है और विद्यार्थियों को ऐसे विश्वस्तरीय कार्यक्रमों के संचालन की पृष्ठभूमि में चल रहे माइक्रो-मैनेजमेंट और श्रम की भी एक बानगी को देखने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 अजय आगा, पूर्व मंडलाध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना की और कहा कि क्लाइमेट चेंज या जलवायु परिवर्तन एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या है जिसका हल वैश्विक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साझा प्रयासों से ही संभव होगा। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो0 ज्योति पन्त, अध्यक्षा, अर्थशास्त्र विभाग ने जनवरी, 2023 से निरंतर चल रहे कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो0 पंत ने इन अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में भारत के महत्व को बताते हुए कहा कि भारत की कुल जनसंख्या का 68 प्रतिशत 15 से 60 वर्ष की आयु के मध्य है और इस तरह से भारत विश्व के सबसे युवा देश के रूप में जाना जा रहा है। जी20 की अध्यक्षता और बैठक आयोजन के सम्बन्ध में युवाओं को जागरूक करने के लिये शासन के आदेशानुसार महाविद्यालय में 1 फ़रवरी, 2023 से निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है जिनमें जागरूकता अभियान, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि शामिल हैं। डॉ0 पंत ने बताया कि जी20 के सहभागी समूहों में एक Y20 के अंतर्गत आई0आई0 टी0 कानपुर और के जी एम सी लखनऊ में आयोजित सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों अक्शा फातिमा और बृजेश कुमार ने स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमंत कुमार पाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि जी20 की अध्यक्षता और जी20 बैठक का भारत में आयोजन वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत के महत्व को स्थापित तो कर ही रहा है, ऐसे कार्यक्रमों का सफल संचालन इस आयोजन से जुड़े अधिकारियों और कार्मिकों की दक्षता का भी एक सबल प्रमाण है। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को जी20 युवामंथन में प्रतिभाग करने के लिये प्रमाण पत्र प्रदान किये। मॉडल जी20 के ज्यूरी के रूप में पूर्व मंडलाध्यक्ष (रोटरी इंटरनेशनल) डॉ0 अजय कुमार आगा, महाविद्यालय के प्रो0 डी0 एन0 मालपानी, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग तथा प्रो0 संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान, श्री धर्म नारायण, असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आकलन कियाकार्यक्रम का सफल संचालन दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चंद्र ने किया। डॉ0 इष्ट विभु, डॉ0 अमित सिंह, श्री धर्म नारायण, श्री विजय प्रताप सिंह और श्री सौरभ वर्मा के सक्रिय सहयोग से सम्पादित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## थाना खमरिया, ईसानगर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खमरिया, थाना ईसानगर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना ईसानगर पहुंचे, जहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को मौके पर सुना तथा सम्बन्धित का यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर थाने पर समाधान दिवस का आयोजन होता है।

# नगर से लेकर गांव तक वायरल बुखार ने सभी को लिया अपनी गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** पूरे तहसील क्षेत्र को वायरल बुखार में अपनी गिरफ्त में ले रखा है। नगर सहित गांवो तक में बुखार से पीड़ित मरीज हर घर में मिल जायेगे। इस वायरल बुखार से कई मौते भी हो चुकी है जिससे नगर सहित ग्रामीणो क्षेत्रो के लोगो में एक भय सा व्याप्त है। वायरल बुखार के पीड़ितो की नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य प्राईवेट अस्पतालो में खासी भीड़ देखने को मिल रही है और इसी भीड़ को देखते हुए अब कुछ मेडिकल स्टोर स्वामियो द्वारा भी मरीजो को देखने और भर्ती करने का सिलसिला लगातार चल रहा है। नगर के पुवायां रोड, बरबर रोड, शाहजहांपुर रोड पर ऐसे कई मेडिकल संचालक मिल जायेगे जो इस वायरल बुखार के मरीजो का इलाज व भर्ती भी कर रहे है। अगर इन मेडिकल पर इलाज करा रहे लोगो के साथ किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। वायरल बुखार के तेजी से फैलने पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा एक बार तो नगर के कुछ मोहल्लो में फागिंग करायी परन्तु अधिकांश मोहल्ले फागिंग से वंचित रह गये। वही ग्राम प्रधानो द्वारा फागिंग के नाम पर भी लूट मचाई गयी है। ग्राम गरबापुर, धमौला, मगरेना, मोहम्मदी सरायं, हरिहरपुर, सहदेवा सहित अन्य तमाम गांवो में बस नाम मात्र फागिंग करा कर इतिश्री कर ली गयी। नगर सहित अधिकांश गांवो में सफाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण भीषण गन्दी फैली हुई है। जिस पर तीन दिन से हो रही बारिश ने आग में घी डालने का काम किया है। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस वायरल बुखार को रोकने के लिये हर सम्भव प्रयास किये गये।

## घोसी उपचुनाव को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह



**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के महोली नगर की एक बैठक पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के आवाहन पर पार्टी कार्यालय में की गई। जिसमें घोसी उपचुनाव में आइएनडीआई गठबंधन के प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत पर खुशी का इजहार किया। सपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता टीटू ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में आइएनडीआई गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। यह घोसी उपचुनाव से स्पष्ट हो गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान सपा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष कपिल मिश्रा, गुड्डू बड़े मुन्ना, चंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## नेरी के निकट मिले बाघ के पगचिन्ह



**सीतापुर।** महोली तहसील क्षेत्र में चहलकदमी कर रहे बाघ पगचिन्ह ग्राम नेरी के निकट पाए गए हैं। इससे इलाके में दहशत फैल गई है। लोग गांव के निकट खेतों में बाघ की मौजूदी की आशंका जता रहे है। पिसावा थाना क्षेत्र के ग्राम नेरी निवासी कुछ ग्रामीण शनिवार को गांव के बाहर मौजूद तालाब की तरफगए थे। इसी बीच उन्हें तालाब के किनारे बाघ के पगचिह्न मिले। पगचिन्ह देखते ही ग्रामीणों के होश उड़ गए। आनन फानन में ग्रामीण घर भाग आए। ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि बाघ गांव के आसपास किसी खेत में ही मौजूद है। सूचना पाकर वन रेंज अधिकारी कल्पेश्वर नाथ वन विभाग की टीम साथ मौके पर पहुंचे और कांबिंग में जुट गए। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि के किसी पहर में बाघ पानी पीने के लिए तालाब पर गया होगा। इस दौरान वन विभाग की टीम ने भी बाघ के पगचिन्ह देखे। वहीं वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सावधान किया और अकेले खेतों की तरफ न जाने की हिदायत दी।

## अवैध असलहे के साथ मजारिया हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** सदरपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के मजारिया हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। सदरपुर थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कमलेश चौहान पुत्र रमेश चौहान निवासी मधवापुर थाना रेउसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि कमलेश रेउसा थाने का मजारिया हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध पूर्व में जनपद के विभिन्न थानो में हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, चोरी, नकबजनी, गुण्डा एक्ट व अवैध शराब रखने जैसे धाराओं में करीब दो दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## नसीराबाद में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मो0 कामस्थाना में पवन श्रीवास्तव के निज निवास पर मनाया गया। यह पर्व वर्ष 1925 से लगातार मनाया जा रहा है। जन्माष्टमी पर्व को इस वर्ष 98 वर्ष पूरा हुआ है। इस पर्व को पवन श्रीवास्तव द्वारा 1980 से लगातार मनाया जा रहा है। श्रीवास्तव के पूर्व मुन्शी राम गोपाल श्रीवास्तव द्वारा इनके पर्व इनके बाबा के द्वारा मनाने की परम्परा सम्पन्न हो रही है। जन्माष्टमी के दूसरे दिन जन्मोत्सव जुलूस निकाला गया।जो दोपहर 3 बजे प्रारम्भ होकर रात्रि 9 बजे समाप्त हुआ । भन्डारे का कार्यक्रम दोपहर 3बजे प्रारम्भ होकर रात 10 बजे तक चला। कार्यक्रम को सम्पन्न करने में उमाशंकर चौरसिया रामतिलक,श्रीपाल , पप्पूरावत, मिलान, आलोक मोदनवाल,बाबू लाल विश्वकर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, ऋषि, सौरभ, आनन्द, विष्णु, मनी, हनी, अंश श्रीवास्तव ,यशी श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। जन्मोत्सव जुलुस में प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल अपने दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

## हादसों में दो किसानों की मौत

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र में अलग - अलग स्थानों पर हुए हादसे मे दो लोगों की की मौत हो गई है। एक किसान की तालाब में डूबने से तो दूसरे किसान के ऊपर पेड़ की डाल टूटकर गिरने से मौत हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए भेजा है। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम बरगावां निवासी अखिलेश उम्र 45 वर्ष अपने खेत पर गन्ना की फसल देखने गया था। बतातें हैं कि खेत के करीब मौजूद दुघटिया तालाब के पास से गुजरते समय उनका पैर फिसल गया। पडोस मे स्थिति दुघटिया तालाब के किनारे पैर फिसल गया। जिससे अखिलेश की डूब कर मौत हो गयी। वहीं दूसरी तरफ चौखडिया गांव निवासी सुरेश उम्र 50 वर्ष अपने बाग गया था। जहां पर यूके लिप्टिस पेंड की डाल टूट कर किसान के ऊपर गिर गई। जिससे किसान सुरेश गंम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने हरदोई के जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान सुरेश ने दम तोड दिया। लेखपाल शिवशंकर ने बताया कि उसने बरगावां मे मौके पर पहुंच कर जांच रिपोर्ट अधिकारियों को दी है। वहीं चौखडिया की लेख पाल लक्ष्मी मिश्रा ने बताया जांच के लिये मौके पर गांव पहुंच रही है। एसडीएम अभिनव यादव ने बताया तालाब मे डूबने से हुई किसान की मौत की सूचना मिली है।

# रायबरेली पहुंचे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला

अवधनामा संवाददाता




हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर लखनऊ में 26 से 31 अक्टूबर के बीच महानाट्य 'जाणता राजा' का होगा मंचन

**रायबरेली।** एक दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला पहुंचे रायबरेली। शहर के सारस चौराहा, सिविल लाइन चौराहा ,रतनपुर चौराहा सहित जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कर अभिनंदन किया और उनकी कड़ी सुरक्षा में काफी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। हिन्दू कुल के गौरव महाराज शिवाजी की तरफ से स्थापित हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर व्याख्यान कार्यक्रम शहर के फिरोज गांधी कॉलेज सभागार में किया गया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन की अवध अंचल शाखा की तरफ से आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला रहे। मुख्य वक्ता बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला व विशेष प्रवेश दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम रहे। विश्व के सबसे महानाटक 'जाणता राजा' के संदर्भ में आयोजित व्याख्यान का विषय ÷छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व एवं कृतित्व वर्तमान परिस्थिति में÷ रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के मुख्य अतिथि शिवप्रताप शुक्ला ने कहा कि सनातनी होने के नाते मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं हिंदू हूँ। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य की देवभूमि को मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। शिवाजी के बारे में कहा उनके इतिहास को सभी को याद करते हुए कंठस्थ करना चाहिए और इसका काम महानाटक से बेहतर और कौन हो सकता है। 26 से 31 अक्टूबर के बीच में हिंदुत्व की शान बढ़ाने के लिए होने जा रहे महानाट्य ÷जाणता राजा÷ को भी लोग जरूर देखने जाएं। उन्होंने कहा कि इससे हम लोग हिन्दवी स्वराज को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम लोग विवेकानंद को देख नहीं सकते हैं लेकिन उनके जैसा ही काम करने वाले दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम के मिशन को जरूर आगे बढ़ा सकते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने छत्रपति शिवाजी के बारे में विस्तृत रूप से व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी ने जाति और धर्म हो मिटाकर अपनी सेना में सबको शामिल किया था। जब अफजल खान ने धोखे से शिवाजी को मारने की रणनीति बनाई थी, उस समय उनके दलित रक्षक जीवा ने ही उनकी जान बचाई थी। उन्होंने कहा कि जिस अफजल खान की समाधि शिवाजी ने गद्दारों की पहचान के रूप में कराई थी, उसी का मजार सौंदर्यकर्ण शिवसेना ने वर्ष 2021 में कराया है। जबकि पूरी शिव सेना का गठन ही शिवाजी के चरित्र को लेकर हुआ है। महानाटक 'जाणताराजा' के बारे में उन्होंने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा महानाट्य भारत के गौरवशाली अतीत का मंचन भगवान लक्ष्मण की नगरी लखनऊ में होने जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**गाजियाबाद।** जन्माष्टमी की धूम गाजियाबाद में जगह जगह दिखाई दी। मंदिरों की सजावट ,कान्हा की झांकियां कीर्तन और बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूरा शहर जगमगा रहा था। उसी धूम से आदित्य वर्ल्ड सिटी में स्थित मां जगदम्बा मातृ ऊमा मंदिर में भी कान्हा का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से मंदिर में दर्शन के लिए भक्तो की भरी भीड़ थी। मंदिर की सजावट और भव्यता ने लोगो का मन मोह लिया। शाम 5:00 बजे से मंदिर में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ उमा अग्रवाल (आदित्य बिल्डर),सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस के जज सुरेश चंद्रा, डा नीरज सारस्वत और आलोक शर्मा जी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस के माध्यम से विभिन्न देवो देवियों के रूप की प्रस्तुति दी। कृष्ण जन्म से लेकर समस्त कृष्ण लीला ,कृष्ण के दस अवतार ,शिव कृष्ण मिलन, कालिया मर्दन,नरसिंहावतार,बकासुर वध,रासलीला,दही हांडी और ऐसी बहुत सी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कृष्ण जन्म के वक्त पहरेदारों का सोना बिजली की गर्जना जैसे वातावरण में कृष्णा का जन्म एक मनमोहक दृश्य था। इस पूरे कार्यक्रम में आदित्य वर्ल्ड सिटी के समस्त वासियों मंदिर की सेवा, कार्यक्रम व्यवस्था से लेकर प्रसाद वितरण तक बढ़ चढ़ के भाग लिया। बच्चो को उनकी प्रस्तुति के लिए मैनेजमेंट टीम से राजीव जैन,जय कुमार,भूषण त्यागी ,अंजली शर्मा द्वारा मेडल,सर्टिफिकेट और गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वेव थाने की एसीपी श्रीमती सलोनी अग्रवाल,लालकुआ चौकी इंचार्ज, वेव थाने एसओ,पिंक बूथ इंचार्ज बेबी वहा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में वेव सिटी के पार्षद पवन कुमार गौतम जी ने भी अपने परिवार के साथ बच्चो का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थिति दर्ज की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता देओल और उनकी समस्त टीम किरण झा, गौरव अग्रवाल, राहुल भटनागर, खुशाल सिंह,शालिनी श्रीवास्तव, सारिका शर्मा, गौरव अरोरा, मधुर, सोहित, जीवेश चंद्र द्वारा किया गया। और मंदिर के समस्त कार्यक्रम का संचालन मंदिर के कर्ताधर्ता रजनीश दीक्षित द्वारा किया गया। मंदिर के संचालक की माने तो रात तक 7500 से अधिक भक्तो ने कान्हा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। हर्ष दीप पब्लिक स्कूल चिपियाना बुजुर्ग की प्रधानाचार्या गिरीश तोमर व मालिक नवीन कुमार ने अपने विद्यालय में जन्माष्टमी के पर्व पर नर्सरी के छात्रों से राधा कृष्ण के रुप में मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया।

# महेश शर्मा ने दोनों सीटों पर जीत का श्रेय प्रधानमंत्री को दिया

अवधनामा संवाददाता



**गौतमबुद्ध नगर।** सांसद गौतमबुद्धनगर एवं त्रिपुरा प्रभारी डा. महेश शर्मा जी का त्रिपुरा की दोनो सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत की बधाई दी और डा. महेश शर्मा ने कहा कि इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन व विकास नीति और लोक कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। मुख्यमंत्री त्रिपुरा डा. मानिक साहा की प्रदेश नीति एवं कार्यकुशलता माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री राजीव भट्टाचार्जी के कुशल संगठानात्मक और कुशल संगठन कर्ता एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से आजादी के बाद 63 प्रतिशत की मुस्लिम जनसंख्या वाले त्रिपुरा के बॉक्सनगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में पहली बार 30,237 वोटों से ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत मिली है। वही त्रिपुरा के आदिवासी बाहुल्य धनपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने माकपा प्रत्याशी को 18871 मतों से परास्त किया। वामपंथियों का गढ़ माने जाने वाली धनपुर विधानसभा सीट जिस पर सीपीएम नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्री माणिक सरकार ने चार बार जीत दर्ज की थी। बॉक्स नगर उपचुनाव की जीत ने यह सिद्ध किया है की अल्पसंख्यक समाज का सम्मान भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के सुशासन व सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के संकल्प को देश की अल्पसंख्यक आबादी का खुला समर्थन है। प्रधानमंत्री जी ने देश के प्रति अपने समर्पण से एवं जन सेवा हेतु अपनी प्रतिबद्धता से जन-जन के दिलों को छुआ है। इसी जीत को लेकर भाजपा गौतम बुद्ध नगर के कार्यकर्ताओं एवं शहरवासियों ने सांसद डा. महेश शर्मा जी को इस जीत को बधाई दी और उनका अभिनंदन व स्वागत किया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर अनुज गुप्ता भारत विकास परिषद, आर.डब्लू. ए0 सैक्टर 27 राजीव गर्ग, जीएससीएस एसोसिएशन से मनोज शर्मा, अजीत पाण्डेय, सैक्टर 9 मार्केट से सत्यनारायण गोयल, अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष, देवा भाटी सदस्य, सेवानन्द शर्मा, महेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, राकेश शर्मा, संजय बाली सांसद प्रतिनिधि, रोहित शर्मा, सांसद प्रतिनिधि, गणेश जाटव, उमेश त्यागी, पूनम सिंह, ओमवीर अवाना, शारदा चतुर्वेदी, दिनेश कृष्णन, पुनीत शुक्ला, प्रेम प्रधान, अशोक मिश्रा, लोकेश कश्यप, बबलू यादव, पंकज झां, सूरज पाल राणा, गोपाल गौड़, अर्पित तिवारी, अर्पित गोयल, हरिकिशोर, रोहित ठाकुर, मनोज उपाध्याय, एहसान खान, सुभाष भाटी समेत काफी संख्या में उपस्थित रहें।

## पंखें में उतरा करंट, चपेट में आकर अधेड़ की हुई मौत

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र में करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टेबिल फैन में करंट आ रहा था। उसी की चपेट में अधेड़ आ गया। महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कारी पाकर निवासी लाल बहादुर पुत्र देवीलाल उम्र 58 वर्ष शुक्रवार की रात घर में शो रहा था। बताया जा रहा है कि वहां पर रखे टेबिल फैन में करंट उतर रहा था। अचानक लाल बहादुर टेबिल फैन का स्थान बदलने का प्रयारा करने लगा। इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता। लाल बहादुर की मौके पर ही करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार शोक में डूबा हुआ है।

# संक्षिप्त समाचार

## हत्या की घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल चाकू बरामद कर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 325/23 धारा 302 भादवि में वांछित नामजद अभियुक्त वीरपाल पुत्र चेतराम को जोखेपुर नहर पुलिया संसारपुर बांकेगंज रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल चाकू (खून लगा हुआ) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त वीरपाल उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा अपने सगे बड़े भाई राजपाल की हत्या जमीन जायदाद को लेकर रंजिश व अपनी भाभी (मृतक की पत्नी) से प्रेम संबंध के कारण की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## भविष्य के लिए जज लोगों ने छात्र/ छात्राओं को दिए मंत्र



**लखीमपुर खीरी।** संदीप वर्मा के नेतृत्व में मनू लॉ कालेज लखीमपुर के विधि के छात्र/ छात्राओं ने लोक अदालत में जाने से पहले जिला जज व अपर जिला जज सहित सभी जजों लोगों व न्यायिक अधिकारी गण के साथ मनू लॉ कालेज लखीमपुर के विधि के छात्र/ छात्राओं ने चाय पी ,भविष्य के लिए जज लोगों ने मंत्र भी दिए,उसके पश्चात छात्र/ छात्राओं ने लोक अदालत में दूर दराज से आए हुए लाभार्थियों की मदद की व लोक अदालत की पूरी विधिक प्रक्रिया के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त की।

## विधायक व एसडीएम ने सुनी शिकायतें



**सीतापुर।** थाना पिसावां मे विधायक शशांक त्रिवेदी तथा एसडीएम अभिनव यादव समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुना। गांव खजुन्ना के किसान सतेंद्र व पृथ्वी पाल के तालाब की मछली को लेकर विवाद की शिकायत की। इस समस्या का समाधान मौके पर किया गया। इसी तरह से ग्राम कपूरपुर निवासी राम सेवक के घर के सामने गंदा पानी भरने की शिकायत मिली। विधायक ने नाली निर्माण कराने की बात कही। इस अवसर पर 10 लोगों ने शिकायत की। जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए समबन्धित लेख पाल व क्षेत्रीय पुलिस कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी फूल चंद्र सरोज, कानूनगो संतोष कुमार श्रीवास्तव तथा लेखपाल मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विधायक ने एकत्रित की पवित्र माटी



**सीतापुर।** महोली के विधायक शशांक त्रिवेदी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर घर- घर दस्तक दी। ब्लाक पिसावा के मोहरोनिया गांव पहुंचकर घर-घर से मिट्टी को कलश में एकत्र किया। विधायक ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश में हर घर से माटी एकत्र की जा रही है। इस कलश को देश की राजधानी दिल्ली भेजा जाएगा। वहां पर मौजूद अमृत वाटिका निर्माण के लिए इस माटी का उपयोग किया जाएगा। यह हमारे अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में समर्पित किए जाने की योजना है। इसी तरह अन्य गांव में भी मेरी माटी मेरा देश के अभियान के तहत मिट्टी एकत्रित किए जाने की भाजपा की विशाल योजना है।

## विवाद में मां व बेटी घायल

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र की बड़ागांव चौकी क्षेत्र के ग्राम परसेहरा निवासी विश्राम की पत्नी बिटाना तथा उसकी पुत्री मोहिनी का गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोपी है कि गांव के रामपाल, अमित पुत्र नरेश ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इससे मां व बेटी घायल हो गई। बताया जा रहा है कि पूरा विवाद बच्चों के खेल को लेकर हुआ है। घायलों ने इस संबंध में महोली कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस जांच की बात कह रही है।

## झूमकर बरसे बदरा, मौसम हुआ सुहाना

**सीतापुर।** बीते तीन दिनों से हो रही बारिश ने पूरे जिले को पानी पानी कर दिया है। खासकर शहरी ईलाका कई जगहों पर जलभराव जैसी समस्या से जूझ रहा है। यहां बता दें कि जिले में गुरुवार से मौसम ने करवट ली थी। जिसके बाद हर दिन रुक- रुक कर बारिश हो रही है। शनिवार को भी पूरे जिले में झमाझम बारिश हुई। इस दौरान शहर के आर्दश नगर के निकट गुजरी सड़क हर किसी के लिए मुसीबत का सबेब बनी रही। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते इस सड़क ने तालाब का रूप ले लिया है। इस वजह से बारिश का पानी सड़क में भरा हुआ है। स्कूली बच्चे हों या अन्य राहबीर, इसी गंदे पानी में गिरते पड़ते गुजरते रहे। यहां पर हर दिन करीब दर्जन भर से अधिक लोग चोटिल हो रहे है। जिसको भी चोट लगती है, वह सरकार को कोसते हुए आगे का सफर तय करता है।

# पार्षद जी का जन्मदिन मना आदर्शों पर चलने का दोहराया संकल्प

अवधनामा संवाददाता


प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर जयंती मनाते महासमिति के पदाधिकारी

- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया मिष्ठान वितरण
- कारागार में भी याद किए गए झंडा गीत रचयिता

**फतेहपुर।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के तत्वाधान में झंडा गीत रचयिता पदम् श्री श्याम लाल गुप्त पार्षद जी का 128 वां जन्म दिवस पार्षद मूर्ति स्थल पार्षद चौक में मनाया गया। मूर्ति पर माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। साथ ही उनके द्वारा रचित झंडा गीत को पुनः पाठ्य पुस्तकों में सम्मिलित करने की मांग की गई। जिला कारागार में भी समिति ने कार्यक्रम आयोजित किया। बंदी महिलाओं व बच्चों को मिठाई, फल आदि वितरित किए।

महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण बाबू के नेतृत्व में पार्षद जी की मूर्ति पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्षद जी का जन्म कानपुर जनपद स्थित नरवल ग्राम में नौ सितंबर 1896 में एक सामान्य परिवार में हुआ था। मिडिल शिक्षा प्रथम श्रेणी एवं विशारद की डिग्री हासिल करने के उपरान्त अपना संपूर्ण जीवन देश की आजादी में समर्पित कर दिया था। फतेहपुर जनपद को अपनी कर्म भूमि बनाकर यहीं से स्वतंत्रता आंदोलन में अपना योगदान दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि शिक्षक पद से त्याग पत्र देकर कांग्रेस की सदस्यता लेकर स्वतंत्रता आंदोलन में कार्य किया। जनपद फतेहपुर में 19 वर्षों तक कांग्रेस कमेटी के लगातार अध्यक्ष भी रहे। अनेक जेल यात्राएं की। दस वर्ष फरारी में रहते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में कार्य किया। जिला कारागार के बैरक नं. नौ में रहते हुए सर्व साधारण में स्वतंत्रता के प्रति उमंग भरते हुए झंडा गीत की रचना की। संरक्षक गिरधारीलाल गुप्त ने कहा कि पार्षद जी ने वृत लिया कि जब तक देश स्वतंत्र नहीं हो जाता वह नंगे पैर रहेंगे। संचालन कर रहे महामंत्री साजन गुप्त ने भी पार्षद जी का जीवन वृतांत प्रस्तुत किया। जिला कारागार में भी महासमिति ने अधीक्षक मो. अकरम खान के सानिध्य में पार्षद जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया। बंदी महिलाओं व बच्चों को फल, मिष्ठान वितरित करते किए। पार्षद चौक में रात्रि को कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जो देर रात तक चला। इस मौके पर सुनील गुप्त, जय गोपाल गुप्त, संजय गुप्त, सुनीता गुप्त, नरेंद्र गुप्त, आनंद गुप्त, अजय गुप्त, अशोक गुप्त, रज्जन गुप्त, मुकेश गुप्त, अरूण जायसवाल एडवोकेट, शैलेंद्र शरन सिंपल, नारायण, कविता रस्तोगी, संजय गुप्त, पवन गुप्त, रामस्वरूप गुप्त भी मौजूद रहे।

## किसान महापंचायत में लखनऊ चलने का आहवान

**खागा/फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक शनिवार को प्रेमनगर दावतपुर मोड़ पर आयोजित हुई। जिसमें किसान मजदूर की आवाज को लेकर 25 सितंबर को लखनऊ में आयोजित महापंचायत में चलने का आवाहन किया गया। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं बिजली कटौती, नहर में पानी, जर्जर सड़क आदि समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। बैठक की सूचना मिलने पर सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष योगेश कुमार व उप जिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य भी पहुंच गये। किसान नेताओं ने समस्याओं का ज्ञापन एसडीएम समेत एसओ को सौंपा। बैठक में उपस्थित युवा ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह ने बड़ी संख्या में किसानों से लखनऊ चलने की अपील की। सभी किसान मजदूर ने जोर-शोर से चलने के लिए कहा। बैठक के अंत में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें ब्लॉक संरक्षक रनमन सिंह कपिल प्रधान मोहम्मदपुर गौती, अवधेश सिंह, प्रेम सिंह, चंद्रपाल, मोतीलाल कन्हैया सिंह, कंधई, नरेश साहू, मान सिंह, अशोक सिंह, रामचंद्र आदि पदाधिकारी व किसान मजदूर मौजूद रहे।

# असफलता से निराश होने के बजाय आगे मंजिल की तरफ ध्यान दें: रविंद्र

अवधनामा संवाददाता


केडी इंटर कालेज में हैंडबाल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि

- आप की जीत पूरे विद्यालय के लिए प्रेरणा है

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** खिलाड़ियों को असफलता से निराश होने की बजाय लगातार मेहनत कर अपनी मंजिल हासिल करनी चाहिए। असफलता में ही सफलता छिपी होती है, इसलिए हार जीत की परवाह किए बगैर सभी खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें। उक्त बाते विकास खंड मोतीचक के विशुनपुरा स्थित कमला देवी इंटर कालेज में आयोजित एक दिवसीय मंडल स्तरीय हेंडबाल प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र किशोर यादव ने कहा। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक फुलेना सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि हैंडबॉल खेल के प्रति आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून का प्रमाण है। आपकी जीत न केवल आपके संबंधित सदन को गौरवान्वित करती है बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा का काम करेगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता में छः टीमों ने भाग लिया, जिसमें मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हैंड बाल खिलाड़ियों का चयन किया गया। पहला प्रतियोगिता कलमा देवी इंटर कालेज विशुनपुरा व किसान इंटर कालेज धौरहरा कसया के बिच खेला गया। जिसमें मेजबान कलमा देवी इंटर कालेज की टीम विजेता रही। इस तरह से मंडल स्तर पर चुन लिया गया। प्रतियोगिता का आयोजक प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने आए सभी अतिथियों को बैज लगाकर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन रामसागर कन्नौजिया ने किया जबकि निर्णायक सुरज कुमार भारती, लालाराम रहे। इस दौरान श्रीशचंद्र पाण्डेय, नंद किशोर यादव, लालाराम, प्रमोद कुमार ओझा, आदित्य सिंह, सरिता जायसवाल, कोच सुरज भारती, मिथिलेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

## सरकारी योजनाओं को पलीता लगाते गांव के ही माननीय ऐसे गांव का भगवान ही भला करें



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के महाराजगंज तराई के ग्राम सभा महाराजगंज में विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने वाले ग्राम पंचायत के अध्यक्ष प्रधान स्वयं नाली निर्माण में पीले एवं पुराने ईट लगवा रहे हैं घटना की सच्चाई सामने आने पर प्रधान ने कहा कि मैं 10 वर्षों से प्रधान हूं यह सब ऐसे ही चलता है ऐसे में जब गांव का मुखिया ही सरकारी योजनाओं को पलीता लगायेगा तो विकास योजनाओं का क्या होगा अच्छा होता स्थानीय प्रशासन उक्त गांव के निर्माण कार्यों आदि का भौतिक सत्यापन करता जिससे सरकारी योजनाओं को पलीता लगे लगाने वालो को सबक मिलती

## दम तोड़ती गायें जिले का सरकारी अमला बेखबर

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** एक तरफ गोवंशों की सुरक्षा संरक्षा उनके आश्रय स्थलों को प्रदेश सरकार भारी भरकम पैसा खर्च कर रही है जिससे आश्रय स्थलों में सुधार हो परंतु सरकार और स्थानीय प्रशासन के सारे दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं गोवंश तड़प तड़प कर जहां देखो वहां दम तोड़ रहे हैं बताते चलें की विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम बसंतपुर के पंचायत घर के ठीक पास में दो-तीन गयें पड़ी हुयी है जिन्हें कौवे नोच नोच कर खा रहे हैं जिसमें तीन गय बिल्कुल मरने की कगार पर है जबकि तीनों गये पूरी तरह मरणासन्न है उक्त गये को खंड विकास अधिकारी ने गौशाला भेजने का निर्देश दिया था इसके बावजूद चार-पांच दिनों से ये गाये लावारिस मरने का इंतजार कर रहे हैं इसमें जिले के जिम्मेदार क्या कार्यवाही करते हैं देखना बाकी है अच्छा होता जिलाधिकारी महोदय खबरों का संज्ञान लेते जिससे ऐसे पशु काल के गाल में जाने से बच जाते।



## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष बने जिशान

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव डा. मुईद अहमद मम्मू ने शहर के मसवानी मुहल्ला निवासी मोहम्मद जिशान रजा पुत्र निसार अहमद को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया। उन्होने आशा जताई है कि पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ जिले में काम करें और अपने काम के उपयोग से यह सुचारू रुप से संगठन की मजबूत संरचना करेंगे। उधर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री रजा ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वहन करेंगे। जिले में संगठन को मजबूत किया जायेगा। शुभचिंतकों ने रजा को सोशल मीडिया के साथ-साथ मोबाइल पर बधाई दी।



## बालिकाओं और महिलाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिले के सभी थाना एवं कोतवाली में तैनात महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर क्षेत्र की महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शनिवार को जिले के सभी थाना और कोतवाली मैं तैनात महिला उप निरीक्षकों एवं महिला सुरक्षा कर्मियों ने बाजार और चौराहे से गुजरने बाली बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर 1098, 181,112,1090, 1076 की जानकारी देते हुए अपराधों के प्रति जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों ने कॉलेज एव सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को उनको सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की जानकारी दी।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानगंज में जनसमस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आला अधिकारियों ने कहा कि फरियादियों की किसी भी तरह की शिकायत हो उस गंभीरता से सुने। उन्होंने कहा कि यदि गांव में खेत या मारपीट से संबंधित है तो उसकी मौके पर जाकर सत्यापन करें और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## टेंपो की टक्कर लगने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल

**अमृतपुर- फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जरियनपुर मार्ग का जब से चौड़ीकरण हुआ है। तब से इस सड़क पर आवागमन काफी तेज हो गया है। छोटे से लेकर बड़े वाहन तक गति मानकों का पालन न करते हुए तीव्र गति से दौड़ रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाये हो रहीं हैं। शनिवार को ग्राम मरथरा थाना कलान जिला शाहजहांपुर निवासी सविता पत्नी अमित अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर ग्राम रुलापुर से अपनी ससुराल मरथरा जा रही थी। अचानक ग्राम परमापुर के पास टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक जमीन पर गिर पड़ी और सविता गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर ग्रामीण दौड़कर आए और दोनों घायलों को उठाया और पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 एम्बुलेंस से घायल महिला को राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## सर्पदंश से मौत

**अमृतपुर- फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगढ़ निवासी गोविंद पुत्र जगपाल (25) शाम को घर पर लेटा था। तभी दरवाजा खोलने पर कुछ गिरने का एहसास हुआ। रोशनी मे देखा तो कटे का निशान लगा। गोविंद छिपकली समझकर सीएचसी राजेपुर गया तथा इलाज कराकर घर वापस आ गया। लगभग 2 घंटे बाद गोविंद की तबियत बिगड़ने लगी। परिजन गोविंद को लेकर जिला अस्पताल गए जहां चिकित्सक ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया।

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने ठाकुरजी की डोली को दिया कंधा



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय गाजीपुर प्रवास के दौरान पैतृक गांव मोहनपुरवा पहुंचे। जहां पैतृक निवास स्थान स्थित ठाकुर जी की डोली को वहां से उठाकर पूरे गांव का भ्रमण कराया। उसके बाद ठाकुर जी को मंगई नदी में स्नान कराया। गांव में स्थित सभी छोटे बड़े मंदिरों में भजन का कार्यक्रम करते हुए पुनः ठाकुर जी उनके निवास स्थान मंदिर में रख दिया गया। यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से चलती आ रही है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के तीसरे दिन यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है। जिसमें जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के अलावा अभिनव सिन्हा, अमिताभ सिन्हा, सुजीत सिन्हा, महादेव सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, अभिजीत सिन्हा सहित घर और गांव के अनेकों लोग शामिल रहे। शुक्रवार को एलजी मनोज सिन्हा श्रीनगर से लाल बहादुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। जिसके बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। गाजीपुर पहुंचने पर पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में गॉड आफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सड़क मार्ग से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने पैतृक गांव मोहनपुरवा पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, ओम प्रकाश राय, प्रवीण कुमार सिंह, दयाशंकर पांडेय, कार्तिक गुप्ता, अजीत सिंह, नितीश दुबे, राकेश राय, विष्णु सिंह, अविनाश जायसवाल नेपाली सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जालौन में सफाई कर्मचारी ने किया 59 लाख का गबन, सीडीओ की जांच में खुलासा

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** जालौन में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात एक सफाई कर्मचारियों ने लगभग 59 लाख रुपये का गबन कर डाला। यह रकम स्वच्छ भारत मिशन योजना के प्रचार प्रसार के लिए आई थी। जिसका खुलासा जांच के दौरान हुआ। इस घोटाले की जानकारी जैसे ही विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों को हुई विभाग में हड़कंप मच गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी को इस बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम देखने वाले सफाई कर्मचारी और एक अन्य शख्स के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया। दरअसल, पूरा मामला जालौन के जिला मुख्यालय उरई में बने जिला पंचायती राज विभाग कार्यालय का है। इस कार्यालय में तैनात एक सफाई कर्मचारी को कंप्यूटर ऑपरेटर की जिम्मेदारी दी गई थी। यह जिम्मेदारी उसे तब दी गई जब विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कोई भी तैनात नहीं था। जिस पर यह जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी मनोज वर्मा को सौंप गई थी। उसने स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत जिले में प्रचार प्रचार के लिये आवंटित बजट में से करीब 58 लाख 98 हजार रुपए का गबन कर लिया है। उसने धीरे-धीरे यह राशि तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग करते हुये दूसरे निजी खातों में ट्रांसफर कर ली। पहले उसने किसी अंजान व्यक्ति शैलेंद्र कुशवाहा के खाते में 6 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद उसने 5 अक्टूबर को विभाग में ही कार्यरत सफाई कर्मी विकेंद्र कुमार के खाते में 8 लाख 30 हजार की रकम भेज दी। इसके बाद 2 दिसंबर 2022 को फिर से 8 लाख 87 हजार उसके खाते में डाल दिये। जबकि 8 जनवरी 2023 को 35 लाख की रकम उसी सफाईकर्मी के खाते में ट्रांसफर कर कुल 58 लाख 98 हजार रुपए का बंदरबांट कर दिया और उसे निकाल लिया। इस मामले की जांच करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय ने डीपीआरओ कार्यालय पहुंचकर उक्त प्रकरण की जानकारी ली।

## महिलाओं व बालिकाओं को दी जानकारी

**फतेहपुर।** महिलाओं व बालिकाओं को शोषण व सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को भी जिले की महिला बीट आरक्षियों ने स्कूल, कालेज, भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाकर महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं का आहवान किया कि यदि उन्हें किसी भी तरह की समस्या आये तो वह संपर्क कर सकती हैं। जनपद के विभिन्न थानों की महिला बीट आरक्षी अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, भीड-भाड़ वाले स्थानों में पहुंची। जहां महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में अवगत कराया।

# संगठन की ताकत एकता से है संभव

अवधनामा ब्यूरो



- रामलीला मैदान परिसर में आयोजित हुई गोष्ठी
- पदाधिकारी ने संगठन के सभी सदस्यों का जारी किया आईकार्ड प्रमाण पत्र

**सोनभद्र।** रामलीला मैदान राबर्टसगंग में सोनभद्र वेडिंग व्यावसायिक संगठन का गठन शनिवार को किया गया। वही इस कार्यक्रम में जिले भर से आए हुए टेन्ट, लाइट, फ्लावर, फोटोग्राफी, डी. जे. हलवाई सभी लोग जो इस व्यवसाय से जुड़े है उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से रमेश सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया गया।

महामंत्री पद पर गिरीश ओझा व कोषाध्यक्ष काग्रेश पटेल को बनाया गया संरक्षक पद पर संतोष सिंह पटेल, बुधिराम सिंह पूरे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश टेट व्यवासायी के प्रदेश महामंत्री अभिशेष वर्मा ने वहां मौजूद लोगों को बताया कि आप लोगों के चुने हुए प्रत्याशियों को संगठन की जिम्मेदारी दी गई है जो अपने संगठन को मजबूत करते हुए जिले भर के विभिन्न संगठनों को एकत्रित करके एक संगठन तैयार करें जिससे कि किसी भी रूप में कोई संकट या समस्या उत्पन्न होता है तो एक साथ मिलकर उसका सामना हम सभी कर सकें वहीं मुख्य अतिथि ने बताया कि आप लोगों के पहचान पत्र के लिए संगठन ने एक पहचान आईडी जारी किया है और एक प्रमाण पत्र जिससे आप लोगों की सुरक्षा और पहचान दोनों समाज में एक नए तरीके से मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित होगी। संगठन के संरक्षक संतोष सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि नए पदाधिकारी को हृदय से आभार व्यक्त करते हुए संगठन को एक नई दिशा में मजबूत करने व उनके लिए हमेशा खड़े रहने के लिए शुभकामनाएं आप लोग एकत्रित होकर एक मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य करें जिले में वही वाराणसी टेंट व्यवसायी एसोसिएसन के पदाधिकारी जितेन्द्र गुप्त, मनोज रावत, अनिल मौर्या, संजीवलाल मौर्या आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से आसिफ वारसी, विनयकुमार, अधिदेशकरण, बच्चा अग्रहरी, अशोक कुमार, केशरी , बंटी, संतोष गुप्त, रामचंद्र वीरेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रशासनिक न्यायाधीश ने स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद उच्च नयायालय के न्यायमूर्ति व जनपद के प्रशासनिक न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जौहरी ने शिरकत की। उन्होने जनपद न्यायालय में स्थापित स्वास्थ्य केंद्र के शिलापट्ट से पर्दा हटाकर उद्घाटन किया। उधर राष्ट्रीय लोक अदालत में तमाम वादों का निस्तारण किया गया।

प्रातः लगभग साढ़े नौ बजे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति व जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जौहरी, जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा के अलावा कई न्यायाधीश ने स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह भी समारोह में पहुंचे। जनपद न्यायाधीश ने बुके भेंटकर प्रशासनिक न्यायमूर्ति का स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने स्वास्थ्य केंद्र के शिलापट्ट का पर्दा हटाकर उद्घाटन किया। इसके बाद राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रशासनिक न्यायाधीश व जनपद न्यायाधीश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर तमाम वादों का निस्तारण किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने आहवान किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो0 अहमद खान, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नित्या पाण्डेय के अलावा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानीलाल के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी मौजूद रहे।

# बाल निकेतन स्कूल में बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी पर्व



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** शहर के इंदिरा राजन बाल निकेतन स्कूल में बच्चों ने जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर बच्चों को राधा और कृष्ण की पोशोक में सजाया संवारा गया था। झांकियों का दर्शन करते हुए दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भी बखान किया गया। भगवान श्रीकृष्ण और राधा की पोशाकों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। रह-रहकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा का जयघोष गुंजायमान होता रहा। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय मे शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान बच्चों को राधा-कृष्ण की पोशाकों में सजाया गया था। भगवान की झांकी देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग तालियां बजा उठे। म्यूजिक की धुन पर बच्चों ने नृत्य किया। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, आदि गीतों पर बच्चे थिरकते रहे। कार्यक्रम समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रिंसिपल किरन द्विवेदी, भावना, पूनम, आभा, आरती, नमृता, गुड़िया, नीतू, अनुपम आदि मौजूद रहे। विद्यालय की प्रिंसिपल ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व के मौके पर प्रतिवर्ष विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा झांकियां भी प्रदर्शित की जाती हैं।

# बारिश में छतरी लगाकर गौशाला पहुंची डीएम, निरीक्षण में व्यवस्थाएं रहीं दुरूस्त

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जिले में इन दिनों लगातार बारिश हो रही है ऐसे में जहां लोगों के कामकाज पर असर पड़ा है वहीं मार्गों पर भी पहले जैसी भीड़ नजर नहीं आ रही है। बारिश के चलते सभी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है इसके बावजूद जिलाधिकारी के हौसले को सभी को सलाम करना चाहिए। बारिश में भी वह अपने काम से पीछे नहीं है।

बारिश के बीच जिलाधिकारी श्रुति अपने काफिले के साथ बहुआ ब्लाक के अयाह स्थित गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंची। वाहन से उतरने के बाद उन्होने बारिश से बचने के लिए छतरी का इस्तेमाल किया और निरीक्षण शुरू किया। बारीकी से उन्होने गौशाला की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने गौशाला में साफ-सफाई ठीक पाई। उन्होने जिम्मेदारों से सवाल किया कि यहां कितने गौवंश है तो जवाब में मिला कि मैडम 404 गौवंश यहां रह रहे हैं। डीएम ने गौवंशों के लिए हरा चारा, भूसा, पशु आहार के बाबत भी पूछा तो बताया गया कि खाने की सभी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। डीएम को निरीक्षण में शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग भी मिली। डीएम ने जिम्मेदारों से कहा कि बारिश का समय चल रहा है इसलिए गौशाला में जलभराव की स्थिति पैदा न हो इसके लिए आवश्यक इंतजाम कर लिये जायें। उन्होने कहा कि साफ-सफाई नियमित बनाये रखें। जिससे गौवंशों के बीच संक्रामक बीमारियां न फैल सकें। उन्होने गौशाला की लगातार निगरानी बनाये रखने की भी हिदायत दी। उन्होने कहा कि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला बिंदु है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि लापरवाही की शिकायत सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, नायब तहसीलदार सदर, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी बहुआ डा. धर्मेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत ग्राम प्रधान अयाह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## 1008 त्यागी जी महाराज के दर्शन को उमड़े भक्त

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जमालपुर में चल रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा में शनिवार को श्रीश्री 1008 त्यागी जी महाराज का आगमन हुआ। उनके दर्शन को बड़ी संख्या में भक्तों ने शिरकत की। उन्होने सभी को आशीर्वाद दिया।

श्रीमद भागवत महापुराण कथा में साहित्य रत्न भार्गव जी महाराज ने श्री कृष्ण लीला के बारे में बिस्तार से बताया कि द्वापरयुग में कैसे कंस ने कृष्ण को मारने के लिए अनेक उपाय किये लेकिन अधर्म के समक्ष धर्म की विजय हुई। कथा सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गये। कार्यक्रम में परीक्षित देवरती व यजमान राजकुमार साहू, बबली साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य व अनीता साहू पूर्व ब्लाक प्रमुख तेलियानी, राजू साहू, संदीप, राजकुमारी, विजय, डा आयूषी, डा. धीरेन्द्र लाल सिंह, दिनेश, रजनी मौर्या, शुभी, साक्षी, डा. राकेश साहू, संदीप तिवारी, राधा, उदित नारायण पाण्डेय सहित तमाम लोग रहे।

# दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किये गए स्व हुकुम सिंह

अवधनामा संवाददाता



**मसौली बाराबंकी।** समाजवादी नेता व समाजसेवी हुकूमसिंह यादव की दूसरी पुण्य तिथि पर सपा नेताओं व समाजसेवियों ने कस्बा सफदरगंज स्थित समर्पण स्थल श्यामनगर मे ज्ञानसिंह के आवास पर पहुंचकर उन्हें याद किया और श्रृद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किया गया।

खांटी समाजवादी नेता स्व0 श्यामलाल यादव के पुत्र समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हुकूमसिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर श्रृद्धांजलि सभा संपन्न हुई। पूर्वमंत्री अरविन्द सिंह गोप ने हरदिल अजीज सपा नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हुकूमसिंह यादव संघर्षो के बीच जन्मे हुए नेता थे जिन्होंने अपना जीवन जनता की सेवा में अर्पित कर दिया आज हुकूमसिंह यादव हम सब के बीच नही है फिर भी उनकी यादे एव सेवाभाव जीवंत है।

सपा विधायक गौरव रावत ने दिवंगत सपा नेता हुकूमसिंह यादव को श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए कहा कि हुकूमसिंह यादव का व्यक्तित्व धनी था जिन्होंने अपने व्यवहार एव विचारधारा से लोगो को जोड़ने का काम किया उनकी कमी हम सभी लोगो के लिए दुःख दायी है।

हुकूमसिंह यादव के छोटे भाई ज्ञानसिंह यादव ने कहा कि वह काफी मिलनसार और सर्वदलों में अपनी पैठ रखते थे। उनके व्यक्तित्व का ही असर था कि कोई उनका विरोधी नहीं था। क्षेत्र के सपा नेताओं, समाजसेवियों सहित उनके करीबियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की। इस मौके पर पंकज शर्मा, चंद्रशेखर यादव, प्रधान रामभजन, जयपाल, रमापति यादव, अशोक सिंह, रंजीत वर्मा, शिवकुमार यादव, प्रदीप यादव, हरिवंश यादव, ब्रजकिशोर, प्रदीप वर्मा, विकास यादव, शैलेन्द्र कुमार ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## बीमारी से तंग आकर व्यक्ति ने फांसी लगा दी जान

**बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर से दूर पेड़ से बंधे फंदे में लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आत्महत्या का कारण लम्बे समय से चली आ रही बीमारी बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार यह घटना घुंघटेर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विषनाखेड़ा मजरे खुज्झी में हुई। गांव से करीब 500 मीटर दूरी पर ईश्वरदीन पुत्र मथुरा के खेत में स्थित नीम के पेड़ के सहारे एक शव लटका देखा गया। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र मथुरा उम्र 40 वर्ष के रूप में की। नजारा देखकर परिजनों में रोना पिटना मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका है कि श्रीराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि मृतक कुछ दिनों से अपनी बीमारी को लेकर तनाव में था।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान में भाजपाइयों ने ताकत झोंकी

**ग्रामीणों की जबर्दस्त सहभागिता से अभियान को लगे पंख**

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर घर मिट्टी एकत्रीकरण का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को हुई झमाझम बारिश के बावजूद भाजपाईयों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान को गति प्रदान की। अमृत कलश में अपने घर की मिट्टी दान करने के लिए ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतीय की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पंच प्रण की शपथ भी दिलाई गई। खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने दरियाबाद विधानसभा के जेठौती राजपूतान में कहा कि ग्रामीणों के घर की पवित्र मिट्टी व अक्षत देश की राजधानी में बनने वाले अमृत वन में प्रयुक्त होगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वालों को अमृत काल में वंदन करने एवम देश की माटी को नमन करने का अनूठा मौका प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक भारतीय को इस अभियान के जरिए प्रदान किया है। जिला प्रशासन अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने रामनगर विधानसभा के जोल्हामऊ गांव में मिट्टी एकत्रित की एवम शिला लेख के सम्मुख पंच प्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कमलेश शुक्ला, अलका मिश्रा, संजय तिवारी, पप्पू वर्मा, पवन सिंह रिंकू, प्रदीप द्विवेदी, महेश गुप्ता रिंकू सिंह देशराज सिंह, तीरथ रावत अजीत वर्मा, राम आशीष, राहुल वर्मा, लवलेश, बृजेश वर्मा, संदीप त्रिपाठी, सुधांशु मिश्रा, आशीष सोनी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन, सुनी फरियाद



**बाराबंकी।** जिले भर के थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आए हुए फरियादियों की बात सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ कोठी थाना परिसर में उपस्थिति दर्ज कराई। यहां पर अपनी शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के सामने अपनी शिकायत रखी। जिनकी सुनवाई करते हुए डीएम व एसपी ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सर्वाधिक शिकायतें पुलिस व राजस्व विभाग से सम्बंधित रहीं। इसी तरह अन्य थानों में भी यह आयोजन सम्पन्न हुआ।

# सीएचसी प्रभारी ने दर्ज करवाई जानलेवा हमले की रिपोर्ट

अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** गोल्डेन कार्ड बनवाने मे सहायक समीक्षा अधिकारी को दिये गये निर्देश के बाद सीएचसी अधीक्षक एव् समीक्षा अधिकारी के बीच उपजा विवाद पुलिस तक पहुंच गया सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने थाना मसौली मे सहायक समीक्षा अधिकारी साधु शरण चौधरी पर जान से मारने का प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है। उल्लेखनीय हो कि विगत महीने जिलाधिकारी अभिनाश सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे सीएचसी बड़ागांव मे गोल्डेन कार्ड की प्रगति ठीक न होने पर सीएचसी अधीक्षक डा0 संजीव कुमार को लगी फटकार के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने सहायक समीक्षा अधिकारी साधूशरण चौधरी सहित एचईओ, एआरओ, बीपीएम, बीसीपीएम को निर्देशित करते हुए गोल्डेन कार्ड बनवाने मे सहयोग की अपील की। जिसमे समीक्षा अधिकारी साधूशरण चौधरी को इतना नागवार गुजरा कि सीएचसी से बातचीत करना बंद कर दिया और कोई भी कार्य करने को कहने पर स्पष्ट रूप से मना कर इंकार कर देना तथा अस्पताल परिसर में ऊंची आवाज़ में चिल्लाना और बार बार देख लेने की धमकियां देना यह सब पिछले कई दिनों से लगातार चल रहा था। 4 सितंबर को सीएचसी अधीक्षक डा0 संजीव कुमार अपने कक्ष से निकल कर आवास पर खाना खाने जा रहे थे तभी पहले से ही अपनी गाडी मे बैठे सहायक समीक्षा अधिकारी एस एस चौधरी ने तेज गति से गाडी चलाकर डा0 को टककर मारने की कोशिश की किसी तरह जान बचाकर भागे डा0 संजीव कुमार कमरे मे घुस गये तो आवास के सामने खड़ी उनकी गाडी मे टककर मार दी जिससे सीएचसी अधीक्षक की गाडी क्षतिग्रस्त हो गयी। सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर मसौली पुलिस ने धारा 279 व 427 का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# श्री राम इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कार्य लगभग पूर्ण

**एयरपोर्ट के फेज-वन के रनवे का कार्य भी शत प्रतिशत पूर्ण है: डीएम**

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** पीएम मोदी व सीएम योगी का संकल्प राम नगरी का हो कायाकल्प इस विश्वास से अयोध्या में दिन प्रतिदिन बदलाव देखने को मिल रहा है आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को ढेर सारी सुविधाएं मिले इसके लिए केंद्र सरकार के साथ योगी सरकार भी प्रयासरत है जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या का निरीक्षण कर एयरपोर्ट पर चल रहे विभिन्न कार्यो की प्रगति का जायजा लिया तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों को आवश्यक दिशाङ्कनिर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यो को तीन फेजों में किया जाना है इस हेतु परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी के साथ ही एयरपोर्ट के फेज-वन के रनवे का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण है,नाइट लैंडिंग व कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग हेतु कैट-वन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एटीसी टॉवर का भी शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के संचालन हेतु आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है।

### टर्मिनल बिल्डिंग का 78 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट द्वारा एयरपोर्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथ, मार्कर, डी.एम.ई. आदि का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवम् निर्माणाधीन एप्रेन आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि टर्मिनल बिल्डिंग का 78 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्यों को तीव्र गति से रोजाना दो शिफ्टो में कराया जा रहा है। इसी के साथ ही उन्होंने बताया कि एक एप्रेन चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा के कार्य को तेजी से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी शिफ्टों में अधिक से अधिक मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर समस्त कार्यों को तीव्र गति से कराने तथा समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट परिचालन के सभी मानको को पूरा करते हुए इसी कैलेंडर वर्ष में एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिये जाने की योजना है।

## दो और चिकित्सा अधीक्षकों की छीनी गई कुर्सी

**अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन व सोहावल के अधीक्षकों को उनके पदों से हटाने के बाद अब सीएमओ डा संजय जैन ने मिल्कीपुर व खंडासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों पर भी बड़ी कार्रवाई करते हुए उनका अधीक्षक का पद छीन लिया है। मिल्कीपुर पर 13 वर्ष से एक ही स्थान पर जमे रह डॉक्टर एहसान हसन वसी किदवई पर सीएमओ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनको अधीक्षक पद से हटा दिया है। उनका स्थानांतरण सीएससी खंडासा पर कर दिया गया है।

सीएचसी मिल्कीपुर पर ही रहे डॉक्टर प्रदीप कुमार को अब मिल्कीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया अधीक्षक बनाया है। इसी प्रकार सीएससी खंडासा पर चिकित्सा अधीक्षक रहे डॉक्टर आनंद सिन्हा को भी हटाकर उनके स्थान पर डॉक्टर आकाश मोहन को नया अधीक्षक बनाया गया है। बताते चलें कि सीएससी मिल्कीपुर पर डॉक्टर एहसान हसन वसी लगभग 13 साल से लगातार अधीक्षक के पद पर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता की पिटाई कर ससुराल से भगाया, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर बाराबंकी।** दहेज की मांग न पूरी होने पर शराबी पति ने परिजनों के साथ मिलकर विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी और ससुराल से भगा दिया। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर पोस्ट गुड़ौली के रहने वाले कमलेश कुमार की पत्नी पल्लवी ने बताया कि उसके पति आये दिन शराब पीकर उसे और बच्चो को मारते पीटते है। 3 सितम्बर की रात को पति कमलेश शराब पीकर घर आये और अभद्रता करते हुए लाठी डण्डों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देने लगे। उसने मायके फोन करके अपने भाई को बुलवाया तो पति कमलेश ससुर सन्तराम व जेठ राकेश ने मार पीट कर उसे घर से निकाल दिया व धमकी दी कि जान से मार दिया जाएगा।

### इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के पदाधिकारी व सदस्यों ने की बैठक, बैठक में पीयूष सिंह राजन ने बताया कि विकास खंड मया बाजार में तैनात खंड विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यो के लिए सरकार द्वारा धन का दुरुप्रयोग, बन्दरबाट, तमाम प्रकार की अनियमताएँ किया है जिसकी खबर मेरे द्वारा लिखी गई अनियमित उजागर करने पर अब अधिकारी द्वारा हमको परेशान किया जा रहा है ।इसके संबंध में संगठन ने एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक को सौंपा। इस मौके पर जय प्रकाश गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव प्रदेश सचिव, राजेन्द्र दूबे संगठन मंत्री अशोक कुमार तिवारी ,संदीप तिवारी जिला सलाहकार अरुण कुमार तिवारी अखिलेश पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय,अजय कुमार श्रीवास्तव अज्जू ,अभिषेक पांडेय, आशु श्रीवास्तव, लव कुमार पांडेय एडवोकेट ,रूपेश श्रीवास्तव, रवि मौर्य, मो खालिद , सतीश तिवारी, अखिलेश पांडेय ,राजकुमार पांडेय ,सुधाकर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया बहिष्कार



**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवं केन्द्रीय संघर्ष समिति हाईकोर्ट बैंच के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत का बहिष्कार किया, जिस कारण वादकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश एवं केंद्रीय संघर्ष समिति हाई कोर्ट बैंच के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय लोक अदालत का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया। बहिष्कार में पूर्ण रूप से सहयोग कर रहे सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन का कोई भी सदस्य लोक अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। लोक अदालत का बहिष्कार पूर्ण रूप से सफल रहा। लोक अदालत के बहिष्कार करने वालों मुख्य रूप से अध्यक्ष अरविंद शर्मा, महासचिव महताब अली, अमरीश पुंडीर, राजेंद्र सिंह चौहान, अभय सैनी, सत्यपाल सैनी, शीशपाल पुंडीर, चौधरी रणधीर सिंह, जमाल साबरी, आजम, विमल, सुंदर, फैसल, खालिद आदि अधिवक्ता प्रमुख रहे।

### बच्चों को चरित्रवान व संस्कारवान बनने को किया प्रेरित

**सहारनपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष में ज्ञानदीप समाज कल्याण युवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया और बच्चों को चरित्रवान व संस्कार बनने को प्रेरित किया।

एमजीएम स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य सौरभ सिंघल और वरिष्ठ अध्यापक कमल किशोर ने संयुक्त रूप से किया।

## दल-बदलू नेता है इमरान मसूदः डॉ. याशमीन

**सहारनपुर।** कांग्रेस पार्टी से अल्पसंख्यक मोर्चे की जिला अध्यक्ष डॉ याशमीन राव ने इमरान मसूद पर तंज कसते हुए कहा कि इमरान मसूद कभी किसी पार्टी का सगा नहीं हुआ। इमरान मसूद ने हमेशा सभी राजनितिक पार्टी को अपने फ़ायदे के लिए छोड़ने का काम किया है लेकिन बसपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसने खुद इमरान मसूद को पार्टी से बाहर रास्ता दिखाने का काम किया है, जिसके बाद आज दोबारा फ़िर से इमरान मसूद ने कांग्रेस पार्टी मे आने के लिए सेंध लगानी शुरू कर दी है, लेकिन अब इमरान मसूद का पुनः कांग्रेस में लौटना संभव नहीं है। क्योंकि इमरान मसूद की छवि दलबदलू वाली सभी के सामने साफ हो गई है। इमरान मसूद वो नेता है जो अपने फ़ायदे के लिए किसी को भी छोड़ देने का काम करता है। पठान अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री सोनू पठान ने लोक सभा चुनाव को लेकर कहा कि राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी द्वारा दलितों और मुस्लिमो को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाया जा रहा है और इस बार दलित मुस्लिमो का समर्थन मिल रहा है।

# एसएएम इंटर कॉलेज में हाथ धुलाई दिवस मनाया

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** एसएएम इंटर कॉलेज में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज हाथ धुलाई दिवस मनाया गया और बच्चों को हाथ धोने के लाभ के संबंध में जागरूक किया गया।

कॉलेज में 8वें स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज हाथ धुलाई दिवस मनाया गया, जिसके अन्तर्गत प्रार्थना सभा के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को व्यायाम शिक्षक सुबोध पुंडीर ने खाने के समय व बाद में हाथ धोने की प्रवृत्ति को अपनाने की अपील की। साथ ही हाथ धोने की विधि से भी अवगत कराया गया तथा इसका प्रचार अपने आस-पास के लोगो मे भी करने के लिए प्रेरित किया गया। पानी के दुरुपयोग को रोकने के बारे मे भी छात्र-छात्राओ को हरसंभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी दौरान छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि पानी का निकास यथासंभव बगीचे की ओर किया जाना ही समुचित होता है इसलिए ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। कालेज प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी को व्यक्तिगत स्वच्छ्ता पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से स्वयं भी हाथ धोने चाहिए व आस-पास के लोगो को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि हाथ व मुँह की स्वच्छता बनी रहे तथा संबंधित बीमारी से बचाव हो सके। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार काकरान, ब्रिजेश पुंडीर, नवीन गुलाटी, रामवीर सिंह, महेंद्र पाल, सुनील सिंह, दिलीप त्रिपाठी, सुनील अरोड़ा, अनिल शर्मा सहित समस्त छात्र-छात्राए मौजूद रहे।

# दो दर्जन वार्डों में चला एंटी लार्वा छिड़काव व विशेष सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता



**एनाउंसमेंट कर संक्रामक रोगों के प्रति भी किया गया जागरुक**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए आज शहर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई और एंटी लार्वा छिड़काव का अभियान चलाया गया और एनाउंसमेंट कर लोगों को घरों व अपने आस पास जल भराव न होने देने की अपील की गयी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक नगरायुक्त द्वारा स्वयं भी अनेक वार्डो में स्वयं माइक से एनाउंसमेंट कर लोगों से सहयोग की अपील की गयी। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर आज नगर निगम द्वारा शहर के करीब दो दर्जन वार्डो में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान चलाते हुए एंटी लार्वा छिड़काव किया गया। सफाई निरीक्षकों व सफाई नायकों के अलावा नगर स्वास्थय अधिकारी अशोक प्रिय गौतम ने स्वयं माइक से एनाउंसमेंट कर लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी देते हुए अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों के अलावा अपने आस पास जलभराव न होने देने के लिए जागरुक किया। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जन सहयोग से ही संक्रामक रोगों की रोकथाम की जा सकती है। सहायक नगरायुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी अशोक प्रिय गौतम ने बताया कि आज शहर के दो दर्जन वार्डो में जेडएसओ राजीव, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल की देख रेख में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए एंटी लार्वा छिड़काव किया कराया गया है। यह अभियान अभी लगातार चलेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लोगों को संक्रामक रोगों के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज वार्ड 25 गणेश विहार, वार्ड 31 मानकमऊ, वार्ड 25 कोरी माजरा, वार्ड 26 प्रकाशलोक कॉलोनी, वार्ड 39 इंद्रलोक, वार्ड 13 चकहरेटी, वार्ड 42 नुमाइश कैंप व पृथ्वी विहार, वार्ड 25 अंकित विहार, वार्ड 8 ज्ञानागढ़, वार्ड 57 शहादत की चुंगी थाना मण्डी, वार्ड 66 नदीम कॉलोनी, वार्ड 68 आली का मौहल्ला, वार्ड 66 एकता कॉलोनी, वार्ड 64 पीरवाली गली, वार्ड 8 रसूलपुर, वार्ड 30-36 इनाम कॉलोनी, वार्ड 36 खाता खेड़ी, वार्ड 27 हनुमान नगर, वार्ड 46 हुसैन बस्ती, वार्ड 30 मदनपुरी, वार्ड 57 सराय मरदान अली, वार्ड 61 गोटेशाह की चुंगी, वार्ड 67 में बासठ फुटा रोड कोलागढ़, वार्ड 06 हबीबगढ़ के अलावा प्रकाशलोक व अनेक सरकारी कार्यालयों के परिसर में भी एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया है।

# नशे के विरुद्ध चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की बैठक जूम के माध्यम से संबंधित विभागों के साथ संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने पिछली बैठक के कार्यवृत्ति के अनुपालन के विषय में जानकारी ली और निर्देश दिया की सभी विद्यालयों में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाए साथ ही स्कूली बच्चों के सहयोग से आमजन को भी नशे के विरुद्ध जागरूक किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने सोमवार को सभी कार्यालयों व विद्यालयों मेंनशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला आयुर्वेद अधिकारी को नशीली दावों के विरुद्ध जनपद में चल रही कार्यवाही के विषय में नियमित डाटा फीडिंग का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने सीमा सुरक्षा बल से सीमा क्षेत्र में नशीली दावों के विरुद्ध की जा रही है कार्यवाही की जानकारी ली और निर्देशित किया कि जो मामले पकड़ में आ रहे हैं उनमें कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग सुनिश्चित करे कि जो मामले उनको हस्तांतरित हो रहे हैं, उनमें की गई कार्यवाही की सूचना और एनकॉर्ड से जुड़े सभी विभागों को उपलब्ध कराया जाए। अपर जिलाधिकारी ने नौतनवा और निचलौल में सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राजस्व व औषधि विभाग की टीम बनाकर प्रवर्तन की कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए बेहद घातक है। आवश्यक है कि नशे के कारोबार में लगे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के साथ ही समाज मे भी इसके प्रति जागरूकता पैदा की जाए। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि जनपद में नशे के विरुद्ध अभियान प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शंकरलाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छुट्टी में घर आए एसएसबी जवान का आक्समिक निधन

**फरेन्दा (महराजगंज)।** फरेन्दा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नं 4 गनेशपुर निवासी जवान की आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

किसान परिवार के 33 वर्षीय सुनील कुमार यादव पुत्र चंद्रिका यादव असम में 15 वीं बटालियन में कार्यरत थे। जो छुट्टी पर घर आए हुए थे । तबियत खराब होने पर परिजन इनका इलाज कराने गोरखपुर ले गए थे । जहाँ जवान की स्थित गंभीर देख चिकित्सकों ने पीजीआई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया । लखनऊ ले जाते समय जवान की रास्ते में ही देहांत हो गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक जवान के पिता चंद्रिका किसान है । जवान के परिवार में पत्नी सहित तीन बच्चे जिनमें 12 वर्षीय बड़ी लड़की , 10 वर्षीय एक पुत्र व 5 वर्षीय छोटी लड़की है। इस घटना से स्थानीय कस्बे में मातम पसरा गया। स्थानीय लोगों द्वारा नम आँखों से मृतक जवान को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# समाधान दिवस पर अधिकारीयों ने सुनी पीड़ितों की समस्या

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने शनिवार को सदर कोतवाली में फरियादियों को सुना। इस दौरान कुल 42 मामले आय जिसमे से 9 मामले का मौके पर ही निस्तारण हो गया।

जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसको सुनकर उनका मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े तथा प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

# सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के आयोजन समिति बीकापुर ब्लाक की हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के आयोजन समिति बीकापुर ब्लाक की बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितम्बर से 10 अक्टूबर के बीच किया जायेगा।

ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में दौरान निबंध लेखन, पेटिंग, बाल संसद का गठन, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। हर छात्र. के भीतर किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभा होती है। आवश्यकता है उसमें निखार लाने की। प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस आयोजन के माध्यम से बेहतर मंच प्रदान किया जायेगा। हमें स्कूलों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता के लिए करना है।

आयोजन समिति सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक व सामर्थ्य के साथ निवार्हन करें। इस अवसर पर अयोजन समिति के अध्यक्ष अवधेश तिवारी, राममूर्ति वर्मा, सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रभाकर सिंह, रामचन्दर निषाद, अमर बहादुर चौरसिया, मोनू कसौधन, राजेश वर्मा, राजनारायण, राकेश यादव, उदयभान पाण्डेय, विजयपाल सिंह, निरंकार उपाध्याय मौजूद रहे।

## अंशुमान महाराज ने संगीतमयी कथा का किया वर्णन



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आर.बी.एन.ट्रस्ट लखनऊ के चेयरमैन ऐव समाज सुधारक रामबचन यादव के नेतृत्व मे उनके पैतृक गांव वर्गी निजामपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दो दिवसीय त्यौहार पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उज्जैन महाकाल मंदिर से आये प्रसिद्ध संत अंशुमान महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का संगीतमयी कथा के द्वारा वर्णन किया। संगीतमय कथा को श्रवण कर भगवान श्री कृष्ण की 16 कलाओं का भक्त गण ने आनंद लिया। कथा श्रवण कर क्षेत्र के भक्तगण भाव विभोर हो गए एवं भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की सुंदर छवि को हृदय में धारण कर धर्म के मार्ग पर चलकर समाज को भगवान की बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## बुलेरो गाड़ी जानवर बचाने के चक्कर में पलटी



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर विक्रमजोत टैक्सी स्टैंड पर शनिवार को सुबह लखनऊ से बिहार जा रही बुलेरो गाड़ी जानवर बचाने के चक्कर में पलट गई जिससे गाड़ी में सवार कुछ लोगों को हल्की फुल्की चोंटे आई मौके पर पहुची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत पहुंचाया। जहाँ से इलाज के बाद डाक्टरों ने उपचार के बाद घर भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार पुत्र नंदकिशोर माझी ग्राम पाकुड़ कोठी जिला सिवान बिहार, वकील प्रसाद पुत्र लाल बाबू ग्राम रसूलपुर बिनवा थाना हुसैनगंज जिला सिवान मुमताज पुत्र आस मोहम्मद ग्राम सिकंदरपुर जिला सिवान, शंभू चौरसिया पुत्र पारस चौरसिया ग्राम बालिकरार जिला सिवान बिहार। इन लोगों को मामूली चोट आई है। दुबई से ये लोग आ रहे थे बिहार जाने के लिए बोलोरो गाड़ी संख्या बीआर 28 एल 6980 लखनऊ से बुक करके बिहार जा रहे थे कि अभी विक्रमजोत टैक्सी स्टैंड के पास पहुंचे ही थे कि अचानक आगे छुट्टा जानवर आ गया जिसे बचाने के चक्कर में बुलेरो गाड़ी पलट गई।

## सभी थानों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के सभी थानों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के निर्देश पर जिले समस्त थानों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है वहीं संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर थाना गोल्हौरा में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी बरमेश्वर उपाध्याय और थाना अध्यक्ष बलजीत राव ने लोगों की समस्याएं सुनीं। दोनों अधिकारियों के सामने थाने में 2 मामले प्राप्त हुए। एक मामले को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। थाना गोल्हौरा में चकबंदी अधिकारी बरमेश्वर उपाध्याय ने राजस्व कर्मियों को चेताया कि जमीन से संबंधित विवाद के निपटारे में शिथिलता न बरतें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान एस आई गुड्डू प्रसाद, लीला यादव राजाराम राजस्व निरिक्षक विवेक राय सहित लेखपाल सुनिल आर्या, सर्वेश कुमार, अजय कुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।

## एल.डी. पब्लिक स्कूल पेड़ारी बुजुर्ग को शासन द्वारा मान्यता मिलने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे पूर्व से संचालित लीलावती देवी महिला पी जी कॉलेज पेंडारी बुजुर्ग सिद्धार्थनगर के प्रबंधक डॉ वेद प्रकाश पाण्डेय ने इस सन्दर्भ में बताया कि शासन से एल.डी. पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज को मान्यता प्राप्त हुई अब इस क्षेत्र के बच्चे अच्छी शिक्षा ले सकेंगे और अब उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा, विद्यालय को मान्यता मिलने पर विद्यालय के संस्थापक बालकृष्ण पांडेय को शिक्षक विधायक ध्रुवकुमार त्रिपाठी ने बधाई दिया हैं, साथ ही साथ खेसरहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशभान राय, जय प्रकाश राय,रविंद्र दूबे, गणेश राय, मधुबन पाण्डेय, लालजी पाण्डेय,घनश्याम पाण्डेय विजय मिश्र, अमित पाण्डेय, अजीत मिश्र, मीनक पाण्डेय, बबलू मिश्रा, शैलेश सिंह, अखिलेश कुमार पाण्डेय, डॉ सत्य प्रकाश पाण्डेय, आशीष शुक्ल, विमल, शीतल, डॉ अनुपमा पाण्डेय, अरविन्द राय, अनिल त्रिपाठी, ओमकार पाण्डेय, सलिल त्रिपाठी एवं क्षेत्र के तमाम लोगो ने बधाई देते हुए कहा इस क्षेत्र मे इंटर तक अंग्रेजी माध्यम मे एक अच्छे कॉलेज की जरूरत थी जो अब यहां के बच्चे इस ग्रामीण क्षेत्र से प्राप्त कर आई आई टी सी पी एम टी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ मे शामिल होकर अपने उदेश्य को पूरा कर सकेंगे।

## हिन्दू युवा वाहिनी ने उदय निधि का फूंका पुतला



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के लड़के उदय निधि के द्वारा हिन्दू सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने तामिलनाडु सरकार को बर्खास्त करने की मांग करते हुए आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर शनिवार को लोटन मुख्य चौराहे पर उदय निधि का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया और कहा की उदय निधि ने गलत बयान देकर पुरे हिन्दू समाज को अपमानित किया है इनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए और इन्को सजा मिलनी चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति इस तरह गलत बयान देने से बचे। अजय सिंह, बब्लू पाण्डेय, शिवा सिंह, संदीप जयसवाल, सुनील जयसवाल, ऋषि जयसवाल, निक्की सिंह, प्रेम कुमार कसौधन, सुनील गुप्ता, मोनू मिश्रा, गादर खान, श्याम नन्दन, प्रदीप कुमार, पंकज मिश्रा, अजय पाण्डेय, अजय मिश्रा, इस दौरान कोतवाली प्रभारी सुरक्षा के दृष्ट से मय फोर्स के साथ मौके रहे ताकी कोई व्यक्ति बवाल न कर सके।

## बुद्धिस्ट राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ने किया प्रदर्शन

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत आज भारत बन्द का आंदोलन राम अरज भारती प्रभारी बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क टांडा एवं सतीराम वर्मा प्रभारी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा टांडा के नेतृत्व में किया गया। इस आंदोलन के अंतर्गत टांडा अलीगंज स्थित सालारगढ़ मैदान से मोर्चा के कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में हाथों में तख्ती एवं झंडा लेकर के नारेबाजी करते हुए रोडवेज होते हुए तहसील मुख्यालय की तरफ से आगे नेहरू नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर अपना रैली प्रदर्शन समाप्त किया। आपको बताते चलें कि उक्त संगठ्नों ने काशी मथुरा बौद्ध स्थल है इससे विदेशी ब्राह्मणों का कब्जा हटाया जाए, सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 84000 बौद्ध स्तूपों पर विदेशी ब्राह्मणों का कब्जा हटाने सहित कुल 9 बिंदुओं की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

# समस्या तो भरमार है विद्यालय पर शिक्षक नहीं भाजपा सरकार है

अवधनामा संवाददाता





**बांसी सिद्धार्थनगर।** समस्या तो भरमार है विद्यालय पर शिक्षक नहीं भाजपा सरकार है, यह कहावत

> देवेन्द्र कुमार पांडेय बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर ने इस संबंध पर कहा कि सोमवार को इस विद्यालय की जांच करवाई की जायेगी।

चरित्रार्थ करता है शनिवार को 11.28 बजे विकास खण्ड बांसी के प्राथमिक विद्यालय अतरमू में पहुचाने पर पडताल के दौरान पता चला कि बिना शिक्षक उपस्थित रहे 50 छात्र छात्रा की संख्या में बच्चे विद्यालय पर मौजूद हैं।

उत्तर प्रदेश की योगी व देश की मोदी सरकार द्वारा आपरेशन कायाकल्प के तहत तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा कर बच्चों की संख्या और प्राथमिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा वहीं कुछ ऐसे भी शिक्षक है जो सरकार की मंशा और व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। बता दें कि प्राथमिक विद्यालय अतरमू में शिक्षक नहीं रहते लेकिन बच्चे उपस्थित रहते हैं। भगवान भरोसे पढ़ने आये बच्चों के लिए न ही माध्याह्न भोजन की व्यवस्था न ही खाने व पीने के पानी की और न ही पढ़ाने वाले शिक्षकों की उपस्थिती रहें बच्चें स्कूल आये और समय के साथ घर चले जाएंगे ऐसे में बड़ा सवाल है कि किसी शिक्षक या अन्य जिम्मेदार के न होने से नन्ने मुन्हें नव निहालों का भविष्य खतरे मे नजर आ रहा है जहाँ समस्या की भरमार वही विद्यालय पर शिक्षक नहीं यही है

> छात्र-छात्राओं के साथ कोई अनहोनी होने पर कौन होगा जिम्मेदार

भाजपा सरकार ऐ कहावत चरित्र करता है बांसी ब्लॉक संसाधन केंद्र अंतर्गत अतरमू विद्यालय का है जहां छात्र तो है पर शिक्षक नहीं कैसे होगी पढ़ाई जनपद सिद्धार्थ नगर बुद्ध की धरती कहीं जाने वाली तमाम नेता भाषणों में कहते हैं कि यह बुद्ध की धरती है यहां बुद्धि और विवेक का विकास होता है क्या बिना शिक्षकों का या संभव है जब बुनियादी शिक्षा ही कमजोरी रही तो देश का विकास और लोगों का विकास कैसे होगा। उपस्थित बच्चों के साथ अगर कोई अनहोनी घट जाए तो जिम्मेदार कौन होगा यह सोचने वाली बात है जब जिम्मेदार नदारद है। वहीं जूनियर विद्यालय इचार्ज क्षमा शुक्ला और सहायक अध्यापक रणजय सिह उपस्थित रहे। जहां 5 क्षिक्षकों की तैनात है मौके पर दो लोग उपस्थित रहे।

# धरती की सिंगार खत्म कर रहे है वनमाफिया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोटन क्षेत्र मे इस समय वनमाफियाओ द्वारा अवैध रुप से हरे पेडों की कटान हो रही है।हालत यह है कि ग्राम समाज मे स्थिति आम के हरे पेडों की कटान हो रही है। जिम्मेदार लोग भी मौन साधे रहते है। इसी तरह का एक मामला अवैध कटान का मामला प्रकाश मे आया है ।ग्राम पंचायत पोखर भिटवाँ टोला देउरवा मे ग्राम समाज की जमीन मे स्थिति मनमानी ढंग से बिना नीलामी प्रक्रिया के हरे आम के पेड़ बेच दिया गया है । जो बिना परमिट के ठीकेदार द्वारा कटान कर लिया जा रहा है जो प्राथमिक विद्यालय के दक्षिण आम का पेड़ कटान किया गया है।

अगर इसी तरह विभागीय सिथिलता से कटान होती रही तो बृक्षो का नामो निशान मिट जायेगा। प्रदेश सरकार जहाँ हरियाली के लिए बृक्षो पर पैसा पानी की तरह खर्च कर रही है वही जिम्मेदारो के मिली भगत से निर्वाध रुप से हरे पेडों का वनमाफियाओ द्वारा कटान जारी है।

इस सम्बंध मे फारेस्ट शैलेन्द्र यादव का कहना है कि देउरवा मे हरे पेडो की कटान की जानकारी होते ही मैने कटान को रोक दिया है। कटान करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। इस सम्बंध मे उपजिलाधिकारी सदर डा ललित कुमार मिश्रा का कहना है कि यदि ग्राम समाज की जमीन से पेड काटा गया है तो जाँच कर कार्यावाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान का कहना है की मै घर पर मौजूद नही थी उसी बीच कुछ लोगों ने पेड काट लिया है इस सम्बन्ध मे पुलिस को तहरीर दिया हू ताकी कार्यवाही किया जाये। थानाध्यक्ष चन्दन कुमार का कहना है की शिकायत मिली है जाच कर कार्यवाही किया जायेगा।इस तरह खखरा टोला पठानडीह मे कब्रिस्तान के जमीन मे लगे आम के पेड काटे जा रहे है।

## नोडल भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ राज मंगल चौधरी नामित किये गये

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने एग्री स्टेट परियोजना के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे के क्रियान्वयन की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया उन्होंने इस कार्य के लिए नोडल भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ राज मंगल चौधरी को नामित किया है।

जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत सहायक,लेखपाल, डीपीआरओ, कोऑपरेटिव अमीन, नलकूप चालक को इस कार्य में लगाए जाने के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया है उन्होंने कहा कि तीन सप्ताह के भीतर हर गांव में सर्वे का काम पूर्ण कर लिया जाए। ट्रेनिंग का कार्य भी एक सप्ताह में पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि किसान फसल बो हो रहा है उसको समय-समय पर आकलन कर ऐप पर अपलोड कर अपडेट किया जाए जिससे 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य पूरा किया जा सके। बैठक के दौरान कृषि अधिकारी मनीष सिंह, ऐडीओ कोऑपरेटिव आशीष श्रीवास्तव, अपर संख्या अधिकारी भूमि संरक्षण अजय चौधरी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने प्रदेश के 21 जिलों में संचालित डिजिटल क्रॉप सर्वे में तेजी लाने के लिए वीसी के माध्यम से सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि युद्ध स्तर पर कार्यवाही करते हुए समय से सर्वे का कार्य पूरा किया जाए। साथ ही सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड किया जाए। इसके लिए विभागीय कर्मचारियों के साथ-साथ लेखपाल, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव की भी सहायता ली जाए। वीसी के दौरान कृषि सचिव डॉ राजशेखर भी लखनऊ में उपस्थित रहे।

# तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान÷ के अनूतर्गत शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में पंकज पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 317/2023 धारा 379 भा0द0वि0 के आरोपीगण को बगहवा चौराहे से चोरी के मोटरसाइकिल आदि के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 411, 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 की बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त आजाद खान उर्फ शफीक ने बताया कि घर के बाहर/सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनो की बैट्री कटर से तोड़कर व खड़ी मोटर साईकिलों का लॉक तोड़कर चुराता हूं। मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदल कर नेपाल में बेच देता हूं ।तथा चुराई हुइ बैटरी को नितिन व रमाकान्त को बेच देता हूं । जिससे अपना व अपने परिवार के लोगो का जीविकोपार्जन करता हूं। जिसने थाना सिद्धार्थनगर,जोगिया उदयपुर, चिल्हिया व शोहरतगढ़ में भी मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया।अभियुक्तगण का नाम आजाद खान उर्फ शफीक पुत्र बरसाती खान ग्राम यशोधरा वार्ड 06 भडेहर/रंगपुर थाना तौलियाहवां जनपद कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल का निवासी है।नितीन गुप्ता पुत्र शैलेन्द्र गुप्ता साकिन वार्ड नम्बर 9 बर्डपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है।रमाकान्त गुप्ता पुत्र साधू प्रसाद गुप्ता साकिन वार्ड नं0-13 नीबी दोहनी वर्तमान पता दुकान वार्ड नं-07 सुभाष नगर कस्बा व थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। उसके पास से बरामदगी 02 अदद चोरी की मोटर साइकिल 1080 नेपाली व 3000 भारतीय मुद्रा (नगद), 03 अदद 12 बोल्ट की बैटरी 01 अदद बोल्ट कटर बरामद किया। आजाद खान उर्फ शफीक का आपराधिक इतिहास मु.अ.सं. 290/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर ।मु.अ.सं. 317/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर । मु.अ.सं. 104/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर ।मु.अ.सं. 261/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर। मु.अ.सं. 111/23 धारा 379 भा0द0वि0 थाना जोगिया जनपद सिद्धार्थनगर मे है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 बृजेश सिंह चौकी प्रभारी खुनुबा, उ0नि0 राजकेश्वर कुश्वाहा, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह, हे. का. मोहम्मद खुर्शीद, सुनील कुमार, आरक्षी निशान्त कुमार, अभिषेक यादव, अजय यादव शामिल रहे।

## 73824 मेगावाट तक पहुँची एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक, एनटीपीसी की समूह स्थापित क्षमता 73824 मेगावाट तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि में एनटीपीसी टांडा की 1760 मेगावाट क्षमता भी शामिल है। भारत में जी-20 समिट के दौरान राष्ट्र के समक्ष सेवा की यह सराहनीय उपलब्धि है। ध्यातव्य है कि एनटीपीसी टांडा से बनने वाली बिजली का उपयोग उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश आदि राज्यों में होता है। यह उपलब्धि राष्ट्र को विश्वसनीय और सस्ती बिजली प्रदान करने की एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इसके साथ, एनटीपीसी लिमिटेड और एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता क्रमशः 57838 मेगावाट और 73824 मेगावाट हो गई है। इसके अलावा, कंपनी वर्ष 2032 तक 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बाइक की चपेट में आने से छात्र घायल

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इण्डो नेपाल बॉर्डर के शोहरतगढ़ थाना अन्तर्गत शोहरतगढ़ खुनुवां मुख्य मार्ग से सटे श्री लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमवापुर तिवारी में कक्षा आठ मे पढ़ने वाले छात्र की शनिवार दोपहर एक बजे मोटरसाइकिल की चपेट में आने से हालत गंभीर है। छात्र सुनील कुमार कन्नौजिया पुत्र विजय कन्नौजिया उम्र लगभग 14 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत लुचुईया के टोला बैदौला का रहने वाला है। छात्र रोज की तरह शनिवार को भी साईकिल से रमवापुर तिवारी स्थित विद्यालय में पढ़ने आया। दोपहर एक बजे छुट्टी होने पर वह घर जाने के लिए साइकिल लेकर विद्यालय के प्रांगण से होते हुए जैसे ही सड़क पर पहुंचा, कि तभी शोहरतगढ़ कस्बा की ओर से एक मोटरसाइकिल नंबर यूपी 44 ए एन 6586 पर दो नाबालिग तीन बोरी यूरिया खाद लादकर तेज रफ्तार से छात्र की साइकिल को ठोक दिया। छात्र साइकिल सहित लगभग पन्द्रह फीट तक घिसटते चला गया । हादसे में उसे काफी चोट लगने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई।घटना में कैरियर मोहम्मद हुसैन उर्फ़ छोटकन पुत्र रसीद, उम्र लगभग 17 वर्ष को सर में चोट आई है वही अरबाज पुत्र रहीम उम्र लगभग 17 वर्ष को हल्की चोट आई है। दोनों शोहरतगढ़ क्षेत्र के सीमावर्ती गाँव गुजरौलिया के निवासी है। सूचना पर मौके पर पहुंची शोहरतगढ़ पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शोहरतगढ़ अस्पताल पहुँचाया। एस ओ पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि जाँचकर कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम और एसपी ने सुनी थाना समाधान दिवस पर फरियाद

अवधनामा संवाददाता



> समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** माह के दूसरे शनिवार को भवानीगंज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजीव रंजन और पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने फरियादियों की समस्या सुनी। दोनों अधिकारी काफी समय तक थाने में मौजूद रहे किंतु बारिश होने के कारण समाधान दिवस में तीन ही फरियादी पहुंचे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई फरियादी समस्या लेकर पहुंचे तो शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराया जाए। जिससे फरियादी समस्या को लेकर भटकने से बचें। अगर कोई अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से नहीं करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय रहते उचित निस्तारण कराया जा सके। थाना समाधान दिवस में कुल तीन मामले आए जिसमें लोक निर्माण विभाग से संबंधित दो, जनहित को लेकर एक मामला आया। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रमेंद्र कुमार, तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत कुमार राय, थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह, परमानंद गौड़, तहसील अध्यक्ष लेखपाल संघ रमेश श्रीवास्तव सहित अन्य क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

## सांसद ने महाविद्यालय में बांटे स्मार्टफोन-टैबलेट



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के विधानसभा क्षेत्र डुमरियागंज के राजकीय महाविद्यालय में स्मार्टफोन टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। सांसद के कार्यक्रम में पहुँचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर रविंद्र प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर अमर नाथ, डॉक्टर चंद्रकांत मिश्रा, डॉक्टर सफीकुर रहमान, प्रोफेसर अजय कुमार, मलिक राम वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा शास्त्र एवं वहां उपस्थित लोगों ने फूल मालाओं के साथ सांसद जगदंबिका पाल का स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम मे मौजूद 60 छात्राओ तथा 3 बालको को सांसद जगदंबिका पाल के द्वारा स्मार्ट फोन वितरण किया गया तथा प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर रविंद्र प्रसाद के द्वारा सांसद का आभार प्रकट किया गया। इस दौरान सांसद ने सभी को स्मार्ट फोन की उपयोगिता को लेकर जानकारी दिया और बताया कि किस प्रकार से वह स्मार्ट फोन का प्रयोग कर किसी भी प्रकार की शैक्षिक जानकारी को इंटरनेट के माध्यम से जान सकते हैं। यह एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा एक विषय के अनेकों जानकर आप लोगों को मिल सकते हैं किसी भी विषय की तैयारी आप इंटरनेट के माध्यम से कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ सांसद प्रतिनिधि राजेश द्विवेदी राम प्रकाश जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, कमलेश चौरसिया, शिवांशु श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, अनूप यादव, सचिन, संदीप सोनी, दिलीप सिंह, अनिल मौर्य, संतराम मिश्रा, मनोज चौबे आदि उपस्थित रहे।

# इल्म से ही दुनिया और इल्म ही से दीनः मोहम्मद हसन

## अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि. हल्लौर की पहली मजलिस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** हर मुसलमान पर इल्मे दीन हासिल करना फर्ज है जिससे वह हलाल व हराम में तमीज़ कर ले और दीन की सही समझ बूझ कर सके, इबादत के तरीके और सही मसाइल की मालूमात हो जाए। इल्म के बगैर न दीन मुकम्मल है और ही दुनिया। जेहालत है तो समाज गुमराही में जाता है और अगर इल्म है तो समाज तरक्क़ी करता है।

उक्त उदगार शुक्रवार शाम तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी इमामबाड़े कला में अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि. द्वारा आयोजित दस दिवसीय मजलिस की पहली मजलिस को सम्बोधित करते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना मोहम्मद हसन ने कही। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने दीनी और तारीख़ी लिहाज़ से कभी भी इल्म की मुख़ालेफ़त नहीं की है बल्कि इस्लाम ने इसके उलटा अपनी शुरुआत से इल्म हासिल करने का हुक्म दिया है और बहुत सी आयतें और रिवायतें इल्म और आलिम की अहमियत को बयान करती हैं। इस्लाम में इल्म का मक़ाम बहुत बुलंद व बाला है और इल्म हासिल करना एक दीनी फ़रीज़ा समझा गया है और इस्लाम में इल्म के बारे में कोई लिमिटेशन नहीं है, इस्लाम की नज़र में सारे फ़ायदेमंद उलूम पसंदीदा हैं. रसूले अकरम स.अ.स. फ़रमाते हैं कि इल्म की डेफ़िनिशन बयान नहीं की जा सकती इसलिए हर फ़ायदेमंद और अच्छे इल्म को हासिल कर लो. रिवायतों में इल्म को किसी ख़ास शोबे में मुनहसिर नहीं किया गया है, बल्कि हर उस इल्म को हासिल करने की ताकीद की गयी है जो लोगों को फ़ायदा पहुंचाए। इन्सान के इल्म में जितना इज़ाफ़ा होगा ख़ुदा के बारे में उसकी मारेफ़त भी उतनी ही बढ़ेगी। मौलाना ने कहा कि इंसान जब पढ़ा लिखा होगा तो अपनी दुनिया और आख़ेरत को संवारेगा और जब ऐसा होगा तो समाज की भी तरक़्क़ी का रास्ता बनेगा क्योंकि सोसायटी और समाज इंसानों से ही बनता है और जब हर एक इंसान इल्मी मैदान में आगे होगा तो समाज की तरक्क़ी खुद बखुद होती रहेगी। समाज से जेहालत दूर होगी और समाज में बड़ा सुधार आएगा। अंत में कर्बला के शहीदों के मसायब बयान किया तो हर आँख में आंसू नज़र आये। मजलिस से पूर्व खुर्शीद आरके व हमनवां ने मर्सियख्वानी की। संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। मजलिस के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, सदर डॉ वज़ाहत हुसैन, सिकरेट्री काज़िम रज़ा, इमाम हैदर, शहनवाज़ हुसैन, शराफत हुसैन, मुनव्वर रिज़वी, राजा रॉयल, नायाब एसआईएल, अलमदार हुसैन, बेताब हल्लौरी, तशबीब हसन, शबाब, अब्बास, रिंकू, शहरयार, मोहम्मद हैदर शबलू, मनव्वर रज़ा, कामयाब, राजू, पप्पू, गुड्डू, अज़ीम हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भारत का जी-20

राजधानी नई दिल्ली 'अभेद्य दुर्ग' बनी है और दुल्हन की तरह सजी-धजी भी है। भारत के लिए ये ऐतिहासिक क्षण हैं। जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन का शंखनाद आज होना है। लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री भारत के आंगन में पहुंच चुके हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के तौर पर जोसेफ बाइडेन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक पहली बार भारत आए हैं। करीब 10,000 विदेशी मेहमान भारतीय आतिथ्य का आनंद लेंगे। मोटे अनाज के पकवान और मिष्ठान्नों का लुत्फ उठाएंगे। जी-20 महज एक भू-राजनीतिक और आर्थिक विकास का मंच नहीं है। यह ऐसा जी-20 सम्मेलन है, जिससे भारत 'विश्व-मित्रों' की जमात में आ गया है। अब वैश्विक नेताओं के सामने भारत की क्षमता, ताकत और सांस्कृतिक विरासत के अध्याय खुले हैं। वे आकलन और विश्लेषण कर सकते हैं। भारत ने अपने विदेशी अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक विनम्रता के साथ किया है। हमारे देवी-देवताओं के कल्पना-चित्र, प्राणी-संसार, कलाकृतियां, सांस्कृतिक धरोहरों, नृत्य, झरने और सभास्थल 'भारत मंडपम' के प्रवेश-द्वार पर भगवान नटराज की अद्भुत प्रतिमा की उपस्थिति बेहद कलात्मक लगती है। भारत के रोम-रोम में कला, संस्कृति और संस्कार बसे हैं। नई दिल्ली किसी विशाल बाग में बसा शहर लग रही है। जमीन से आसमान तक ऐसे सुरक्षा-घेरे तैनात किए गए हैं, जो 'चक्रव्यूह' का एहसास कराते हैं।

हमारे प्रिय अतिथियों को पल भर की बेचैनी, असुरक्षा, असुविधा न हो, लिहाजा राफेल, मिराज सरीखे लड़ाकू विमान, कम दूरी की मिसाइलें, एंटी ड्रोन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और जासूस हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। जमीन पर करीब 1.30 लाख पुलिसकर्मी, अर्द्धसैनिक बलों के जवान, सैनिक और कमांडोज को देखकर लगता है मानो भारत किसी 'युद्धक्षेत्र' में मौजूद है। बहरहाल जी-20 शिखर सम्मेलन से यह भ्रम टूटता दिखाई देगा कि यह सिर्फ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, क्योंकि अपनी अध्यक्षता में भारत का आग्रह है कि आर्थिक विकास में पिछड़े 'अफ्रीकी संघ' को भी जी-20 में शामिल किया जाए। विकसित, विकासशील और तीसरी दुनिया के एक साथ, एक मंच पर आने से विकास को समग्रता मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी का विचार और संकल्प है कि अर्थव्यवस्था जीडीपी के बजाय मानव-केंद्रित होनी चाहिए, तभी वैश्विक विकास और भाईचारा संभव है। अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत के संकल्प को ही 'जी-20 का विजन' स्वीकार किया है। वैश्विक राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री और विशेषज्ञ जिस एजेंडे पर विमर्श करेंगे, उसमें खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा-संकट और स्वच्छ ऊर्जा, विश्व-व्यवस्था, विकास, जलवायु परिवर्तन, महामारी, रोजगार, सप्लाई चेन, आतंकवाद, हरित पर्यटन, ग्लोबल साउथ, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि मुद्दे महत्त्वपूर्ण हैं। दरअसल यह एजेंडा भारत ने ही तैयार किया है, जिस पर जी-20 के मंच पर विमर्श किया जाएगा। यह भारत का ही जी-20 है, क्योंकि यह सम्मेलन भारत की चौतरफा समृद्धि का सत्यापन भी है। यह आकलन भी सामने आया है कि विमर्श के दौरान सभी देश 200 अरब डॉलर के आपसी कारोबार और औद्योगिक समन्वय का लक्ष्य तय करेंगे। अब भी दुनिया का करीब 75 फीसदी व्यापार जी-20 के देश ही करते हैं। भारत का विश्व-मंच पर उभार भी बढ़ेगा। ताकतवर देशों के साथ हमारी साझेदारी बढ़ेगी, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत को गढ़ बना कर अपने प्लांट शुरू करेंगी। उत्पादन यहीं होगा, तो रोजगार भी यहीं बढ़ेगा। अमरीका भारत में 6 परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। प्रीडेटर ड्रोन के खरीदने और भारत में ही उसका उत्पादन-केंद्र बनाने की बात अंतिम दौर में है। इसरो और नासा मिलकर रणनीतिक फ्रेमवर्क और मिशन तय करेंगे। फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी समेत कई और देशों के भारत के साथ काम करने के अपने-अपने लक्ष्य हैं।

# भारत : विश्व ऊर्जा परिदृश्यओ एवं जी-20

**ऊर्जा तक पहुंच एसडीजी-7 में सबसे महत्व पूर्ण है। विस्तार की दिशा में किए गए हमारे अभूतपूर्व प्रयासों ने 18 महीनों के भीतर हजारों गांवों और 26 मिलियन घरों को ऊर्जा उपलब्ध कराई है। पिछले नौ वर्षों में, हमने अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में 190 गीगावॉट की वृद्धि की है और 1,97,000 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें स्थापित कर दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ग्रिड बनाया है। हमने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं। चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

जी-20के सदस्य देशों के नेता जब इस महीने की 9 और 10 तारीख को मिलेंगे, तो उनकी प्रमुख चिंता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने की होगी। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न तात्कालिक खतरे के साथ ही साथ कार्बन डाइऑक्साइड केउत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित गति से जीवाश्म ईंधन से गैर-जीवाश्म ईंधन का रुख करने की तत्काल आवश्यकता और वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिककरण स्तर से1.5 डिग्री तक सीमित करने के प्रयास को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है।



आर.के. सिंह

भारत दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक है। हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 2.40 टीसीओ2ई (टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य) है, जबकि वैश्विक औसत 6.3 टीसीओ2ई है। कार्बन डाइऑक्साइड भार में हमारा योगदान केवल 4प्रतिशत है जबकि हम दुनिया की आबादी का 17प्रतिशत हिस्सा हैं। हम एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं जिसकी ऊर्जा परिवर्तन गतिविधियां तापमान में 2 डिग्री से कम वृद्धि के अनुरूप हैं। सीओपी 21 पेरिस में, हमने वर्ष 2030 तक 40प्रतिशत गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने का संकल्प लिया था, इस लक्ष्य को हमने नौ साल पहले 2021 में ही हासिल कर लिया। हमारी गैर-जीवाश्म उत्पादन क्षमता 187 गीगावॉट है और 103गीगावॉट निर्माणाधीन है। ग्लासगो में सीओपी 26 में, हमने 2030 तक 50प्रतिशत गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन तक पहुंचने की प्रतिबद्धता व्यपक्तह की है।

हमने सीओपी 21 में 2030 तक उत्सर्जन गहनता में 33प्रतिशत की कमी लाने का संकल्प लिया था और 2019 में इस लक्ष्यग को हासिल कर लिया। सीओपी 26 में हमने 2030 तक उत्सर्जन गहनता में 45प्रतिशत कमी लाने की नई प्रतिबद्धता व्यसक्त2 की है। ऊर्जा दक्षता से संबंधित कदम उठाने की दिशा में हम अग्रणी हैं। हमारे उद्योग-केंद्रित प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) कार्यक्रम के माध्यम सेहमने कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में सालाना 106 मिलियन टन की कमी की है। उपकरणों पर स्टार लेबलिंग से संबंधित हमारे कार्यक्रम से कार्बन उत्सर्जन में सालाना 57 मिलियन टन, जबकि हमारे एलईडी कार्यक्रम से हर साल 106 मिलियन टन की कमी आई है।

ऊर्जा तक पहुंच एसडीजी-7 में सबसे महत्व पूर्ण है। विस्तार की दिशा में किए गए हमारे अभूतपूर्व प्रयासों ने 18 महीनों के भीतर हजारों गांवों और 26 मिलियन घरों को ऊर्जा उपलब्ध कराई है। पिछले नौ वर्षों में, हमने अपनी बिजली उत्पादन क्षमता में 190 गीगावॉट की वृद्धि की है और 1,97,000 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें स्थापित कर दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ग्रिड बनाया है। हमने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में दुनिया के



सामने कई चुनौतियां हैं। चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भंडारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज विश्व में बैटरी भंडारण विनिर्माण क्षमता केवल 1163 जीडब्यूं एचहै। भंडारण की लागत वर्तमान में बहुत अधिक है। हम 1000एमडब्यू एच भंडारण के लिए बोली लेकर आए हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी बोलियों में से है, और हमने बैटरी विनिर्माण क्षमता स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं।

परमाणु ऊर्जा निरंतर, स्वच्छ बिजली उत्पादन प्रदान करती है। हालांकि, हमें छोड़कर अधिकांश विकासशील देशों के पास महत्वपूर्ण परमाणु क्षमताओं का अभाव है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर इस दिशा में समाधान हो सकते हैं, लेकिन यह अभी तक विकास के चरण में है। दूसरा समाधान कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (सीसीयूएस) है लेकिन यह भी शुरुआती चरणों में है। अधिग्रहण का प्रश्न लागत के प्रश्न की तरह ही बरकरार है। एक अन्यं चुनौती आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की है। वर्तमान में, सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक ही देश तक केंद्रितहै। हमने बड़े पैमाने पर विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एक उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) की स्थापना की और 2026 तक 100 गीगावॉट विनिर्माण क्षमता हासिल करने की राह पर हैं। इसी तरह, भंडारण के लिए लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण क्षमता का अधिकांश हिस्सा एक ही देश तक केंद्रित है। सौभाग्य से, हमने अपनी सीमाओं के भीतर लिथियम भंडार की पहचान कर ली है और लिथियम बैटरी विनिर्माण के लिए एक सफल पीएलआई बोली हासिल की है। उपर्युक्त मुद्दे ऊर्जा परिवर्तन की राह में आने वाली बाधाओं को रेखांकित करते हैं, जिन्हें मेरी अध्यक्षता में गोवा में संपन्नि जी-20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के दौरान हल किया गया। पिछली किसी भी जी-20 बैठक की तुलना में अधिक मुद्दों पर सहमति होने के कारण यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। हमने ऊर्जा परिवर्तन का रुख करते हुए ऊर्जा पहुंच के सर्वोपरि महत्व को स्वीकार किया। हम इस बात को स्वी्कार करते हैं कि जब तक वैश्विक स्तर पर 773 मिलियन लोग ऊर्जा तक पहुंच से वंचित हैं, तब तकऊर्जा परिवर्तन को पूर्ण नहीं माना जा सकता।

हमने ऊर्जा संक्रमण प्रयासों के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य को आगे बढ़ाने के महत्व को सामूहिक रूप से स्वीकार किया है। हमने प्राकृतिक परिस्थितियों के आधार पर समानता और विभेदित जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए पेरिस समझौते और उसके तापमान लक्ष्य के पूर्ण कार्यान्वयन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्यात को हल करने की आवश्यकता पर भी सहमति प्रकट की है।

सभी मंत्रियों ने ऊर्जा दक्षता सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर प्रतिबद्धता जताई और भारत की अध्य क्षता के तहत तैयार की गई 2030 तक ऊर्जा दक्षता सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने संबंधी स्वैच्छिक कार्य योजना को स्वीकार किया। इसके अलावा, हमने नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। भविष्य के लिए ईंधन के रूप में शून्य और कम उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों से उत्पादित हाइड्रोजन के महत्व को स्वीवकार किया गया। सभी मंत्रियों ने शून्य और कम उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों से उत्पादित हाइड्रोजन और अमोनिया के लिए मानकों को सुसंगत बनाने की आवश्यकता पर सहमति प्रकट की और इसमें निष्पक्ष और खुले व्यापार की वकालत की। मंत्रियों ने भारत की अध्यिक्षता के तहत शुरू किए गए हाइड्रोजन पर जी-20 उच्च-स्तरीय स्वैच्छिक सिद्धांतों को अंगीकार किया। उभरती ऊर्जा संक्रमण प्रौद्योगिकियों को वहन करने की क्षमता और न्यायसंगत पहुंच को विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए आवश्यक माना गया, और इसलिए प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए क्षेत्रीय बहुपक्षीय और सार्वजनिक-निजी नेटवर्क तैयार करना आवश्यक है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के लिए कम लागत वाले वित्तपोषण तक पहुंच को महत्वपूर्ण माना गया।

# जी-20 : बहुपक्षीय संगठनों को प्रभावी बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित इसके प्रमुख अंगों के पुनर्गठन पर विशेष रूप से अपना ध्यान केंद्रित किया। एफएमएम ओडीसीएस में सुधार के इन प्रयासों पर जोर दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में ज्यादा देशों के प्रतिनिधित्व और समकालीन संरचना को बढ़ावा देने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाता है।**

भारत ने दिसंबर 2022 में जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की - एक ऐसा समय, जब दुनिया जलवायु आपातकाल का सामना कर रही थी, महामारी के प्रभाव से जूझ रही थी और बढ़ते ध्रुवीकरण, भू-राजनीतिक संघर्ष और शक्ति संतुलन के बीच विभाजित थी। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्रगति की असफलता से स्थिति और गंभीर हो गयी, जिनके कारण सरकारों तथा नीति निर्माताओं को अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ा। इस जटिल परिदृश्य में, बहुपक्षीय संगठनों को अपनी भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित और मजबूत करने में एक सतत संघर्ष के रूप में सामने आया। समय बीतने के साथ, राष्ट्रों के अलग-अलग रास्तों ने ब्रिक्स, क्वाड, आसियान जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों के गठन को प्रेरित किया है, जो एक तरफ तो क्षेत्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाते हैं, वहीं दूसरी तरफ विभाजित बहुपक्षीय व्यवस्था की जटिलताओं को बढ़ाते हैं।



नृपेंद्र मिश्रा

इन व्यापक संकटों की पृष्ठभूमि में, बहुपक्षीय संगठनों में सुधार और सुदृढ़ीकरण की तत्काल आवश्यकता हो गयी है। इस प्रयास में, न केवल बहुपक्षीय संगठनों को उनकी भूमिका के लिए मजबूती देना, बल्कि वैश्विक राजनीति और शक्ति संतुलन को अच्छी तरह से समझना भी शामिल हैं। आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग के एक प्रमुख मंच के रूप में, जी20 विकसित, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक आयाम का प्रतिनिधित्व करता है तथा मजबूत बहुपक्षीय संवादों के माध्यम से दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों का समाधान करने से जुड़ी अपनी महत्वाकांक्षा की जिम्मेदारी लेता है, जिनसे सभी सदस्य देश लाभान्वित होते हैं। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत ने बहुपक्षीय कूटनीति के भरोसेमंद भविष्य की दिशा में वैश्विक चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित करते हुए, इस एजेंडे को अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक के रूप में प्रमुखता दी है।

पूरे वर्ष के दौरान, इस एजेंडे के विभिन्न घटकों पर ठोस प्रगति हासिल की गई। जर्मनी की अध्यक्षता के तहत, जी20 विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक की शुरुआत की गयी थी। अपनी स्थापना के बाद से ही यह बैठक एक प्रथागत कार्यक्रम रही है, लेकिन भारत ने व्यापक विचार-विमर्श करने के बाद तैयार किये गए जी20 विदेश मंत्रियों के परिणाम दस्तावेज़ और अध्यक्षीय सारांश (एफएमएम ओडीसीएस) को अपनाने वाले पहले देश होने की उपलब्धि हासिल की है। सदस्य देशों के लिए, इस व्यापक दस्तावेज़ में प्रासंगिक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया है, जिनमें बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करना, आतंकवाद का मुकाबला करना और वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना शामिल हैं। यह उपलब्धि विदेश मंत्रियों के सहयोग से एक



ऐसी मजबूत बहुपक्षीय प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो सभी देशों के हितों को पूरा करती हो।

इसके अलावा, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के भीतर सुधारों से संबंधित चर्चाओं को प्रभावी ढंग से पुनर्जीवित किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित इसके प्रमुख अंगों के पुनर्गठन पर विशेष रूप से अपना ध्यान केंद्रित किया। एफएमएम ओडीसीएस में सुधार के इन प्रयासों पर जोर दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में ज्यादा देशों के प्रतिनिधित्व और समकालीन संरचना को बढ़ावा देने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाता है। वैश्विक वास्तविकताओं का निरंतर विकास और वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आज की जरूरतों के साथ जोड़ने के महत्व को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में जारी संघर्षों के विघटनकारी प्रभाव ने परिषद के संचालन में बाधाएं पैदा की हैं, जिनसे व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता को बल मिला है, ताकि इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। भारतीय अध्यक्षता ने बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करने के प्रयासों को परिश्रमपूर्वक आगे बढ़ाया। भारतीय अध्यक्षता के मार्गदर्शन में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) की स्थापना के साथ बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार किये जाने को गति मिली। आईईजी का मिशन एमडीबी को मजबूत करने और एमडीबी इकोसिस्टम को अद्यतन करने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने से जुड़ी सिफारिशें प्रदान करना था, ताकि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में इसकी दक्षता सुनिश्चित की जा सके। बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करना तीन एजेंडा शीर्षक वाली दो-भाग की रिपोर्ट का प्रारंभिक खंड सदस्य देशों को पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। दूसरा खंड की अक्टूबर 2023 में, वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की चौथी बैठक के दौरान प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। इन रिपोर्टों का एक-दूसरे के साथ मिलाकर मूल्यांकन किया जाएगा और एमडीबी को उनकी शासन व्यवस्था के अनुरूप चर्चा और कार्यान्वयन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, एमडीबी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (सीएएफ) की जी20 स्वतंत्र समीक्षा की सिफारिशों को लागू करने में जी20 रोडमैप को, इसके महत्वाकांक्षी कार्यान्वयन के लिए वित्त मंत्रियों से अनुशंसा और समर्थन प्राप्त हुआ है। चौथी एफएमसीबीजी बैठक के अवसर पर एमडीबी की वित्तीय क्षमता को मजबूत करने पर एक उच्च स्तरीय सेमिनार आयोजित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किये जा रहे हैं। यह सेमिनार, एमडीबी को मजबूत करने और उनके ऋणदाता की स्थिति को बनाए रखने के उद्देश्य से वैश्विक चर्चाओं में नई गति प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारतीय अध्यक्षता ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन की मेजबानी की। 125 देशों की भागीदारी के साथ, दस सत्रों में चले इस दो दिवसीय ऐतिहासिक कार्यक्रम ने प्रतिभागी देशों को विकासशील दुनिया की चिंताओं, विचारों, चुनौतियों और प्राथमिकताओं को पेश करने का एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रों के बीच लक्ष्यों की एकता और सहयोग को बढ़ावा देना था। वसुधैव कुटुंबकम के हमारे विषय के अनुरूप, भारतीय अध्यक्षता ने समूह के विस्तार के संबंध में चर्चा की सुविधा प्रदान करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस सार्थक विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप, अफ्रीकी संघ (एयू) का स्थायी जी20 सदस्य के रूप में स्वागत हुआ, जो समावेश और वैश्विक सहयोग के एक नए अध्याय का संकेत है। स्पष्ट है कि आज की समसामयिक चुनौतियाँ राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में दोहराया था, ÷बहुपक्षवाद आज संकट में है, और पिछले कुछ वर्षों का अनुभव - वित्तीय संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध - स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वैश्विक शासन अपने दोनों कार्यादेशों में विफल रहा है।

# यह कार्य करने का समय है

भ्रष्टाचार के विनाशकारी और दूरगामी परिणाम सर्वविदित हैं और ये विश्वे के हर देश को प्रभावित करते हैं। भ्रष्टाचार गरीबी और असमानता को बढ़ावा देता है और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा की उपलब्धि में यह बाधा है। फिर भी, भ्रष्टाचार के विरूद्ध संयुक्त राष्ट्र समझौता, जो एकमात्र वास्तविक वैश्विक कानूनी रूप से बाध्यकारी भ्रष्टाचार विरोधी समझौता है, को अपनाने के लिए देशों के एकजुट होने के बीस वर्ष बाद भी,अभी तक भ्रष्टाचार का सुर्खियां बनना जारी है, भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ताओं को धमकियों का सामना करना पड़ता है, व्हिसिल-ब्लोअर को सताया जाता है, और भ्रष्ट लोग अक्सर सजा से छूट पा लेते हैं और अपनी चुराई गई परिसंपत्तियों को सुरक्षित ठिकानों में छिपा लेते हैं।

जी-20 भ्रष्टा चार विरोधी कार्य समूह (एसीडब्यू लेतजी)2010 की स्थापना के बाद से, यह समूह दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के लिए भ्रष्टाचार से लड़ने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए मानक निर्धारित करने और अच्छी प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच रहा है। 2023 में भारतीय जी-20 अध्यपक्षता के तहत,एसीडब्यूट पजीने तीन प्रमुख विषयों अर्थात् परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति; कानून प्रवर्तन सहयोग और सूचना साझा करने; और भ्रष्टाचार विरोधी निकायों की अखंडता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को अपनाया। ये विषय भ्रष्टाचार के विरूद्ध वैश्विक लड़ाई के साथ-साथ भारत के अपने भ्रष्टाचार-विरोधी एजेंडे के लिए अत्यधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हैं। इन सिद्धांतों (डिलिवरेबल्स) को अपनाया जाना सामयिक है, क्योंकि विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां अधिक प्रगति की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में देशों के सामने आने वाली चुनौतियां यह दर्शाती हैं कि कोई भी देश घरेलू स्तर पर कितना भी तैयार क्यों न हो, अकेले भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष करना बहुत हद तक असंभव है और हमें अनिवार्य रूप से इसका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कानून प्रवर्तन सहयोग और सूचना साझा करना भ्रष्टाचार के अपराधों, विशेष रूप से जटिल सीमा पार योजनाओं और नेटवर्क से जुड़े अपराधों का पता लगाने, जांच करने, मुकदमा चलाने और स्वीनकृति देने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझाकरण से संबंधित कानून प्रवर्तन को मजबूत करने के उच्च-स्तरीय सिद्धांतों के माध्यम से, जी-20 एसीडब्यू उचजीइस क्षेत्र में मुख्य चुनौतियों और अवसरों की पहचान करता है, और उन्हें दूर करने के लिए ठोस कार्रवाई और अनुशंसाएं प्रस्तावित करता है, जैसे कि भ्रष्टाचार के कृत्यों की जांच, मुकदमा चलाने और मंजूरी देने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी अधिक सूक्ष्मता से काम करने और सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक संचार के माध्यम से एक साथ मिलकर अधिक एकजुटता के साथ काम करने के द्वाराया उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों और उन्हेंच कम करने के उपायों के बारे में हमारी सामूहिक समझ में सुधार लाने के द्वारा। ये सिद्धांत सूचना साझा करने जैसे कि यूएनओडीसी का भ्रष्टाचार विरोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक परिचालन नेटवर्क, जो 92 देशों के 163 भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को जोड़ता है, के लिए नेटवर्क के उपयोग को भी बढ़ावा देते हैं।

परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति;चोरी की गई या अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को उनके असली मालिकों, अक्सर उन देशों और लोगों को लौटाने की प्रक्रिया है जिन्हें भ्रष्ट अधिकारियों ने उनके संसाधनों से वंचित कर दिया है। परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति;न केवल न्याय और जवाबदेही का मामला है, बल्कि भविष्य में भ्रष्टाचार को रोकने, सार्वजनिक विश्वास बहाल करने और सतत विकास की सहायता करने का एक साधन भी है। एसीडब्यू, अधिजी ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए परिसंपत्ति पुनर्प्राप्ति तंत्र को सुदृढ़ करने पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को अपनाया, जो जी-20 देशों और अन्य हितधारकों को इस क्षेत्र में अपने कानूनी ढांचे, संस्थागत क्षमताओं और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। सिद्धांत और सर्वोत्तम प्रथाएं कुछ चुनौतियों और बाधाओं,जो प्रभावी संपत्ति वसूली में बाधा डालती हैं, पर भी ध्या न देती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# जी-20 के मंच के माध्यम से भ्रष्टाचार से निपटना

ऋत्विक पांडेय, स्मारक स्वैन


**एक बार जब भ्रष्टाचारियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों का पता चल जाता है, तो जांचकर्ताओं को संपत्तियों को जब्त करने के लिए मेजबान क्षेत्राधिकार के सहयोग की आवश्यकता होती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भ्रष्टाचारी अपने अपराध की कमाई से लाभ न उठा सकें। अभियोजन के मामलों को चलाने के लिए सबूत जमा करने में भी सहयोग की आवश्यकता होती है।**

भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आर्थिक अपराधों का मुकाबला करने के लिए 'धन का पीछा करो' एक आजमाई हुई रणनीति है। इस लोकाचार के अनुरूप, भारत ने रिश्वत के मामले में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण उपाय लागू किए हैं। इसके बावजूद, कतिपय कमजोरियां बनी हुई हैं, क्योंकि तेजी से वैश्वीकृत दुनिया में भ्रष्टाचार की कमाई को आसानी से देश की सीमाओं के बाहर ले जाया जा सकता है। अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने बेहतर और प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से इस खामी को दूर करने के अभियान का नेतृत्व किया है।

**औपचारिक सहयोग में चुनौतियां :** भ्रष्टाचार संबंधी अपराधों पर औपचारिक सहयोग आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता (एमएलए) के जरिए होता है। इसके साथ ही वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) सभी देशों से यह उम्मीद करता है कि वे जांच, अभियोजन और संबंधित कार्रवाई के दौरान एमएलए कोव्यापकता प्रदान करेंगे, लेकिन मैदानी स्तर पर कार्रवाई हमेशा समय पर नहीं हो पाती है।

उदाहरण के लिए, 12 अगस्त को कोलकाता में तीसरी जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (एसीडब्ल्यूजी) मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान जारी पारस्परिक कानूनी सहायता 2023 पर जी-20 जवाबदेही रिपोर्ट, कुछ जी-20 देशों के संबंध में एमएलएआग्रहों के समाधान पर रोशनी डालती है। जैसा कि रिपोर्ट से पता चलता है, भारत ने भ्रष्टाचार के मामलों में प्राप्त शत-प्रतिशत एमएलए आग्रहों का समाधान किया है, जबकि भारत के 10 प्रतिशत से भी कम एमएलए आग्रहों का समाधान किया गया है। एमएलए आग्रहों के समाधान में कई कारणों से देरी होती है, जैसे घरेलू कानूनी ढांचे में अंतर, एमएलए आग्रहों के प्रसंस्करण में प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक अंतराल, पर्याप्त और समय पर प्रतिक्रियाओं की कमी आदि। इस तरह की देरी से प्रत्यक्ष जांच के साथ-साथभ्रष्टाचार सेकमाई का पता लगाने और उसे रोकने के प्रयास भी प्रभावित होते हैं।

यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में देशों के लिए अहम खामियां पैदा करता है। भ्रष्टाचारियों की एक प्रचलित कार्यप्रणाली यह है कि वे मुखौटा कंपनियों के जाल के पीछे अपनी अवैध कमाई को छुपा लेते हैं। ऐसी संपत्तियों का पता लगाने के लिए सभीदेशों को इन कंपनियों से फायदा उठाने वाले मालिकों तक पहुंचने की आवश्यकता होती है।उल्लेखनीय है कि भारत और कुछ अन्य देशों ने कंपनियों से फायदा उठाने वाले मालिकों के विवरण तक सार्वजनिक पहुंच प्रदान की है, जबकि अधिकांश देश ऐसा नहीं करते हैं। उन देशों से फायदा उठाने वाले मालिकों के बारे में जानकारी मांगा जानाजरूरी है। एक बार जब भ्रष्टाचारियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों का पता चल जाता है, तो जांचकर्ताओं को संपत्तियों को जब्त करने के लिए मेजबान क्षेत्राधिकार के सहयोग की आवश्यकता होती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भ्रष्टाचारी अपने



अपराध की कमाई से लाभ न उठा सकें। अभियोजन के मामलों को चलाने के लिए सबूत जमा करने में भी सहयोग की आवश्यकता होती है। भारत ने जी-20 में अपने नेतृत्व के माध्यम सेअंतर्राष्ट्रीय सहयोग में खामियों को दूर करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। प्रमुख प्रयासों का वर्णन आगे दिया जा रहा है :

**परिसंपत्ति की वसूली :** भारत अपराध की कमाई की वसूली और बरामदगी के लिए भ्रष्टाचार विरोधी नीति तैयार करने के संबंध में जी-20 सदस्यों के बीच आम सहमति बनाने में सफल रहा है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कदमों में से एक पूर्व-एमएलए परामर्श को सक्रिय रूप से संचालित करना है। भारत की अध्यक्षता में, जी-20 देशों ने अपराध की कमाई पर समय पर रोक लगानेया जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी सहमति व्यक्त की है।जी-20 देशों ने माना है कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिएउन्हें अपनी वित्तीय आसूचना इकाइयों (एफआईयू) या अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पर्याप्त अधिकार, प्रक्रियाएं और उपकरण प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, ताकिअपराध की कमाई के रूप में संदिग्ध संपत्तियों के हस्तांतरण या व्यय को रोका जा सके। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि इंटरनेट प्रौद्योगिकियों में नवाचारों ने धन के तेजी से प्रवाह को सक्षम किया है। इसके अलावा एलईए तभी चुराए गए धन को दोबारा हासिल कर सकते हैं, जब वे निर्णायक पल में कार्रवाई कर सकें।

**फायदा उठाने वाले मालिकों की जानकारी :** एक अनुमान के अनुसार, दुनिया भर में गुमनाम रूप से रखी गई कुल संपत्ति सात ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और 32 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच है, जो वैश्विक संपत्ति का लगभग 10 प्रतिशत है। यदि किसी अधिकार क्षेत्र के तहत कंपनियों और ट्रस्टों को स्वामित्व और नियंत्रण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं होती है, तो धन छुपाना आसान होता है। एफएटीएफ ने लाभकारी स्वामित्व पर अपने मानकों के माध्यम से पारदर्शिता में सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है, जिन्हें हाल ही में संशोधित किया गया था। उल्लेखनीय हैकि जी-20 देश संशोधित मानकों के समय पर और वैश्विक कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे लाभकारी स्वामित्व जानकारी को बनाए रखने और साझा करने के तंत्र पर भारतीय अध्यक्षता के तहत महत्वपूर्ण सिद्धांत पर सहमत हुए हैं। ऐसी प्रणाली में एलईए और एफआईयू सहयोग के जरिए फायदा उठाने वाले मालिकों की सूचनाको सभी देश कारगर तरीके से एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं।

**वर्चुअल संपत्ति :** अक्टूबर,2022 मेंएक सरकारी इंजीनियर पर भ्रष्टाचार के एक मामले में ओडिशा के सतर्कता विभाग ने छापा मारा था। उसके पास से 1.75 करोड़ रुपए कीमत कीक्रिप्टोकरेंसी पाई गई, जो उसके आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक कीमत कीथी। बाद में उस इंजीनियर को आय के स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले सेबेनामी वाली वर्चुअल संपत्तियों के बारे में पता लगता है।वर्चुअल संपत्तियों के रूप में धन छुपाने के लिए ब्लॉकचेन-आधारित प्रणालियों के कारणउनका पता लगाने तथा उनकी बरामदगी नई चुनौती के रूप में समाने आती है।

ब्लॉकचेन-आधारित प्रणाली पर निजी वॉलेट छद्मनाम वाले होते हैं, जहां धन को छुपानेऔर उसे खपाने के तमाम अवसर मिलते हैं। ऐसे वॉलेट के माध्यम से धन को निर्बाध रूप से देश के बाहर ले जाया जा सकता है या उन्हें फिजिकल कोल्ड वॉलेट में जमा किया जा सकता है। इन वॉलेट के जरिए भ्रष्ट व्यक्ति को रिश्वत लेने और उसे खपाने में आसानी होती है। वर्चुअल संपत्तियों से जुड़े विभिन्न जोखिमों को ध्यान में रखते हुएभारत ने वर्चुअल संपत्तियों के विनियमन के संबंध में एक व्यापक वैश्विक नीति के विकास के लिए जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) को नियोजित किया है। इस व्यापक नीति में वित्तीय अखंडता बनाए रखने और वर्चुअल संपत्तियों के संबंध में पारदर्शिता में सुधार के लिए प्रासंगिक विनियमन के तत्व शामिल होंगे।

# ग्राम चौपालों के मिल रहे सार्थक परिणाम : केशव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाया जायेगा।ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं और काफी हद तक लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि और अधिक ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जाए तथा चौपालों से पूर्व सफाई अभियान चलाया जाए और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण वहां पर आयें और व्यक्तिगत

- बोले, ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनायेंगे

समस्यायें ही न हल हों,बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों से ही हो।

चौपालों से सार्वजनिक समस्याओं का सर्वमान्य हल निकलेगा, क्योंकि वहां अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि , जागरूक लोग व ग्रामीण सभी एक जगह मौजूद रहेंगे और अपने सुझाव भी देंगे। ग्राम्य विकास विभाग के उच्चस्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम चौपालो को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाय तथा ग्राम चौपाल में बड़ा बैंक ड्राप लगाया जाय और वहां पर उस ग्राम पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, विभिन्न प्रकार के पेंशनर्स की सूची,व उस ग्राम के अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की सूची प्रदर्शित की जाए।उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह व्यवस्था खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए।

ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश की 1528 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 5733प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 4681 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7899 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालो में 94 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 23 से अब तक प्रदेश की 44647ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालो का आयोजन किया जा चुका है।

## सैनिक स्कूल के स्विमिंग पूल में डूबकर छात्र की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के एक सैनिक स्कूल में 11वीं के छात्र की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार रात को छात्र दोस्तों के साथ पूल में नहाने गया था। नहाने के बाद सभी छात्र हॉस्टल लौट आए। सोने से पहले हॉस्टल में बच्चों की गिनती हुई, तो छात्र मिसिंग था।

इसके बाद छात्रों ने वार्डन और प्रिंसिपल को इस बारे में बताया। फिर छात्र की तलाश शुरू हुई। जब अन्य छात्र स्विमिंग पूल के पास पहुंचे तो छात्र का शव पानी में उतरा रहा था। इसके बाद पुलिस का सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पूरा मामला सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज पांडेय सैनिक स्कूल का है। मृतक छात्र का नाम ओम गुदौलिया (17 साल) है। वह उरई का रहने वाला था। बच्चे के पिता मनोज को रात में करीब 9 बजे बेटे के लापता होने की सूचना मिली। फिर वह कंपनी कमांडर के साथ सैनिक स्कूल पहुंचे, जहां इकलौते बेटे का शव देख गश खा गए। उन्हें साथियों ने संभाला।

# क्रय केन्द्रों पर किसानों को समुचित व्यवस्था कराई जाये : आलोक कुमार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के खाद्य आयुक्त आलोक कुमार ने समस्त एजेन्सियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित संख्या के अनुसार क्रय केन्द्र अनुमोदित कराये जायें तथा क्रय केन्द्रों पर स्टाफ की तैनाती, खरीद सम्बन्धी उपकरणों की व्यवस्था, लैपटॉप/कम्प्यूटर तथा धनराशि व बोरों की व्यवस्था व हैण्डलिंग परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति इत्यादि की कार्यवाही समय से पूर्ण करा ली जाये। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, टॉयलेट, वाहन पार्किंग इत्यादि सुविधाएँ सुनिश्चित कराई जाये। क्वालिटी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया (क्यूसीआई) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आगामी धान खरीद में क्रय केन्द्रों पर सुगमता, सहुलियत व सुविधा के तहत निर्धारित आवश्यक

- कहा, सहुलियत व सुविधा के तहत निर्धारित आवश्यक उपकरणों, व्यवस्थाओं को पूरा कराये

उपकरणों/व्यवस्थाओं को पूरा कराये जाये तथा इसके आधार पर क्रय केन्द्रों की ग्रेडिंग करायी जाये।

यह निर्देश आलोक कुमार ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत धान खरीद व मोटे अनाजों/श्री अन्न के अन्तर्गत मक्का, ज्वार, बाजरा तथा कोदों की खरीद की तैयारियों के सम्बन्ध में क्रय एजेंसियों के साथ योजना भवन में की गयी समीक्षा बैठक में दिये। खाद्य आयुक्त ने कहा कि क्रय केन्द्र प्रभारियों को धान गुणवत्ता मानक के संबंध में भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कराया जाये तथा धान की गुणवत्ता परीक्षण हेतु समस्त केन्द्रों पर मण्डी परिषद द्वारा एनॉलिसेस किट की व्यवस्था करायी जाये। खरीद केन्द्रों पर किसानों का समय से धान की तौल करायी जाये एवं मानक के नाम पर अनावश्यक किसानों का धान का रिजेक्शन न किया जाये तथा धान के मूल्य का भुगतान समय से उनके बैंक खाते में प्रेषित कराया जाये तथा क्रय केन्द्रों पर किसानों को अपनी उपज बिक्री करने में कोई कठिनाई न होने पाये।

खाद्य आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य - धान कॉमन 2183 रूपये एवं धान ग्रेड 'ए' 2203 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष धान खरीद हेतु 70.00 लाख मी0टन क्रय लक्ष्य तथा 4000 क्रय केन्द्र संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें खाद्य विभाग के 1350 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 1600, पीसीयू के 550, यूपीएसएस के 200, मण्डी परिषद के 100 तथा भारतीय खाद्य निगम के 200 क्रय केन्द्र संचालित किये जाने हैं।

## महिला ने माता-पिता पर लगाया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**लखनऊ।** लखनऊ के ठाकुरगंज के बालागंज इलाके में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। एक परिवार जो कभी हिंदू था, अब इस्लाम धर्म स्वीकार चुका है। मामले में ठाकुरगंज थाने में धर्मांतरण कर चुके परिवार की पीड़ित बेटी ने अपने ही माता-पिता, भाई व भाभी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि धर्म बदलने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। बालागंज चौकी में दो दिन पंचायत कराकर मामला रफा-दफा करा दिया।

पीड़िता की तहरीर के मुताबिक, पड़ोसी के बहकावे में आकर माता-पिता, भाई और भाभी ने कथित तौर पर मुस्लिम धर्म अपना लिया है। आरोप है कि घरवालों ने उसे भी ऐसा करने के लिए कहा। विरोध पर उसकी पिटाई की। उसने खुद को एक कमरे में बंद कर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

# यूपी में लागू होगी राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की जाएगी । जिसके तहत 83 हजार युवा प्रशिक्षित होंगे जिसमे डिप्लोमा धारकों के साथ ही स्नातको को भी अप्रेंटिस का मौका दिया जाएगा। जिसके लिए उच्च शिक्षा विभाग में 100 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया। और सभी विवि और उच्च शिक्षण संस्थानों में इस योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा । योजना में 21 विभाग और उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी निजी संस्थानों में एनटीएस की मॉनिटरिंग की जाएगी।योगी कैबिनेट ने हाल ही में इस योजना को मंजूरी दी है।

इस योजना का उद्देश्य उद्योगों, अधिष्ठानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता के माध्यम से लाभान्वित करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं को अप्रेंटिस ट्रेनिंग के लिए प्रेरित करना है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) को लागू करने वाले



प्रत्येक उद्योग, अधिष्ठान द्वारा प्रत्येक ट्रेनी को प्रदान किए जाने वाले स्टाइपेंड में भारत सरकार द्वारा दी जा रही प्रतिपूर्ति धनराशि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1000 रुपए प्रति माह की अतिरिक्त धनराशि की प्रतिपूर्ति (टॉप-अप) की जाएगी।

मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का संचालन कुछ मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन किया जाएगा। यह योजना ऐसे समस्त निजी उद्योगों एवं अधिष्ठानों में स्वतः लागू

- यूपी में 83 हजार युवाओं को मिलेगा शिक्षुता प्रोत्साहन योजना का लाभ

होगी, जो एनएटीएस के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं या भविष्य में देंगे। इसके अलावा योजना का क्रियान्वयन एनएटीएस के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुरूप किया जाएगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) से प्रदेश के इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा एवं सभी विधाओं में स्नातक युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण के अन्तर्गत जहां एक ओर व्यवहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों को कुशल व दक्ष कार्मिक मिलेंगे। योजना के अंतर्गत वही प्रशिक्षु लाभ प्राप्त करेंगे जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनएटीएस में पंजीकृत हैं।

# प्रतियोगिताओं से छात्रों में आता है आत्मविश्वास

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2023' भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि श्री अनिल रस्तोगी, प्रख्यात अभिनेता व थियेटर आर्टिस्ट ने दीप प्रज्वलित कर इस अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक समारोह का विधिवत उद्घाटन किया जबकि विशिष्ट अतिथि सुश्री रेनिता कपूर, प्रख्यात अभिनेत्री व गायिका की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। विदित हो कि 'फैंटज्म-2023' का आयोजन 9 से 11 सितम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, शारजाह, दुबई एवं भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। इस शैक्षिक प्रतियोगिता का उद्देश्य प्री-प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं के छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में बहुमुखी



प्रतिभा के विकास का अवसर उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि अनिल रस्तोगी ने कहा कि गीत, संगीत, कला, साहित्य सभी छात्रों को मानवता की भलाई हेतु संकल्पबद्ध करने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है एवं ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों में एक नया आत्मविश्वास जागृत होता हैं। विशिष्ट अतिथि सुश्री रेनिता कपूर ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों विश्वव्यापी दृष्टिकोण प्रदान करने की हर संभव कोशिश कर रहा है, इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, कम होगी। उद्घाटन समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों व टीम लीडरों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रमों का ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये और तालियों की गड़गड़ाहट से सारा ऑडिटोरियम गूंज उठा। समारोह का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ तथापि वर्ल्ड पार्लियामेन्ट के उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा छात्रों ने विश्व की जटिल समस्याओं पर विचार-विमर्श किया व इनके समाधान भी बताये।

सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर नन्हें-मुन्हें प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों को

- इण्टरनेशनल कॉस्प्ले कम्पटीशन 'फैंटज्म-2023' का भव्य उद्घाटन

प्रारम्भिक वर्षो में जो जीवन मूल्य व संस्कार प्रदान किये जाते हैं, वही जीवन भर उनका मार्गदर्शन करते हैं। यह समारोह में छात्रों की प्रतिभा को निखारने व उनमें नैतिकता, चारित्रिकता, एकता व शान्ति की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जो आगे चलकर उन्हें समाज का आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। 'फैंटज्म-2023' की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या जयश्री कृष्णन ने सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस समारोह के साथ ही भावी पीढ़ी में एकता व मैत्री से परिपूर्ण के नये युग का सूत्रपात भी हो रहा है।

# 'इण्डिया' के लिये शुभ लक्षण : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि देश के चारो दिशाओं में 7 विधान सभा क्षेत्रों में हुये उपचुनाव, पूर्वोत्तर में त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, दक्षिण में केरल और उत्तर प्रदेश के पूर्वान्चल में घोसी के उप चुनाव ने एक नई राह दिखाई है कि भाजपा नीति एन.डी.ए. की वायदा खिलाफी, जुमलेबाजी, जनता के साथ धोखा, फरेब, विश्वासघात, देश को टुकड़े- टुकड़े में चन्द्र पूँजीपतियों के हाथ बेंचने वाली, महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के खिलाफ जनता को विकल्प के रूप में अब 'इण्डिया' मिल गया है ।

कल तक एक ही अविभाजित रहे उत्तर प्रदेश में 42000 से अधिक मतों से ''इण्डिया'' की जीत, और तमाम आलोचनाओं, आरोपों, सवालों और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने के बाद भी उत्तराखण्ड में जहॉ भा.ज.पा. की सरकार है पर्वतीय अंचल की गोद में वहॉ उसके प्रत्याशी की केवल



2000 हजार मतों से जीत हुई । केरल और झारखण्ड में जहॉ ''इण्डिया'' की जीत हुई, वहीं त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव में भा.ज.पा. सरकार के प्रत्याशी बहुत कम बहुमत से चुनाव जीते। इससे स्पष्ट हो जाता है कि आम जनता विकल्प के रूप में ''इण्डिया'' के लिये अपना मन बना चुकी है। श्री तिवारी ने कहा है कि असमंजस में या अनिश्चितता में पड़े 'इण्डिया' के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का एक तपका अब उत्साह से भर जायेगा और आने वाले चुनाव में 'विजय' के लिये चुनाव में और अधिक मजबूती के साथ लग जायेगा यह 'इण्डिया' के लिये शुभ लक्षण हैं। श्री तिवारी ने एक और शुभ संकेत की तरफ इशारा किया है कि जाति और उपजाति के नाम पर परिवारवाद चलाने वालों का वर्चस्व उनकी ही जाति एवं उपजाति ने नकार दिया है । लाख कोशिशों के बावजूद भी अपना दल, श्री ओम प्रकाश राजभर जी ओर श्री संजय निषाद जी तथा श्री दारा सिंह चैहान जी अपनी ही बिरादरी को अपने लिये नहीं एकत्रित कर पाये, 'नोटा' को भी बहुजन समाजपार्टी के पढ़े लिखे दलित समुदाय ने नकार दिया औार अपना वोट 'इण्डिया' को दिया है वह आने वाले दिनों में राजनैतिक बदलाव का इतिहास रचेगा। परिवारवाद पर हमला करने वाली भारतीय जनतापार्टी अपनी ही गोद में बैठे परिवारों को पहले संभाले तब दूसरे दलों की बात करे। श्री तिवारी ने कहा है कि जब भी बड़े राजनैतिक परिवर्तन हुये है उसका आगाज, सिंहनाद पूर्वान्चल से ही हुआ है । वर्ष 1978 में मोहसिना किदवई जी ने इतिहास लिखा या फिर कल 'इण्डिया' ने इतिहास रचा है।

# इंद का अर्थ बुद्ध और इंडिया का अर्थ बुद्ध का देश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विदेशी दौरे पर जाते हैं, तो यह नहीं कहते हैं कि कि हम राम की धरती से आए हैं, बल्कि बड़े गर्व से कहते हैं कि हम बुद्ध की धरती से आए हैं। लेकिन जब से कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन बना है, सत्ता पक्ष में छटपटाहट बढ़ गई है और इंडिया की जगह भारत का प्रयोग करने की कवायद शुरू हो गई है।लोग यह मानते हैं कि बौद्ध शब्द झ्यान से चीन शब्द बना है। लेकिन वास्तव में सिन शब्द से चीन शब्द बना है। खरोष्ठी भाषा में सिन शब्द का अर्थ बुद्ध होता है और इसी सिन शब्द से झिन यह चिनी शब्द बना है। सिन या झिन मतलब सुर्यदेवता बुद्ध होता है और बुद्ध को बौद्ध साहित्य में सुर्यदेवता बुद्ध कहा गया है। इस तरह, सिन, झिन, जियुन का अर्थ बुद्ध होता हैं। इसलिए, बुद्ध से संबंधित झिन से चीन शब्द बना है, जिससे स्पष्ट होता

- सिन या झिन मतलब सुर्यदेवता बुद्ध होता है और बुद्ध को बौद्ध साहित्य में सुर्यदेवता बुद्ध

है कि चीन का अर्थ बुद्ध का देश होता है।(एनाकालिप्सिस,वाल्यूम-।।,पेज-210-11)

बुद्ध के सिन शब्द से ही सिंध शब्द बना है। सिन मतलब सुर्यदेवता बुद्ध की चमकती गोल वक्ररेखा (आर्क ऑफ द सन)। सिंधु नदी का आकार सूरज के चक्राकार रेखा (आर्क ऑफ सन) की तरह है, इसलिए सिंधु नदी को सुर्यदेवता बुद्ध की सिन नदी (सिन रिवर ऑफ बुद्धा) भी कहा जाता था। सिंधु नदी को अबासिंध भी कहा जाता है। अबासिंध मतलब पितामह (अबा) बुद्ध की नदी। इस तरह, सिन, सिंध, अबासिंध इन शब्दों का अर्थ बुद्ध होता है। बुद्ध के सिंध शब्द से ग्रीक भाषा में इंडस शब्द बना और इंडस शब्द से इंडिया शब्द बना है।

# सभी उपभोक्ता देख ले अपना बिल उन्हें ब्याज मिला कि नहीं

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी पर ब्याज दिए जाने का आदेश जो पावर कॉरपोरेशन की तरफ से 1 मई को जारी किया गया था और बिलिंग सॉफ्टवेयर में व्यवस्था न होने के कारण प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ जुलाई तक नहीं मिल पाया था जिसको लेकर उपभोक्ता परिषद में काफी विरोध किया था और अभिलंब उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी पर ब्याज दिए जाने की मांग की थी अंततः पावर कारपोरेशन ने अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर में सभी विद्युत उपभोक्ताओं को ब्याज दिए जाने की व्यवस्था सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है और अगस्त और वर्तमान सितंबर के महीने में सभी उपभोक्ता अपने

- उपभोक्ता परिषद ने प्रबंधन से की थी बात अब ब्याज मिलना शुरू

बिजली बिलों में देख ले उन्हें सिक्योरिटी पर ब्याज प्राप्त हो गया होगा नहीं तो इस माह तक अवश्य मिल जाएगा उपभोक्ता परिषद ने जब इसकी तहकीकात की तो यह बात स्पष्ट हो गई की सभी को ब्याज मिल रहा है फिर भी यदि किसी भी विद्युत उपभोक्ता को सिक्योरिटी पर अभी तक ब्याज नहीं मिला है तो अपने क्षेत्र के अधिशासी अभियंता से संपर्क कर केस टू केस बेसिस अपने सिक्योरिटी का ब्याज प्राप्त कर ले कोई दिक्कत हो तो उपभोक्ता परिषद को बताएं।

शहरी विद्युत उपभोक्ताओं को ज्यादातर सितंबर के महीने में ब्याज मिलना शुरू हुआ है ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को ज्यादातर अगस्त तक ब्याज मिल गया है ऐसे में सभी विद्युत उपभोक्ता अपना मिलान अवश्य करें। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार बनाए गए विद्युत वितरण संहिता -2005 के तहत 1 अप्रैल को बैंक दर पर जो भी ब्याज अनुमन्य है वह विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल में अप्रैल-मई जून के महीने में हर हाल में मिल जाता है लेकिन इस बार बिलिंग सॉफ्टवेयर में व्यवस्था समय से न होने के कारण अगस्त और सितंबर के महीने में अब विद्युत उपभोक्ताओं को ब्याज मिल रहा है ऐसे में सभी विद्युत उपभोक्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी है वह अपने बिजली बिलों में देख लें कि उनकी सिक्योरिटी पर ब्याज उनके देय भुगतान से घटा दिया गया है अथवा नहीं।

# विद्यालयों में सुरक्षित परिवेश स्थापित करने के लिए दिये 15 सुझाव



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विद्यालयों में सुरक्षित परिवेश स्थापित करने हेतु जनपदों के लिए सुविचारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) एवं दिशा-निर्देश जारी करने हेतु गठित समिति की प्रथम बैठक में यूनाइटेड फ्रंट के पदाधिकारियों ने एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों की आम सहमति से तैयार 15 बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा, जिस पर समिति द्वारा बहुत ही गंभीरता के साथ विचार-विमर्श किया गया। यह जानकारी यूनाइटेड फ्रंट के सह-संयोजक एवं एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार ने दी।

डॉ. अतुल ने बताया कि इस बैठक में शिक्षा विभाग के 5 अधिकारियों के साथ ही यूनाइटेड फ्रंट के संयोजक डॉ दीपक मधोक, सह-संयोजक डॉ. अतुल कुमार, एवं श्री श्याम पचौरी उपस्थित थे। इस बैठक में यूनाइटेड फ्रंट के द्वारा दिये गये सभी 15 सुझावों को अति महत्वपूर्ण मानते हुए समिति ने इन सभी बिन्दुओं को एसओपी में शामिल करने के लिए पूरी तरह से आश्वासन भी दिया।

# अरिदिमिया चैंपियनशिप का ताज फोर्थ ईयर के सिर सजा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सोशियोकल्चर इवेंट अरिदिमिया-2023 में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के बैच ने सर्वाधिक पदक जीते। अंततः फोर्थ ईयर ने चैंपियन ऑफ चैंपियन्स की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। पवेलियन में आयोजित इस पुरस्कार वितरण समारोह में हुनरमंद खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, कल्चरल हेड एवम् पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी आदि की गरिमामयी मौजूदगी में यह ट्रॉफी सौंपी गई। उल्लेखनीय है, एमबीबीएस फोर्थ ईयर ने क्रिकेट, कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबाल, जेवलिन थ्रो, कल्चरल सरीखी इवेंट्स में उम्दा प्रदर्शन किया। इसके अलावा इंडोर और आउटडोर इवेन्ट्स के विजेताओं को मेडल्स और ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो. सुधीर सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. इमरान, डॉ. दीप्ति, डॉ. विवेक आदि भी उपस्थित रहे। संचालन स्टुडेंट्स दीपशी सिंह,



सौम्या जैन, आकांक्षा सिंह आदि ने किया।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज के एनुअल फेस्ट अरिदिमिया-2023 के प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्राचार्य प्रो. एके सिंह ने कहा, अरिदिमिया-2023 मेडिकल कॉलेज की फोटो बुक में एक इतिहास के रूप में दर्ज हो गया है। हमारे भावी डॉक्टर्स का कल्चरल एक्टीविटिज और स्पोर्ट्स में प्रदर्शित टेलेंट अविस्मरणीय है। प्रो. सिंह ने कहा, जीवन भी स्पोर्ट की तरह है, जिस तरह आपने स्पोर्ट में जीत के लिए समर्पण दिखाया वैसा ही जज्बा हमें अपने प्रोफेशन के प्रति रखना चाहिए। भावी डॉक्टर्स को सतर्क करते हुए प्रो. सिंह बोले, आप लोग स्पोर्ट को स्पोर्टी-वे में ले सकते हैं, लाइफ को स्पोर्टी-वे में जी सकते हैं, लेकिन पेशेंट को कभी भी स्पोर्टी-वे

- टीएमयू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य बोले, पेशेंट डॉक्टर्स का असली टीचर
- अरिदिमिया-23 अदभुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय : प्रो. सीमा अवस्थी

में न समझें।

प्रो. सिंह बोले, डॉक्टर्स के लिए पेशेंट गॉड के गिफ्ट के समान होता है, इसीलिए पेशेंट की तुलना किसी अन्य से न करें। आप टीचर्स से अधिक पेशेंट को प्राथमिकता दें, क्योंकि पेशेंट ही आपका असली टीचर है। विजेता स्टुडेंट्स की हौसला अफजाई करते हुए बोले, यह खुशी की बात है कि आज आप सबके हाथों में ट्रॉफी है। इसके लिए आप सबको हार्दिक बधाइ, लेकिन आपके करियर का प्रत्येक दिन आपके लिए ट्रॉफी है। जब एक पेशेंट स्वस्थ होकर आपको थैंक्स बोलता है तो वह भी किसी ट्रॉफी से कम नहीं है। मेडिकल कॉलेज की कल्चरल हेड और पैथोलॉजी विभाग की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, अरिदिमिया-2023 मेडिकल कॉलेज के लिए किसी इतिहास से कम नहीं है। यदि कोविड-19 के पहले और बाद के अरिदिमिया पर नज़र डालें तो इस बार जैसा अरिदिमिया टीएमयू मेडिकल कॉलेज के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। इस बार हमारे स्टुडेंट्स की ओर से अरिदिमिया-2023 की प्लानिंग, मैनेजमेंट और एक से बढ़कर एक परफोर्मेंस दीं, वास्तव में वे अदभुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय है। अंत में उन्होंने सभी स्टुडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अरिदिमिया-2023 के प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में एमबीबीएस फोर्थ ईयर की ओर से विप्लव मित्तल, शिव आशीष मलिक, अनन्त सिंह, यशवर्धन त्रिवेदी, शिवम यादव, अनिमेष तिवारी, रितिक नारंग, वर्षा भाटी, आरूषी शर्मा, तनवी गोयल, अदिति मिश्रा, इशिका सिंह आदि की भी मौजूदगी रही।

## शादी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म का आरोपी गोवा से गिरफ्तार

**लखनऊ।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार बलिया निवासी मुकेश गुप्ता को आशियाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गोवा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरोपी का भाई फरार है।

इंस्पेक्टर आशियाना अनिल कुमार पांडेय के मुताबिक, युवती की वर्ष 2019 में फेसबुक के जरिये मुकेश गुप्ता से दोस्ती हुई थी। मुकेश ने शादी का वादा किया और होटल में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। विरोध पर शादी करने की बात कहने लगा। कुछ समय के बाद युवती ने बलिया में मुकेश के घर पहुंचकर शादी का दबाव बनाया, जहां आरोपी ने अपने भाई सोनू के साथ मिल कर युवती की पिटाई कर भगा दिया। जुलाई में युवती ने केस दर्ज कराया था। सर्विलांस की मदद से पुलिस को मुकेश की लोकेशन गोवा के मडगांव में मिली। इसके बाद आरोपी मुकेश को वहां से गिरफ्तार कर लिया।

# भारत विकास परिषद ने गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन अभियान शुरू किया

**कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य फादर जॉबी जोसफ, पूरन सिंह पाल, डॉ. राजकुमार वर्मा सुदामा लाल को परिषद सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया**

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** राष्ट्रभक्ति और संस्कारों के बीजारोपण के उद्देश्य से राष्ट्रवादी संस्था भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इटावा ने गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन अभियान शुरू किया है। इसके अन्तर्गत शनिवार को नगर के 05 विद्यालयों में सेंट मेरी इंटर कॉलेज, शिवाजी शिक्षा निकेतन, शिव नारायण इंटर कॉलेज, चित्र गुप्त इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज में माँ भारती माँ सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वन्देमातरम गायन से साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्रीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए कार्य करने वाली राष्ट्रवादी संस्था है, विशेष रुप से बच्चों में राष्ट्रभक्ति और संस्कारों के बीजारोपण के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए वर्ष भर अनेक कार्यक्रम किए जाते हैं। इसी कड़ी में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम प्रत्येक स्कूल में प्रार्थना के समय आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में प्रथम आए और विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया जाता है और चयनित श्रेष्ठतम शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जाता है, वंदन किया जाता है। विद्यार्थी शिक्षकों का पांव छूकर आशीर्वाद लेते हैं। शनिवार को इसी कड़ी में सेंट मेरी



इंटर कॉलेज की शिक्षिका रीना अगस्टीन छात्र आकाश सिंह छात्रा सोना, शिवाजी शिक्षा निकेतन के शिक्षक मयंक कुमार छात्रा शगुन प्रजापति एवं वैष्णवी, शिव नारायण इंटर कॉलेज के शिक्षक डॉ देवराज सिंह छात्रा अंजलि शंखवार एवं वैष्णवी सक्सेना , चित्र गुप्त इंटर कॉलेज के शिक्षक संतोष कुमार सिंह छात्रा आस्था एवं सुहानी राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रमोद कुशवाह छात्र यशपाल सिंह एवं निखिल को सम्मानित किया गया। परिषद के अध्यक्ष इंद्र नारायण पाण्डेय ने परिषद द्वारा किए किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार एवं देश भक्ति की भावना का संचार करने के लिए आने वाले दिनों में राष्ट्रभक्ति समूह गान प्रतियोगिता एवं भारत को जानो प्रतियोगिता एवं संस्कृति सप्ताह के माध्यम से कई प्रतियोगिता को आयोजित किया जाएंगा। परिषद के सचिव अत्रि दीक्षित ने भारत विकास परिषद का परिचय दिया। परिषद सदस्य अतुल भार्गव महिला संयोजिका रीना राठौर वर्षा दुबे ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्रों शिक्षकों को माता पिता गुरुओ महिलाओ के लिए आदर भाव रखने, अपने मन में सदैव राष्ट्र निर्माण की भावना रखना एवं व्यसनों से दूर रहने की शपथ दिलाई परिषद के पूर्व अध्यक्ष ए पी एन दुबे, हरि शंकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद का गुरु वंदन छात्र अभिनंदन जैसे संस्कार के कार्यक्रम को आयोजित करने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य फादर जॉबी जोसफ, पूरन सिंह पाल, डॉ राजकुमार वर्मा सुदामा लाल को परिषद सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया प्रान्तीय सदस्य विकास नारायण सक्सेना इंदु कुलश्रेष्ठ शाखा सदस्य विमलेश शर्मा, लालजी दुबे, आदित्य प्रकाश पाण्डेय, आशा राम मिश्रा राजेंद्र सिंह यादव, अनुराग मिश्रा, विवेक रंजन गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग रहा और परिषद से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवियों की उपस्थिति रही।

# भाजपा कार्यालय परिसर में गिद्ध दिखाई देने से मचा हड़कंप

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भाजपा मंडल प्रभारी वासु चौधरी ने पर्यावरण एवं वन्यजीव पर कार्य कर रही संस्था सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के महासचिव डा.राजीव चौहान एवं वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार शर्मा को अवगत कराया गया। स्कॉन रेस्क्यू एवं वन विभाग की संयुक्त टीम स्कॉन सचिन वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान वन दरोगा सुनील कुमार, ताविस अहमद व रविन्द्र मिश्रा मौके पर पहुंचकर गिद्ध (इजिप्शियन वल्चर) को सुरक्षित पकड़कर पशु चिकित्सालय पर प्राथमिक उपचार कराया गया। वन्यजीव विशेषज्ञ संजीव चौहान ने बताया कि दुनिया में लुप्तप्राय स्थिति में पहुंचे सफेद गिद्ध (इजिप्शियन वल्चर) हमारे बीच मे है। सफेद गिद्ध का वैज्ञानिक नाम निओफ्रॉन



पर्क्नोपटॅरस है। पतली चोंच वाले सफेद गिद्ध की लंबाई 55 से 70 सेमी, वजन 1.50 से 2.50 किग्रा, पंख फैलाव 150 से 175 सेमी होता है। चेहरे की त्वचा पीली नारंगी सी होती है। मरे हुए पशुओं के मांस से लेकर नदी के जैविक अपशिष्ट, छोटे स्तनधारी का आहार करने वाले सफेद गिद्धों की सफाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्रभागीय निदेशक वन अतुल कांत शुक्ला के निर्देशन पर इजिप्शियन गिद्ध को स्वस्थ होने के बाद प्राकृतिक वास में छोड़ दिया जाएगा।

# यातायात व्यवस्था: ऑटो के निर्धारित रूटों पर संचालन के लिए किया जागरूक



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** अभिनव रंजन श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता व अरुण कुमार गौड़ की उपस्थिति में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पूर्व में किए गए ऑटो रिक्शा के निर्धारित रुट पर संचालन के दृष्टिगत व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं जनपद में संचालित ऑटो संचालकों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। उक्त जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बृजेश ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित होने वाले ऑटो रिक्शा को निर्धारित रुट पर संचालन के क्रियान्वयन जिससे आम जनमानस को नगर में होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के लिए विकास भवन के प्रेरणा सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद में संचालित सभी ऑटो को 7 दिन के अंदर उनको निर्धारित मार्ग की कोडिंग अनिवार्य रूप से किये जाने एवं ऑटो के निर्धारित रूटो पर संचालन के लिए जागरूक किया गया तथा 7 दिन के पश्चात् यातायात नियमों के तहत कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया, इसके अतिरिक्त जनपद में अवैध अतिक्रमण के सम्बध में भी जागरुक किया गया। बैठक में पुलिस, परिवहन, नगर पालिका परिषद के अधिकारियो के साथ-साथ व्यापार मण्डल के पदाधिकारी आटो यूनियन के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वाहन चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, 5 बाइक बरामद

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी और सहायक पुलिस अधीक्षक पुष्कर वर्मा आईपीएस ने मुखबिर की सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलबीर सिंह, उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार के अलावा आधार दर्जन पुलिस कर्मियों के साथ आंगनपुरा के जंगल से घेराबंदी करके चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की तैयारी में खड़े सागर पुत्र वीर सिंह निवासी अलीपुर बांगर थाना जमुना पार मथुरा , देवेंद्र सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन जनपद मथुरा,जितेंद्र पुत्र राजपाल निवासी आनंदगड़ी थाना महावन जिला मथुरा के अलावा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है पकड़े गए सभी आरोपियों को कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नंद उत्सव





**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद शुक्रवार की शाम से देर रात तक नन्दोत्सव की धूम रही। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में शहर के प्राचीन पक्का तालाब के किनारे सत्संग स्थल पर हर्षोल्लास के साथ परम्परागत ढंग से नंद उत्सव मनाया गया। यहां पर कार्यक्रम की शुरुआत हरिनाम संकीर्तन के साथ हुई, बधाई गीतों पर श्रद्धालु खूब झूमे और जमकर लुटाई भी की गयी। श्रद्धालुओं में दही हांडी को फोड़ने के लिए होड़ मची रही। महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी ने एक दूसरे को नंद उत्सव की बधाई भी दी। पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को नंद उत्सव की कथा सुनाई जिसे श्रद्धालुओं ने तल्लीनता के साथ सुना। एक से बढ़कर एक बधाई गीत भक्तों के द्वारा गाए गए जिन पर महिला व पुरुषों के साथ बच्चे भी खूब झूमे। पंडित मनुपुत्र दास ने उपस्थित भक्तों को जमकर बधाई भी बांटी। जैसे ही भक्तों ने गीत नंदलाल प्रगट भये आज ब्रज में लड्डुआ बंटे प्रस्तुत किया वैसे ही पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा लड्डुओं की लुटाई शुरू कर दी गई। लडडुओं के साथ बच्चों के लिए खिलौने, पेन, पेंसिल, रबर, विभिन्न प्रकार की टोफियां व बिस्कुट, फल, मेवा व अन्य सामानों की खूब लुटाई की गई। भगवान के दरबार में लुटाई का सामान लेने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। कार्यक्रम के बीच-बीच में हुई पुष्प वर्षा से सत्संग स्थल पटा रहा। नंद उत्सव के मौके पर दही हांडी का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जहां युवाओं के द्वारा गोविंदा आला रे की तर्ज पर काफी मशक्कत के बाद दही हांडी को तोड़ा गया वहीं महिलाओं व युवतियों में भी दही हांडी फोड़ने की होड़ मची रही। नंद उत्सव के मौके पर श्रद्धालु ब्रज की तरह पगड़ी बांधे हुए नजर आए। नंद उत्सव में आए सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

# आयुष्मान से केएम में ब्रेन ट्यूमर महिला सहित तीन महिलाओं का हुआ ऑपरेशन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित महिला सहित तीन महिलाओं का न्यूरो सर्जरी के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन हुआ है, तीनों ही मरीज अच्छी रिकवरी कर चुके है। उनको नया जीवनदान मिलने पर उनके परिजनों ने हॉस्पिटल का आभार जताया है। अब तक न्यूरो सर्जरी पांच केसों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। यह सभी ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत फ्री किए गए है। यह जानकारी न्यूरो सर्जरी विभाग में न्यूरो सर्जन डॉ संदीप चौहान दी है।

गौरतलब हो कि एक माह पूर्व श्यामवती को लेकर परिजन केएम हॉस्पिटल आए थे, उन्हें उल्टी और हर समय सिर में दर्द रहने की शिकायत थी, परिजनों ने न्यूरो सर्जरी विभाग में न्यूरो सर्जन डॉ संदीप चौहान को दिखाया तो श्यामवती में ब्रेन ट्यूमर निकला, जिसका न्यूरो सर्जरी से ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत फ्री किया गया, मरीज धीरे धीरे रिकवर हो रहा है, वहीं संजय देवी महिला बेहोशी की हालत में केएम पहुंची थी, उनका एक्सीडेंट हुआ था जिसके कारण उनके हाथ-पैर चल नहीं रहे थे। डा. संदीप चौहान ने उपचार शुरू किया तो संजय देवी की गर्दन और रीढ़ की हड्डी में एक्सीडेंट के कारण चोट लग गई थी,



जिसके कारण वह दोनों हाथ-पैर हिला नहीं पा रही थी। आयुष्मान कार्ड होने से उनका न्यूरो सर्जरी के द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया गया, ऑपरेशन के बाद संजय देवी के पैरों और हाथों में अच्छी खासी रिकवरी देखने को मिली है, उनके दोनों पैर और हाथ हिलढुल रहे।

महिला संजय देवी ने बताया कि ऑपरेशन के बाद हाथ पैरों में ताकत मेहसूस हो रही है। वहीं ब्रजेश महिला के कमर और रीढ़ की हड्डी में परेशानी थी, जिसके कारण वह चल फिर नहीं पा रही थी, उनके परिजन केएम अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने डा. संदीप चौहान से आयुष्मान कार्ड योजना के तहत बिल्कुल फ्री ऑपरेशन किया गया। अब वह चलफिर रही है उनकी दिक्कत दूर हो चुकी है। तीनों ही केसों में डाक्टर व स्टाफ की मेहनत रंग लाई है, तीनों ही मरीज काफी रिकवर हो गए है। परिजनों ने केएम यूनीवर्सिटी के कुलाधिपति किशन चौधरी सहित चिकित्सकीय टीम का धन्यवाद किया है। कुलाधिपति किशन चौधरी ने इलाज करने वाली टीम और न्यूरो सर्जन डॉ. संदीप चौहान को उनके सराहनीय काम के लिए बधाई दी। इस मौके पर कॉलेज के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ आरपी गुप्ता, मेडीकल कालेज के प्राचार्य पी एन भिसे तथा यूनीवर्सिटी के कुलसचिव पूरन सिंह मौजूद रहे। ऑपरेशन के समय चिकित्सकीय टीम में डा. नवसंगीत सिंह, डा. भूपेन्द्र सिंह, डा. आकाश नारा तथा नर्सिंग स्टाफ, ओटी सहायक राहुल ठाकुर, नवीन उपाध्याय शामिल रहे।

# प्रतिबंधित पालीथीन उपयोग न करने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों नें पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यापारियों के मध्य जाकर प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करनें के लिए जागरूकता अभियान चलाया, नगरपालिका स्वच्छता अभियान के ब्रांड एबेंसडर एंव व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें व्यापारी नेताओं के साथ शहर के व्यस्ततम बाजारों में जाकर कपड़ें के थैले बांट कर जन जागरण अभियान चलाया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा नें कहा कि प्लास्टिक



का ज्यादा उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसके उपयोग से कैंसर जैसे असाध्य रोग जन्म लेते हैं, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा नें कहा की प्लास्टिक के उपयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है, बहुत से पशु और पक्षियों की प्रजातियां इस पर्यावरण प्रदूषण के चलते खत्म होनें की कगार पर है, इसलिए प्रशासन से पहले हम नागरिकों की जिम्मेदारी है कि इसे त्याग कर आम जन के स्वास्थ्य की रक्षा करें। इस अवसर पर भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज, बंटी मंसूरी, अलंकार जैन, सतेन्द्र जैन, इश्तियाक कुरैशी, बेंचे सिंह, गुलजार अहमद गामा, रियाज अब्बासी आदि पदाधिकारी एंव स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

# भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ जल एवं साफ सफाई और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जानकारी के अनुसार सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहा मथुरा में 10 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी राजेंद्र सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी आनंद कुमार के निर्देशन में पुनीत सागर अभियान विषय पर भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जिसमें प्रधानाचार्य रूमा कुमारी के नेतृत्व में कैप्टन छोटेलाल एवं एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी





के प्रेरणा से एनसीसी द्वारा 1 दिसंबर 2019 इस अभियान की शुरुआत की।

सागर, नदियां यह प्राकृतिक देन हैं हमें इनको सुरक्षित और संरक्षित रखना चाहिए। जल को स्वच्छ बनाने के लिए की साफ सफाई के लिए सभी को प्रयत्नशील रहना चाहिए। कैडेट कृष्णा, रेनू, रवि, बलराम, आदि कैडेट्स ने नदियों, सागर, जल - निकायों की साफ सफाई करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बृजेश सिंह, रोशन सिंह, अजय कुमार, कृष्ण पालसिंह,अखिलेश कुमार सिंघल, हरिओम सिंह, श्यामलाल, सुभाष चंद्र मौर्य, मनोज कुमार, सुरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार पटेल, श्रीकांत शर्मा, गिरीश चंद्र शर्मा, हेमलता, आशी,सोनू, राहुल, दीपू, अंशु सिंह, सागर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा अपना नाम बदले अमिताभ ठाकुर

**मथुरा।** भारत बनाम इंडिया के विवाद के मध्य आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नाम बदलने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि भाजपा भारत बनाम इंडिया के रूप में एक बार फिर से पूर्णतया औचित्यहीन विवाद खड़ा कर रही है क्योंकि हमारा देश हजारों वर्षो के साझा संस्कृति के परिणामस्वरूप बना है, जिसमे अन्य तत्वों के अलावा अंग्रेजों और अंग्रेजी की भी एक निश्चित भूमिका है. यही कारण है कि आज अंग्रेजी भाषा के तमाम शब्द, जैसे वोट, साइकिल, टेलीफोन, कंप्यूटर, राकेट, बैंक, पुलिस, डॉक्टर आदि गाँव-गाँव में प्रयुक्त हो रहे हैं।

# ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**

**वृन्दावन (मथुरा)।** सेवाकुंज क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में नंदोत्सव के पावन अवसर पर ठाकुर श्रीराधा दामोदर लाल जू महाराज के मयूर स्वरूप में दिव्य दर्शन हुए।साथ ही मंदिर के सेवायत व अंगसेवी आचार्य दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज के द्वारा विशेष आरती की गई।

मंदिर के प्रमुख सेवायत आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज (बड़े गुसाई) ने कहा कि ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में नंदोत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसके अंतर्गत मंदिर में प्रतिष्ठित ठाकुर विग्रहों का मयूर स्वरूप में दिव्य श्रृंगार करके उन्हें स्वर्ण-रजत मिश्रित विशाल पोशाक



धारण कराई गई। जिनको दिल्ली में अति कुशल कारीगरों ने अपने छह माह के कठोर परिश्रम के द्वारा तैयार किया था।इसके अलावा मंदिर में फूलों बंगला सजाया गया।साथ ही 56 भोग निवेदित किए गए।

आचार्य दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने कहा कि ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में नंदोत्सव पर्व आयोजित करने की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है।इस परम्परा को स्वयं मंदिर के अधिष्ठाता श्रील जीव गोस्वामी महाराज के द्वारा प्रारम्भ किया गया था। जिसका निर्वाह आज भी पूर्ण निष्ठा व विधिविधान के साथ किया जाता है।

इस अवसर पर महिला संकीर्तन मंडल के द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की बधाइयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।इसके अलावा खेल-खिलौने, मेवा-मिष्ठान एवं रुपए-कपड़े लुटाए गए।तत्पश्चात संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं झंरा भंडारा भी हुआ।

महोत्सव में उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ, श्रीभगवान एडवोकेट, पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डकैती की योजना बनाते बदमाशों से पुलिस मुठभेड़

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में चार बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये उनका एक साथी गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह और डकैती में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद किया है , घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक ललित भाटी स्वाट टीम के प्रभारी अभय शर्मा चौकी प्रभारी डीग गेट चमन कुमार शर्मा चौकी प्रभारी मसानी धर्मेंद्र कुमार चौकी प्रभारी बिड़ला मन्दिर नीरज सिंह भाटी ने मुखबिर की सूचना पर दर्जन भर पुलिसकर्मियों के साथ जमुना किनारे यमुना मिशन के कच्चा रास्ता मोड़ गऊघाट के निकट चक्रतीर्थ घाट के पास मौजूद बदमाशों को ललकार बदमाशों ने पुलिस पार्टी से घिरा पाते हुए पुलिस पार्टी के ऊपर फायरिंग शुरू करदी पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमें चार बदमाश पर में गोली लगने से घायल हो गई वही एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों मैं घायल सलमान पुत्र असलम निवासी गोविंद चौराहा शेर गेट थाना कोतवाली जनपद झांसी जिस पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# कार्डियक शिशु सेमिनार का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** जया ब्लू बेबी हार्ट केयर ट्रस्ट के द्वारा जीएम हॉस्पीटल के सहयोग से कार्डियक शिशुओं (बच्चों के दिल में छेद) का किस प्रकार उपचार हो, इस पर स्वास्थ्य सेवा सेमिनार जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल पर आयोजित किया गया। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ डॉ. रमेश मेनन और डॉ. शिल्पा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ कर बताया कि बच्चे के दिल में छेद होने के प्रमुख लक्षण निम्न प्रकार के होते है जैसे कि हृद्य में सांस लेने में तकलीफ, सांस लेने में कमी, तेजी से सांस लेना, पीली त्वचा, होठ



और नखूनों के पास नीले रंग का दिखना, बार-बार होने वाले श्वसन दर में वृद्धि, बुखार, मवाद, बेहोशी की हालत, सुस्ती, भोजन करते समय पसीना आना, लगातार खाने मे असमर्थ आदि लक्षण पाये जाते हैं साथ ही रोक-थाम व सावधानियों के बारे में जानकारी दी की जन्म विकृति होने के कारण वीएसडी को प्रथम चरण पर रोकना असम्भव है। एक स्वस्थ्य गर्भावस्था और प्रसव पूर्व प्रारम्भिक देखभाल निर्णायक एहतियाती कदम साबित हो सकते हैं।

इन रोगियों की देखभाल के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ की देखभाल में होना आवश्यक है। पीएमएस राजेश भारद्वाज, राजीव भारद्वाज, जसवन्त रोहिल्ला व उनकी टीम के सहयोग से सेमिनार का आयोजन पूर्ण किया। बिंदेश दीक्षित, चैयरमैन प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार, सचिव बीबी शर्मा, प्रधान जुगल किशोर पटेल, डॉ. हेमराज सिंह, विष्णु रावत, पवन शर्मा, आकाश कुमार गौतम, चंचल कुमार सैनी आदि ने भाग लिया।

# रेलवे की तानाशाही के विरुद्ध पैदल मार्च आज

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति द्वारा जारी संयुक्त सूचना अनुसार रेल प्रशासन द्वारा तानाशाही एवं मनमानी के तहत वृंदावन को देश के अन्य भागों से जोड़ने के लिए एवं मथुरा वृंदावन के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिछाई जा रही मथुरा जंक्शन से वृंदावन तक ब्रॉड गेज रेल लाइन एवं लाइन बिछाने के कार्य से प्रभावित होने हजारों परिवारों एवं निकट भविष्य में रेलवे लाइन निर्माण के बाद शहर को दो भागों में बांटने के षड्यंत्र एवं अप्रत्याशित जल भराव जाम जैसी समस्याओं के विरोध में जननायक कुंवर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में घटित सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा द्वारा दिनांक 10 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे वृंदावन रेलवे स्टेशन से मथुरा जंक्शन तक निकल जा रहे पैदल विरोध मार्च का महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति उत्तर प्रदेश एवं अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा के समस्त पदाधिकारी की सहमति से उक्त आगामी पैदल मार्च का जनवरी के साथ समर्थन की घोषणा करते हैं इस मौके पर रमेश सैनी एवं लोकेश कुमार राही मैं संयुक्त रूप से समर्थन की घोषणा की घोषणा के दौरान रमेश सैनी लुकेश कुमार राही चित्र सेन मौर्य सौदान सिंह गौस मोहम्मद साबिर खान डॉक्टर राजकुमार सैनी किशन चांदी वाले सरदार महेंद्र सिंह हरी बाबू सविता संतोष सैनी रामदयाल सैनी ओमपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

अवधनामा



# घोसी की जीत से बसपा के अकेले लोस चुनाव लड़ने की रणनीति को भी झटका

- बदल जाएगा यूपी की 80 सीटों का गणित
- लोकसभा चुनाव में बसपा के सामने होगी खाता खोलने की चुनौती



**लखनऊ।** घोसी विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव के नतीजे ने बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की रणनीति को बड़ा झटका दिया है। चुनाव में कांग्रेस समर्थित सपा की जीत से अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों का आइएनडीआइए की तरफ झुकाव बढ़ने के प्रबल आसार हैं।


ऐसे में एनडीए और आइएनडीआइए की सीधी लड़ाई से अकेले चुनाव मैदान में उतरने वाली बसपा को अबकी लोकसभा चुनाव में खाता खोलने तक की चुनौती से जूझना पड़ सकता है। दरअसल, पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव में 21.12 प्रतिशत वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद बसपा घोसी उपचुनाव के मैदान से दूर रही। वैसे तो बसपा अमूमन उपचुनाव से दूर रहती है लेकिन घोसी उपचुनाव के बारे में कहा जा रहा है कि बसपा प्रमुख मायावती ने सोची-समझी रणनीति के तहत दूरी बनाए रखी। चूंकि माना जाता रहा है कि ज्यादातर उपचुनाव में सत्ताधारी पार्टी की ही जीत होती है और भाजपा ने घोसी सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए निषाद पार्टी, अपना दल के साथ ही एनडीए में सुभासपा को भी ले लिया इसलिए उसकी ही जीत की संभावना ज्यादा है। भाजपा के जीतने की दशा में मायावती खासतौर से अल्पसंख्यकों को यही समझाने की फिर कोशिश करती कि भाजपा का मुकाबला सपा-कांग्रेस का आइएनडीआइए गठबंधन नहीं कर सकता। बसपा ही लोकसभा चुनाव में अकेले भाजपा को हरा सकती है इसीलिए उपचुनाव के दरमियान भी मायावती बार-बार यही कहती रहीं कि वह न एनडीए और न ही आइएनडीआइए गठबंधन के साथ हैं। आइएनडीआइए में शामिल कांग्रेस, रालोद के समर्थन के साथ सपा की जीत को मायावती के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की रणनीति को तगड़ा झटका माना जा रहा है। माना जा रहा है कि सपा की जीत से लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों का आइएनडीआइए की तरफ झुकाव बढ़ेगा ही। ऐसे में एनडीए और आइएनडीआइए प्रत्याशियों के बीच सीधी लड़ाई होगी। ऐसे में मायावती के अकेले चुनाव लड़ने पर भी बसपा के बजाय भाजपा को ही ज्यादा फायदा हो सकता है। सपा से गठबंधन कर पिछले लोकसभा चुनाव में 10 सीटें जीतने वाली बसपा वर्ष 2014 में अकेले चुनाव लड़ने पर शून्य पर सिमट कर रह गई थी। अल्पसंख्यकों आदि का जो वोट बसपा हासिल करेगी उसका नुकसान आइएनडीआइए को होगा और सीधा लाभ भाजपा को ही मिलेगा।

## सपा में और मजबूत होंगे शिवपाल यादव

**लखनऊ।** घोसी उपचुनाव जीतने के बाद अब सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पार्टी में और मजबूत होंगे। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के बाद यह दूसरा मौका है जब शिवपाल ने भतीजे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का भरोसा और मजबूत किया है। शिवपाल आठ दिन घोसी में अपने पुराने अंदाज में डटे रहे और उन्होंने प्रत्येक बूथ पर ऐसी किलेबंदी की जिसे सत्ताधारी दल भाजपा की फौज भी भेद नहीं पाई। सपा को उपचुनाव में 2022 के मुकाबले वोट भी अधिक मिले हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने घोसी को जिताने की जिम्मेदारी चाचा शिवपाल को सौंपी थी। चाचा ने इसे बखूबी निभाया। जिस तरह से उन्होंने मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में बहू डिंपल यादव को जिताने के लिए गली-गली घूमकर पसीना बहाया था उसी तरह घोसी उपचुनाव में सुधाकर सिंह के लिए घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। शिवपाल बिलकुल उसी तर्ज पर घोसी में काम किया जिस तरह अपने बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के समय सपा के लिए करते थे।

# घोसी उपचुनाव के बाद सपा के निशाने पर राजभर, कार्यालय के बाहर लगाया होर्डिंग

**लखनऊ।** मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने भारी-भरकम जीत दर्ज करते हुए भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान को हरा दिया। चुनाव परिणाम आने के बाद सपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं और ऐसा लग रहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उन्हें जरूरी आत्मविश्वास मिल गया है। अब वह खुलकर विपक्ष पर हमलावर हो रहे हैं।




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत करार दिया था। कहा था कि यही आने वाले लोकसभा चुनाव का भी परिणाम होगा। इसके साथ ही सपा नेतृत्व पर लगातार हमलावर रहने वाले सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी सपा कार्यकर्ताओं के निशाने पर आ गए हैं। राजभर ने यूपी विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था हालांकि, भाजपा से उनकी नजदीकियां बढ़ने और उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। वह घोसी उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का दावा कर रहे थे। राजभर को लेकर लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर एक होर्डिंग लगाई गई है। जिसमें उन्हें दगा हुआ कारतूस बताया गया है। ऐसा लिखकर सभी राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी भी दी गई है। सभी दल सावधान ओम प्रकाश राजभर दगे हुए कारतूस हैं। बताया जा रहा है कि होर्डिंग सपा कार्यकर्ता आशुतोष सिंह द्वारा लगाई गई है। चुनाव परिणाम आने के बाद राजभर के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। राजभर एक बड़बोले नेता के रूप में जाने जाते हैं। यूपी विधानसभा चुनाव में वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तो कई आपित्तजनक बयान तक दे चुके हैं। उपचुनाव के पहले कयास लगाए जा रहे थे कि अगर इस सीट पर दारा सिंह चौहान की जीत होती है तो योगी सरकार में उन्हें मंत्री बनाया जा सकता है। राजभर के भी मंत्री बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे। उपचुनाव परिणाम आने के बाद राजभर काफी निराश नजर आए और कहा कि चुनाव प्रबंधन में कहां कमी रही गई इसकी समीक्षा करेंगे।

# जातिगत जनगणना के लिए हम सभी को मिलकर सरकार पर दबाव बनाना होगा

लखनऊ। सीपीएम की पूर्व सांसद और पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली ने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना से घबरा रही है। वह नहीं चाहती कि समाज में पिछड़ी जातियों की संख्या और उनकी स्थिति के बारे में पता चले। वह शनिवार को वाराणसी के ओदार राजातालाब में पार्टी की ओर से आयोजित सभा में बोल रही थीं। जाति जनगणना की मांग को जायज ठहराते हुए सुभाषिनी अली ने पूछा कि यह जरूरी प्रक्रिया यूपी में कब शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के लिए हम सभी को मिलकर सरकार पर दबाव बनाना होगा। बताया कि कई तरह के सवाल जनगणना के समय पूछे जाते हैं। जाति संबंधित सूचना ले लेने से सरकार को क्या दिक्कत आ जाएगी। वहां उपस्थित जनता से उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के आधार पर ही लोगों को आरक्षण मिलते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि किस जाति के कितने लोग हैं। सपा नेता व सेवापुरी



विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि जातिगत जनगणना कराया जाना यूपी में बेहद जरूरी है। यह गांव, शहर, देश की जनता का अधिकार भी है। सीपीएम के राज्य सचिव डॉ. हीरालाल यादव ने जातीय जनगणना से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया राजभर और संचालन नंदलाल पटेल ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश राजभर, अपना दल कमेरावादी के जिला अध्यक्ष दिलीप पटेल, पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोरोना से भी खतरनाक लेप्टोस्पायरोसिस

- वाराणसी में 10 से अधिक बच्चे पीड़ित, अलर्ट जारी
- चूहे के मूत्र के जरिये फैल रही बीमारी

**लखनऊ।** कोरोना से भी खतरनाक लेप्टोस्पायरोसिस ने वाराणसी में दस्तक दी है। यह बीमारी चूहों से होती है। बच्चों को ही निशाना बनाती है। अब तक 10 से अधिक बच्चे चपेट में आ चुके हैं। शहर के निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

तेज बुखार के कारण चेतगंज की बालिका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जांच कराई, लेकिन बीमारी पकड़ में नहीं आई। इसके बाद सी रिएक्टिव प्रोटीन (सीआरपी) जांच कराई गई। सीआरपी ज्यादा मिली तो डॉक्टर चिंतित दिखे। आशंका के आधार पर लेप्टोस्पायरोसिस की जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि लेप्टोस्पायरोसिस के बारे में जानकारी मिली है। बाल रोग विशेषज्ञों को अलर्ट



किया गया है। इससे पहले 2013 में मामले सामने आए थे। मंडलीय अस्पताल के बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सीपी गुप्ता ने बताया कि ओपीडी में मरीज आ रहे हैं। भारतीय बाल अकादमी के अध्यक्ष डॉ. आलोक भारद्वाज के मुताबिक, बुखार अगर तीन-चार दिन से ज्यादा है तो इसे हल्के में न लें। सीआरपी की जांच कराइए। अगर सीआरपी ज्यादा आए तो समझ लें बैक्टीरियल बुखार है। इसके बाद लेप्टोस्पायरोसिस की जांच करानी होगी। इसके लक्षण डेंगू और वायरल से मिलते हैं। इसमें प्लेटलेट्स तेजी से नहीं डाउन होता है। 30 से 40 हजार तक पहुंचने के बाद रिकवर हो जाता है। नवजात शिशु संघ के प्रदेश अध्यक्ष और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक राय के मुताबिक अब तक बाल लेप्टोस्पायरोसिस पीड़ित पांच बच्चों का इलाज कर चुके हैं। यह बीमारी चूहे के मूत्र के जरिये बच्चों में फैल रही है। इसमें डेंगू की तरह ही बुखार आएगा। यह शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है। पहले सामान्य बुखार होता है। लक्षण पांच से छह दिन बाद मिलते हैं। सही इलाज न मिले तो बुखार 10 से 15 दिन रहता है। इससे कभी पीलिया तो कभी हार्ट फेल होने का खतरा रहता है। बीएचयू के जीवविज्ञानी प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि लेप्टोस्पायरोसिस बैक्टीरिया कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक है। कोरोना की चपेट में आने वालों की मृत्यु दर से एक से डेढ़ फीसदी है, जबकि लेप्टोस्पायरोसिस की तीन से 10 फीसदी है। इस बीमारी के वाहक चूहे हैं। चूहे ने कहीं पेशाब किया और आपकी स्किन कटी है तो अगर आप इसके संपर्क में आते हैं तो लेप्टोस्पायरोसिस होने की आशंका रहती है। यह बैक्टीरिया छह महीने तक पानी में जीवित रह सकता है। जुलाई से अक्तूबर के बीच बैक्टीरियल इंफेक्शन ज्यादा होता है। प्रो. चौबे ने बताया कि 1980 में सबसे पहले इस बैक्टीरिया की पहचान चेन्नई की गई थी। उत्तर प्रदेश में पहला मरीज 2004 में मिला था। 43 वर्षों में बैक्टीरिया ने अपना स्वरूप बदल लिया है। पहले जहां यह 40 से 45 आयु वर्ग को प्रभावित कर रहा था। इस बार के संक्रमण में बच्चे इसकी जद में सबसे ज्यादा है। बुखार, शरीर, पीठ और पैरों में तेज दर्द, आंख में लाली, पेट में दर्द, खांसी, खांसी के साथ खून आना, सर्दी के साथ बुखार आना और शरीर में लाल चकत्ते।

# सभी 72 विभागों को 22 दिन में खर्च करने होंगे 15 हजार करोड़

**लखनऊ।** विभागों की कंजूसी पर शासन ने चिंता जताई है। सभी विभागों को ज्यादा से ज्यादा खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें 22 दिन में 15 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य दिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी 72 विभागों को निर्देश जारी किए हैं। शासन का मानना है कि पूंजीगत खर्च से अवस्थापना व विकास का रास्ता खुलता है, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के लिए लगभग 1.47 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। कोषागार से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त तक पूंजीगत व्यय पर सिर्फ 23,348 करोड़ खर्च किए गए हैं जो इस मद के बजट का सिर्फ 23 फीसदी है। इतने कम खर्च पर शासन ने चिंता जताई है। क्योंकि कम खर्च का असर केंद्र से मिलने वाली विशेष मदद पर पड़ेगा। पूंजीगत खर्च को बढ़ावा देने के लिए केंद्र ने राज्यों के लिए ये योजना जारी की है। इसके तहत 50 साल के



लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। इस योजना के तहत यूपी को 17,939 करोड़ आवंटित किए गए हैं। इसमें से 11660 करोड़ रुपये राज्य को मिल चुके हैं। अब शेष राशि प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार को सितंबर तक पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित बजट में से 37,415 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे जबकि खर्च हुए हैं 23,348 करोड़। अब केवल 22 दिन बचे हैं और सरकार को करीब 15 हजार करोड़ रुपये खर्च करने हैं। इसके बाद ही केंद्र सरकार शेष 6 हजार करोड़ रुपये राज्य सरकार को जारी करेगी। इसे देखते हुए वित्त मंत्री ने कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग इस महीने आवंटित बजट का कम से कम 50 फीसदी हर हाल में खर्च करें।

# गौवंशों को बीमारियों से बचाने का करें इंतजाम: विशेष सचिव



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** विशेष सचिव दुग्ध विकास रामसहाय यादव ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि गौवंशों को बीमारियों से बचाने के लिए अभी से तैयारियां कर ली जाएं। इसके साथ ही उनके चारा-भूसा की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाए। हिदायत दी कि इस मामले में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व विशेष सचिव ने कई गौशालाओं का निरीक्षण भी किया। विशेष सचिव श्री यादव ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला संबंधी अभिलेख दुरुस्त रखे जाएं। इसके साथ ही गोवंशों के लिए भूसा, चारा, दाना आदि को संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी गौवंश बीमारी से पीड़ित नहीं है, अलबत्ता बीमारियों से गौवंशों को बचाने के लिए बेहतर इंतजाम करें। इसके पूर्व विशेष सचिव ने कान्हा गौशाला तिन्दवारी, कान्हा गौशाला मटौंध एवं कनवारा गौशाला तथा खैरादा गौशाला का निरीक्षण किया गया, जिसमें अभी तक जनपद में गौवंशों में लम्पी स्किन डिजीज की कोई भी बीमारी नही पाई गई। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को लम्पी स्किन डिजीज वायरस के बचाव करने के लिए निर्देश दिये गये।

# मंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ डाला।** चोपन विकास खंड क्षेत्र में 65 करोड़ की लागत से तीन मंजिला बनकर तैयार हो रहे आवासीय अटल विद्यालय गुरमूरा का शनिवार को सूबे के श्रम सेवायोजन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं यथाशीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। विद्यालय में 11 सितंबर से कक्षाओं का संचालन किया जाना है। 23 सितंबर को प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन करने की संभावना जताई गई।

उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक कमरों, कैंटीन, शौचालय,किचन,स्टोर रुम आदि का निरीक्षण किया। खेल मैदान, बॉस्केटवाल, बैडमिंटन कोड जल्दी बनाकर तैयार करने के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान भोजन की थाली अच्छी नहीं होने पर बदलने के लिए कहा। बिस्तर पर बिछाने वाले रंग बिरंगे चादर व तकिया कवर को देखकर उसे एक ही रंग का खरीदने की बात कही। विद्यालय के



प्रधानाचार्य से उन्होंने कहा कि अभिभावकों को व्हाट्सएप के जरिए जोड़ा जाए जो नहीं जुड़ पाएंगे उन्हें फोन के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जाए अभिभावकों को हिंदी में मैसेज भेजा जाए ताकी श्रमिक अभिभावक हिंदी में उसे आसानी से पढ़ सकें।

कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन करने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय के निर्माण में बालक-बालिका हॉस्टल, कैंटीन आदि शामिल है।इस विद्यालय में निर्माण श्रमिकों व कोविड में अनाथ हुए बालक व बालिकाओं को कक्षा 12 तक की शिक्षा मिलेगी। अभी चालू सत्र में कक्षा 6 के बच्चों की पढ़ाई होगी शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क होगी। इस सत्र में 40 लड़के व 40 लड़कियों का प्रवेश हो चुका है। बच्चों को पढ़ने के लिए वर्तमान समय में 10 अध्यापक नियुक्त हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का नारा है श्रमेव जयते श्रमिकों को सम्मान देना इसी के तहत कामगार के बच्चों को शिक्षा के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ यह शिक्षण संस्थान बन रहा है। अभी तो हर मंडल स्तर पर एक विद्यालय बन रहा है जैसे ही व्यवस्थित तरीके से शिक्षण संस्थान चलने लगेगा तब हम प्रत्येक जिले में इसी तरह का अटल आवासीय विद्यालय बनाने का काम करेंगे। गुरमुरा स्थित घसीया बस्ती की दर्जनों महिलाओं ने मंत्री जी के वाहन को रोककर पानी की समस्या से अवगत कराया। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने महिलाओं को आश्वासन दिया की एक-दो दिन के भीतर उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा।

### समस्याओं पर हुई वार्ता

विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके मंडल ने नेटवर्क की समस्या को देखते हुए टावर लगाने की बात कही। इसके अलावा 10 से 12 घंटे मिल रही बिजली को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने की मांग की।बिजली के अभाव में जनरेटर व सोलर प्लांट लगाने की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। मौके पर पर उपस्थित विद्युत,राजस्व विभाग समेत अन्य अधिकारियों को छोटी बड़ी समस्या ठीक कराने का उन्होंने निर्देश दिया।

# डीएम व एसपी ने कन्हौली स्थित श्रीनेत ग्लोबल स्कूल का किया दौरा

**रुद्रपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को जनपद के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर तहसील के कन्हौली गांव पहुंचे। जहां पर इस वर्ष से प्रारंभ श्री नेत ग्लोबल स्कूल का दौरा कर जाएजा लिया। स्कूल के प्रबंधक और प्रिंसिपल डॉक्टर मधु सिंह ने स्कूल के विषय में विस्तार से बताया। विश्व तीरंदाजी में अपना नाम रोशन किये अर्जुन अवार्डी द्रोणाचार्य अवार्डी संजीव कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संकल्प शर्मा को उत्तर प्रदेश के प्रथम तीरंदाजी विद्यालय के बारे में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौका देखकर तीरंदाजी के गुर से वाकिफ हुए व 5 मीटर की दूरी से धनुष बाण से लक्ष्य भेदन भी किया। इस अवसर पर तीरंदाजी के भारतीय टीम के कोच संजीव कुमार सिंह ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को विद्यालय की विशेषता और तीरंदाजी के विविध आयामों से परिचित कराया उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश का तीरंदाजी का यह पहला विद्यालय है। जहां पर तीरंदाजी शुरुआती कक्षाओं से सीखाने की प्लानिंग की गई है। जिलाधिकारी तीरंदाजी विद्यालय देखकर खुश होते हुए उन्होंने संजीवा तीरंदाजी एकेडमी खोलने हेतु 3 एकड़ की जमीन शासकीय स्तर पर देने की पहल करने की बात कही। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विकास कुमार द्विवेदी,अमित कुमार सिंह, अनिल सिंह, शिव रतन यादव आदि उपस्थित रहे।



# मेरी माटी मेरा देश अभियान भव्यता के साथ मन रहा: डॉ. रतनपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने विधान परिषद सदस्य डॉ. रतनपाल सिंह तथा नपाध्यक्ष अलका सिंह के साथ न्यू कालोनी, गरुलपार, मोहन रोड, पेड़ा गली, मालवीय रोड, बांस देवरिया मुहल्ले के घर-घर जाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एक चुटकी चावल/मिट्टी अमृत कलश में एकत्रित किया और लोगो को पंच प्रण की शपथ दिलाया।

इस दौरान एमएलसी डॉ.रतनपाल सिंह ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा रखता है।



प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा की भव्यता और दिव्यता के साथ देश का अमृत काल मनाया जा रहा है।यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। इस दौरान मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, नगर अध्यक्ष संजय पाण्डेय, मनमोहन मिश्रा, संजय तिवारी, रमेश मल्ल, अभय मल्ल, मनोज गोयल, निरंजन शुक्ला, आशीष गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अजय सिंह, रूपम पाण्डेय, दीपक वर्मा, बृजेश गुप्ता, मुद्रिका प्रसाद आदि रहे।


# डोल मेला में नर्तकियों ने परोसा फूहड़पन व अश्लीलता

## नर्तकियों के साथ थिरके युवक, शहर में रात भर रही चहल कदमी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दुसरे दिन पडरौना शहर में परंपरागत डोल मेला शुक्रवार की रात से शुरू होकर शनिवार की सुबह संपन्न हो गया। धार्मिक डोल मेला मे आर्केस्ट्रा के जरिए नर्तकियों ने खूब अश्लीलता परोसी और युवक ट्रैक्टर-टाली पर चल रहे आर्केस्ट्रा के पीछे पूरी रात थिरकते रहे। अखाड़ा खिलाड़ियों के हैरतअंगेज करतब लोगों को खूब भाई। हालांकि बार-बार बिजली कटौती के कारण मेले की रौनक फीकी होती रही और सड़को पर अंधेरा कायम होता रहा।

बता दें कि हर साल की तरह इस बार भी पडरौना नगर के छावनी, सुभाष चौक, बेलवा चुंगी, कसेरा टोली, तुरहा टोली, दरबार रोड, तिलक चौक तुरहा टोली, समेत सभी अखाड़ों के खिलाड़ी डोल की पूजा-अर्चना के बाद रात के ग्यारह बजे से नगर भ्रमण के लिए निकले। अखाड़ा दल आर्केस्ट्रा के साथ मुहल्ले में







भ्रमण के बाद नगर के सुभाष चौक पहुंचे और वहां से प्रमुख मार्गो से होकर शहर का भ्रमण लिए। लोगों ने जगह-जगह डोल में स्थित भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना की। हालांकि इधर कुछ वर्षों से डोल मेला मे आर्केस्ट्रा नर्तकियों के अश्लील व फूहड़ नृत्यगान पर प्रतिबंध के बाद भी पिछले साल की तरह इस भी बार डोल मेला मे भक्ति गीतो को दरकिनार कर जमकर अश्लीलता परोसी गई। नतीजा यह रहा कि मेला मे बहुत कम झांकियां भक्तिभाव में सराबोर नजर आया। भक्तिभाव वाले कुछ गिने-चुने झांकियों वाले कलाकार भक्तिगीतों पर देवी देवताओं की वेषभूषा में नृत्य करते नजर आए। **हैरत अंगेज करतब देख मंत्रमुग्ध हुए लोग:** शहर की सड़कों पर हुई रात भर चहल कदमी के दौरान कुल एक दर्जन अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर खूब वाहवाही बटोरी।अखाड़ों के कलाकारों ने डंडा भांजते, शीशा के नुकीले भाग पर लेटते, भाला पर सोते, आग के गोलों से खेलते हुए कारनामे दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मेले में घूमने के लिए न सिर्फ शहर के लोग शामिल हुए थे, बल्कि देहात क्षेत्रों से भी आए लोगों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए कई थानों की पुलिस, पीएसी व महिला पुलिसकर्मी तैनात रहीं। बड़े-बड़े ट्रालियों पर आर्केस्ट्रा का मंच लगा था। हालांकि आर्केस्ट्रा में नाचने के दौरान कुछ जगहों पर हल्की नोक झोंक भी हुई, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के चलते कोई बड़ी घटना नहीं हो सकी। कहना न होगा कि शुक्रवार को पडरौना में डोल मेला था लेकिन पूरी रात बिजली रानी का आंख मिचौली जारी रहा। शाम के बाद तो बिजली कई बार आई और गई। नतीजतन दूर दराज से मेला देखने के लिए आए लोग अंधेरे में काफी परेशान हुए।

### टकटकी लगाए देखते रहे और करते रहे दायित्वों का निर्वहन

मजे की बात यह है कि पुलिस और पीएसी के जवान सभी धार्मिक डोल व अखाड़ों के साथ मुस्तैदी से तैनात रहे और विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा बाहर से बुलाए गए आर्केस्ट्रा मे नर्तकियों के फूहड़ नृत्य के जरिए परोसी जा रही अश्लीलता को मुस्तैद खाकी के जवान टकटकी लगाए देखते रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

# कौशल विकास घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता और आरोपी नंबर 1 थे नायडू, आंध्र सीआईडी का दावा

**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू पर 371 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगा है। एपी अपराध जांच विभाग ने शनिवार को दावा किया कि कौशल विकास घोटाले में एन चंद्रबाबू नायडू मुख्य साजिशकर्ता और आरोपी नंबर 1 है। CID ने आगे कहा कि नायडू के निर्देशों के तहत सभी आदेश जारी किए गए, जिसका उद्देश्य सरकारी खजाने को गलत नुकसान पहुंचाना और निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाना था।

पूर्व मुख्यमंत्री को घोटाले के सिलसिले में सीआईडी ने सुबह करीब 6 बजे नंदयाला शहर के ज्ञानपुरम में आर के फंक्शन हॉल से गिरफ्तार किया था। अपनी रिमांड रिपोर्ट में, सीआईडी ने कहा है कि अब तक की जांच के अनुसार, छह कौशल विकास समूहों पर निजी संस्थाओं द्वारा खर्च की गई कुल राशि विशेष रूप

**गबन**

**वरिष्ठ अधिकारी ने आगे कहा कि जांच का ध्यान गबन किए गए धन का पता लगाने पर केंद्रित है।**

से एपी सरकार और एपी कौशल विकास केंद्र द्वारा उन्नत धनराशि से प्राप्त की गई है, जो कुल 371 करोड़ रुपये है। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त डीआइजी डीजी एन संजय ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नायडू को सरकारी आदेश और समझौता ज्ञापन जारी करने के लिए लेनदेन के बारे में विशेष जानकारी है, जिसके कारण वह जांच के दायरे में आते है। वरिष्ठ



अधिकारी ने आगे कहा कि जांच का ध्यान गबन किए गए धन का पता लगाने पर केंद्रित है। जिससे एन चंद्रबाबू नायडू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

एन संजय ने यह भी कहा कि चंद्रबाबू नायडू से हिरासत में पूछताछ जरूरी है क्योंकि वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। सीआईडी ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को कौशल विकास निगम में लगभग 550 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि कथित धोखाधड़ी से आंध्र प्रदेश सरकार को 300 करोड़ से अधिक का भारी नुकसान हुआ है।सीआईडी ने कहा कि सरकार द्वारा दी गई अधिकांश धनराशि फर्जी बिलों के माध्यम से शेल कंपनियों को भेज दी गई। सीआईडी ने आरोप लगाया कि जांच में मुख्य आरोपी नारा चंद्रबाबू नायडू के साथ-साथ तेलुगु देशम पार्टी ने भी गलत तरीके से धन का लाभ उठाया है। इस योजना के पीछे नारा चंद्रबाबू नायडू को प्रमुख साजिशकर्ता माना जा रहा है। इस मामले में आरोपों में 10 साल से अधिक कारावास की सजा का प्रावधान है।

### तेलुगु लोगों और मातृभूमि की सेवा करने से कोई नहीं रोक सकता, गिरफ्तारी के बाद चंद्रबाबू नायडू ने किया पोस्ट

**नंद्याल।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को शनिवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में राज्य ष्ठद्बष्ठ ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद उन्होंने कहा कि वह तेलुगु लोगों के हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने के लिए तैयार हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू ने कहा कि सीआईडी अधिकारियों ने बिना कोई सबूत दिखाए, उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा, पिछले 45 सालों से मैंने निस्वार्थ भाव से तेलुगु लोगों की सेवा की है।

## जी20 थीम वसुधैव कुटुंबकम समावेशी विकास के लिए वैश्विक रोड मैप, राष्ट्रपति मुर्मु ने किया अतिथि देशों का स्वागत

**नई दिल्ली।** आज से जी20 समिट का आगाज हो चुका है और इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, भारत की जी20 की अध्यक्षता का विषय वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। ये टिकाऊ, समावेशी और मानव-केंद्रित विकास के लिए एक वैश्विक रोडमैप को दर्शाता।

बता दें कि जी20 शिखर सम्मेलन दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र परिसर भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने ङ्क (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, नई दिल्ली में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले जी20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत है। भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है, जो टिकाऊ, समावेशी और मानव-केंद्रित विकास के लिए एक






वैश्विक रोडमैप है। मैं जी20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों को इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में उनके प्रयासों में सफलता की कामना करती हूं।

अपनी त्न20 अध्यक्षता में, भारत समावेशी विकास, डिजिटल नवाचार, जलवायु लचीलापन और न्यायसंगत वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। बता दें कि त्न20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें शामिल होने वाले देश, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) है।

## 15 हजार से अधिक सिम कार्ड को पुलिस ने किया ब्लॉक, धोखाधड़ी के लिए जालसाज ने किया

**बेंगलुरु।** इन दिनों कई जगह अवैध सिम कार्ड के जरिए काफी लोगों के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आते हैं। इसी बीच बेंगलुरु

**संदिग्ध**

**अधिकारी ने कहा, यह एक अभियान है और जब भी हम ऐसे संदिग्ध नंबरों की पहचान करेंगे, तो उसे ब्लॉक कर देंगे।**

शहर की पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पिछले तीन हफ्तों में 1500 से अधिक सिम कार्ड की पहचान कर उन्हें ब्लॉक किया है, जिसका इस्तेमाल धोखेबाजों द्वारा किया गया था।

पुलिस ने शनिवार को कहा कि शहर की सीमाओं के पार इस तरह के साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिसके कारण पुलिस ने यह कार्यवाही की है। पुलिस के मुताबिक, शहर में साइबर क्राइम की घटनाओं पर लगाम लगाने के




लिए 16 अगस्त को एक विशेष अभियान शुरू किया गया था।

ब्लॉक किए गए अधिकांश सिम कार्ड उत्तरी भारत में चालू पाए गए और धोखेबाजों द्वारा विभिन्न धोखाधड़ी के तरीकों से निवासियों को धोखा देने के लिए इस्तेमाल किए गए। अधिकारी ने कहा, इस साल जनवरी से, साइबर अपराध से संबंधित मामलों में वृद्धि हुई है और हमें बहुत सारी शिकायतें मिलीं। इन मामलों में पीड़ितों ने उन नंबर को रजिस्टर कराया, जिसके माध्यम से उनके साथ धोखाधड़ी हुई। हमने उन सभी नंबरों को वेरिफाई किया और उन्हें तुरंत ब्लॉक कर दिया गया।÷ पुलिस उपायुक्त (कमांड सेंटर) रवींद्र गदादी ने कहा कि एक जालसाज एक ही सिम कार्ड का इस्तेमाल कई निर्दोष लोगों को धोखा देने के लिए कर सकता है। ऐसे में यदि सिम कार्ड को तुरंत ब्लॉक नहीं किया जाएगा, तो इसका इस्तेमाल किसी अन्य पीड़ितों को टारगेट किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, ÷यह एक अभियान है और जब भी हम ऐसे संदिग्ध नंबरों की पहचान करेंगे, तो उसे ब्लॉक कर देंगे। पुलिस ऐसे सिम कार्डों की पहचान करने के लिए पिछले सालों की केस फाइल का विश्लेषण भी कर रहे हैं।

# भारत, अमेरिका, सऊदी और यूरोप के बीच होगी बहुत बड़ी डील, चीन को लगेगा झटका

**नई दिल्ली।** जी20 राजधानी दिल्ली में जी20 समिट की शुरुआत के साथ ही विश्व नेताओं का जमावड़ा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के कई शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर कई समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते है।

इसी को देखते हुए जी20 समिट में भारत , अमेरिका , सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी बहुत बड़ी डील होने वाली हैं। यह डील रेलवे और बंदरगाहों से सबंधित होगी। मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया को जोड़ने वाले एक बहुराष्ट्रीय रेल और बंदरगाह सौदे की घोषणा शनिवार यानी (9 सितंबर) को जी20 समिट के मौके पर की जाएगी। इसकी जानकारी व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन वैश्विक बुनियादी ढांचे पर चीनी बेल्ट का



मुकाबला करना चाहते हैं और इसलिए यह डील एक महत्वपूर्ण समय पर किया जा रहा है। बाइडन की जी20 समूह में विकासशील देशों के लिए वाशिंगटन को एक वैकल्पिक भागीदार और निवेशक के रूप में पेश करने की योजना है। नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने संवाददाताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस डील से क्षेत्र के निम्न और मध्यम आय वाले देशों को बेहद लाभ पहुंचेगा। इससे वैश्विक वाणिज्य में मध्य पूर्व के लिए महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि इसका उद्देश्य मध्य पूर्व के देशों को रेलवे से जोड़ना और उन्हें बंदरगाह द्वारा भारत से जोड़ना है, जिससे शिपिंग समय, लागत और ईंधन के उपयोग में कटौती करके खाड़ी से यूरोप तक ऊर्जा और व्यापार के प्रवाह में मदद मिलेगी।

इस डील के लिए एक समझौता ज्ञापन पर यूरोपीय संघ, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य जी20 भागीदारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने कहा,इन प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ना एक बहुत बड़ा अवसर है। यह डील कितने रुपये की है, इस पर अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हुई है।

### क्या भारतीय जमीन पर अमेरिकी सैन्य अड्डे को मंजूरी देने जा रही केंद्र सरकार? कांग्रेस ने पूछा सवाल

**नई दिल्ली।** भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का आज से आगाज हो गया है। जी20 देशों के नेताओं ने दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के पहले सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि, अब जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस ने भारत-अमेरिका द्वारा जारी एक संयुक्त बयान को लेकर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी ने देश में अमेरिकी सैन्य अड्डे को मंजूरी दिए जाने को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने व्हाइट हाउस के एक बयान का हवाला देते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि क्या सरकार भारतीय जमीन पर अमेरिकी सैन्य अड्डे को मंजूरी देने जा रही है।

## माउ में घातक जंगल की आग के एक महीने बाद भी 66 लोग लापता, मलबा हटाने का काम जारी

**हवाई।** माउ के एक शहर में भीषण आग लगने के एक महीने बाद, 66 लोग लापता हैं। हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने शुक्रवार को कहा कि श्रमिकों ने जले हुए स्थान से विषाक्त मलबे को हटाना जारी

**सर्वेक्षण**

**आग से बचे लोगों को अपने घरों और व्यवसायों के खंडहरों का सर्वेक्षण करने के लिए वापस जाने की अनुमति नहीं दी गई है।**

रखा है, इस प्रक्रिया में लगभग एक साल लग सकता है। 8 अगस्त को ऐतिहासिक शहर लाहिना को जलाकर खंडहर बना देने वाली आग में मरने वालों की आधिकारिक संख्या अभी भी 115 है। यह संख्या दो सप्ताह से अधिक समय से अपरिवर्तित है। माउई पुलिस विभाग के अनुसार, गुरुवार तक उनमें से केवल 60 पीड़ितों की पहचान की गई थी। अधिकारियों ने कहा है कि कुछ पीड़ितों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बता दें इससे पहले सितंबर में, काउंटी और संघीय



अधिकारियों ने 380 से अधिक लोगों की एक सूची प्रसारित की थी जिनका अभी भी पता नहीं चल पाया है; राज्यपाल ने ऑनलाइन प्रसारित टिप्पणियों में कहा कि शुक्रवार तक सूची को घटाकर 66 लोगों तक कर दिया गया था। वहीं हवाई का स्वास्थ्य विभाग, जो राज्य में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करता है, ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि अधिकारी आग के पीड़ितों को कैसे प्रमाणित कर रहे हैं। आग से बचे लोगों को अपने घरों और व्यवसायों के खंडहरों का सर्वेक्षण करने के लिए वापस जाने की अनुमति नहीं दी गई है। गवर्नर ने शुक्रवार को कहा कि निवासियों और व्यवसाय-मालिकों को जल्द ही निर्धारित पर्यवेक्षित दौरों पर बर्न जोन में जाने की अनुमति दी जाएगी। ग्रीन ने कहा, हमें बताया गया है कि राख काफी जहरीली है, इसलिए हमें सावधान रहने की जरूरत है। अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी और अमेरिकी सेना के इंजीनियर्स लाहिना से जहरीले मलबे को हटाने का कार्य कर रहे हैं। ग्रीन ने कहा कि सफाई में एक साल का समय लगेगा और इसकी लागत लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगी। ग्रीन ने कहा, राज्य द्वीप पर अल्पकालिक किराये की संपत्तियों के मालिकों से आग से बेघर हुए लोगों को अपनी संपत्तियों को लंबी अवधि के लिए किराए पर देने पर विचार करने के लिए कह रहा है, और विस्थापितों के लिए अपनी पूरी संपत्तियों को पट्टे पर देने के बारे में कई होटलों से बात कर रहा है। ग्रीन ने कहा, आग से बचे 6,000 से अधिक लोग अभी भी होटल के कमरों में शरण लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी राज्य को अगले 18 महीनों के लिए विस्थापित लोगों के लिए आवास अनुदान और किराये की सहायता प्रदान करने में मदद कर रही है।

### मोरक्को में भूकंप से मची तबाही पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश मोरक्को में आए तीव्र भूकंप के झटकों से काफी त्रासदी हुई है। भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई है। इसमें सैकड़ों लोगों ने जान गंवाई है और कई लोग घायल हुए हैं। पीएम मोदी ने इस तबाही पर दुख जताते हुए शोक प्रकट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शोक जताते हुए हर संभव मदद देने का भरोसा जताया है। उन्होंने लिखा, ÷मोरक्को में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुख हुआ। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ है। गौरतलब है कि मोरक्को के मराकेश में शुक्रवार (8 सितंबर) की रात भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। देश के आंतरिक मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई है। इस भयानक भूकंप से काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय ने पुष्टि की है कि इस भूकंप से अब तक 800 लोगों की मौत हो गई है।

## मोरक्को में भूकंप से लगातार बढ़ रहा मौतों का आंकड़ा, अब तक 800 से ज्यादा शव बरामद

**रबात।** मोरक्को में देर रात आए शक्तिशाली भूकंप से अब तक 820 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 600 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। देश के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई है। जोरदार भूकंप के बाद लोग घबराकर अपने-अपने घर छोड़कर भाग गए। भूकंप के कारण ऐतिहासिक इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है और बिजली की कटौती भी हो गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप रात 11:11 बजे (2211 GMT) मार्राकेश से 44 मील (71 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में 18.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। स्पेक्टेटर के मुताबिक, मोरक्को में आए भूकंप से अब तक कम से कम 296 लोगों की मौत हो गई है और 329 लोग घायल हो गए हैं। अफ्रीकी देश मोरक्को मे आए भीषण भूंकप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने X (पूर्व में ट्विटर) पर दुख व्यक्त करते हुए



लिखा, मोरक्को में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुख हुआ। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रात 11:11 बजे आए भूकंप की तीव्रता 6.8 थी, जो झटकों के साथ कई सेकंड तक रहा। मोरक्को के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी और चेतावनी नेटवर्क ने रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7 मापी, जबकि अमेरिकी एजेंसी ने भूकंप के 19 मिनट बाद 4.9 तीव्रता के झटके की सूचना दी।

मोरक्को के लोगों ने कई वीडियो पोस्ट किए जिसमें कुछ इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं और ऐतिहासिक इमारतों के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।

## US के पूर्व खुफिया अधिकारी को उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम की चिंता, कहा- शांति बनाए रखने के प्रयास जारी

**वाशिंगटन।** 40 साल की सेवा के बाद, उत्तर कोरिया के लिए अमेरिका के सेवानिवृत्त



खुफिया अधिकारी सिद सेइलर ने विदाई संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि निराश न हों, क्योंकि उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। सेइलर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे अमेरिकी सैन्य खुफिया अधिकारी के रूप में कोरियाई प्रायद्वीप पर पहुंचे थे तब उत्तर कोरिया के शासक राजवंश के संस्थापक किम इल सुंग देश की पहली परमाणु सुविधाओं का निर्माण कर रहे थे। दशकों तक राष्ट्रपतियों, सैन्य कमांडरों और राजनयिकों को सलाह देने, उत्तर कोरिया की कथित गुप्त यात्राएं करने और उसके परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए वार्ता पर प्रमुख वार्ताकार के रूप में काम करने के बाद अब सेइलर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। सेइलर ने इस सप्ताह एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के उग्र दौर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और दबाव को छोड़ने या केवल यह स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है कि सत्तारूढ़ किम परिवार अब एक परमाणु-सशस्त्र शक्ति है। सेइलर ने परमाणु खतरे से निपटने के लिए अमेरिकी निरोध, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय दबाव की नीति को आकार देने में मदद की है।

### मशहूर फैशन डिजाइनर मार्क बोहन का 97 वर्ष की उम्र में हुआ निधन

**पेरिस** फैशन डिजाइनर मार्क बोहन का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। 22 अगस्त, 1926 को पेरिस में जन्मे, बोहन को कम उम्र से ही ड्राइंग और फैशन का शौक था, जिसे उनकी मां ने प्रोत्साहित किया था जो एक मिलिनर थीं। वह 1957 में क्रिश्चियन डायर से जुड़े, जिस पर लंदन को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी थी। उन्होंने 1983 और 1988 में दो बार फैशन डिजाइन का सर्वोच्च पुरस्कार डी डीओर (गोल्डन थिम्बल) जीता।

## पहली बार सूअर में मानव किडनी विकसित करने में मिली सफलता, शोधकर्ताओं ने भ्रूण में किए जेनेटिकल बदलाव

**बीजिंग।** दुनिया भर में कई लोग ऐसे हैं जो किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। समय पर प्रत्यारोपण के लिए अंग न मिलने के कारण कई लोगों की जान भी चली जाती है।

ऐसे में पहली बार सूअर के भ्रूण में मानव कोशिकाओं के साथ सफलतापूर्वक मानव किडनी विकसित करने में चीनी विज्ञानियों को मिली सफलता उम्मीद की किरण लेकर आई है। विज्ञानियों ने शोध के दौरान सूअरों में 28 दिनों के बाद विकासशील मानव किडनी की संरचना और नलिका का सामान्य गठन पाया। चीन में गुआंगजो इंस्टीट्यूट आफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के शोधकर्ताओं ने कहा कि मानव स्टेम कोशिकाओं को सूअर के भ्रूण के साथ एकीकृत करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। क्योंकि उनकी कोशिकाएं मानव

**प्रतिस्पर्धा**

**चीन में गुआंगजो इंस्टीट्यूट आफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के शोधकर्ताओं ने कहा कि मानव स्टेम कोशिकाओं को सूअर के भ्रूण के साथ एकीकृत करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।**

कोशिकाओं से प्रतिस्पर्धा करती हैं। उन्होंने कहा कि दोनों की कोशिकाओं की अलग-अलग जरूरतें होती हैं। इसलिए शोधकर्ताओं ने सबसे पहले सूअर के भ्रूण के भीतर जेनेटिकल बदलाव किया ताकि वह प्रतिस्पर्धा न करे। साथ ही मानव प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं में बदलाव किया



गया, जिससे यह सूअर की कोशिकाओं के साथ एकीकरण में सक्षम हों। फिर इन कोशिकाओं को एक विशेष माध्यम में संवर्धित कर प्रारंभिक मानव भ्रूण कोशिकाओं से मिलती-जुलती कोशिकाओं में बदल दिया गया और सूअर में डाल दिया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि मानव किडनी का विकास 28 दिन बाद भी सामान्य रूप से हो रहा था। शोधकर्ता इसे और लंबे समय तक विकसित करने के पक्ष में हैं। साथ ही वे अन्य अंगों के विकास को लेकर शोध करना चाह रहे हैं।

### अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी लड़ेंगी राष्ट्रपति पद का चुनाव, कहा- देश में लोकतंत्र दांव पर

**वाशिंगटन।** पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2024 में कांग्रेस के लिए फिर से चुनाव लड़ेंगी क्योंकि डेमोक्रेट बहुमत हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा, लोकतंत्र दांव पर है। पेलोसी ने एक ट्वीट में कहा, अब हमारे शहर को सैन फ्रांसिस्को के मूल्यों को आगे बढ़ाने और अपनी रिकवरी को आगे बढ़ाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है।÷ ÷हमारे देश को दुनिया को यह दिखाने के लिए अमेरिका की जरूरत है कि हमारा झंडा अभी भी वहां है, सभी के लिए स्वतंत्रता और न्याय के साथ। यही कारण है कि मैं पुनः चुनाव के लिए तैयार है और सम्मानपूर्वक आपका वोट मांगती हूं।

# मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह

**देश को महान बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका: एस. के. मिश्रा**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** नैनी स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने आपस में मिलकर विभिन्न खेलों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शिल्पी राय द्वारा किया गया।

विद्यालय प्रबंधक एस. के. मिश्रा ने शिक्षकों के सम्मान में कहा कि किसी भी देश को महान बनाने में शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम होती है। शिक्षक अपने शब्दों की ताकत से बच्चों को कुछ भी बना सकते हैं । कोई बच्चा अपने घर में शुरुवाती बातों को सीखता है उसके आबाद जब स्कूल आता है तो शिक्षक की बड़ी भूमिका हो जाती है कि उस कच्चे घड़े को तराश कर एक नया स्वरुप दें, वह स्वरूप डॉक्टर, इंजनियर, अधिकारी, समाजसेवी, नेता किसी रूप में हो सकता है। शिक्षक एक सम्मानित वर्ग होता है जो समाज को नैतिक बनाता है, प्रोग्रेसिव बनता है, स्वस्थ और सच्चरित्र बनाता, इसलिए शिक्षकों को सबसे ज्यादा सम्मान देने की आवश्यकता है।

शिक्षक सम्मान समारोह में विद्यालय के शिक्षकों व सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सम्मान प्रधानाचार्य स्नेहलता पांडे ने किया । उन्होंने कहा कि शिक्षिका होने के नाते वह इस बात को बखूबी महसूस करती हैं कि एक शिक्षक के लिए सम्मान कितना अहम है। हर बच्चे में प्रतिभा होती है। यह शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह प्रतिभा पहचाने और छात्रों को उसी विद्या में पारंगत करें। जब एक शिक्षक को सम्मान मिलता है तो उसकी मेहनत सफल होती है और उसे लगता है कि उसने समाज में और बच्चों में जो ऊर्जा लगायी है वह सार्थक दिशा में लगी है।

## आकाशी बिजली की चपेट में आने से युवती झुलसी

**आजमगढ़।** आकाशी बिजली की चपेट में आने से युवती हुई घायल परिजनों द्वारा इलाज के लिए कराया गया भर्ती। बिलरियागंज थाना अंतर्गत सेठारी गांव में रीता उम्र 16 वर्ष पुत्री जगदंबा पासवान अपने पूरे परिवार के साथ पक्के मकान मे थी दोपहर में लगभग 3:30 बजे तेज बारिश शुरू हुई बारिश थोड़ी कम हुई थी तो रीता घर के आंगन में चली गई इसी दौरान आकाशीय बिजली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया युवती वहीं बेहोश हो कर गिर गई परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे जिला चिकित्सालय आजमगढ़ में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है डॉक्टर द्वारा बताया गया कि अभी उसकी स्थिति चिंताजनक है कुछ कहा नहीं जा सकता।

# प्रशासन पस्त अपराधी मस्त: प्रमिल

अवधनामा संवाददाता



**शहर में बढ़ रहे चोरी छिनैती, और सट्टा बाजार को लेकर जनहित संघर्ष समिति ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा**

**प्रयागराज।** शहर में बढ़ रहे चोरी छिनैती और सट्टेबाजी को लेकर जनहित संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रमिल केसरवानी के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सोपा गया। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 31 अगस्त को धूमनगंज थाना अंतर्गत प्रीतम नगर कॉलोनी में अधिवक्ता अभिषेक जैन की स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी हो गई, और लगभग 1 महीने पहले जीरो रोड पार्किंग से एक बाइक चोरी हो गई। 20 दिन पूर्व खुल्दाबाद थाना अंतर्गत एक छोटे व्यापारी के बाइक से बैग चोरी कर लिया गया। इसमें 22000 का सामग्री था। इन सभी को लेकर थाने में एप्लीकेशन दिया गया पर अभी तक कोई कार्रवाई अपराधियों के प्रति पुलिस करने में नाकाम रही। पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे सटोरिये अपनी दुकान धड़ल्ले से चला रहे हैं। पुलिस प्रशासन पस्त है और अपराधी मस्त होकर घूम रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि दशहरे जैसे बड़े त्योहार को देखते हुए प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाए और सट्टा बाजार चलाने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। अन्यथा जनहित संघर्ष समिति आंदोलन के लिए मजबूर होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सुशील जैन, कुलदीप चौरसिया, अधिवक्ता अभिषेक जैन, रविंद्र गांधी आदि रहे।

# आयोजित हुआ मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम

**प्रयागराज।** बक्सी खुर्द दारागंज की पार्षद अनुपमा तीर्थराज पाण्डेय के नेतृत्व में आज मध्य दारागंज स्थित पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे से लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक चुटकी चावल कलश में लिया गया। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रयागराज महानगर के संयोजक तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया के द्वारा मोदी के पांच प्रण लोगों को दिलाया। जिसको जन-जन तक हम सब लोगों को मिलकर पहुंचना है और तीसरी बार उनको देश का प्रधानमंत्री भारत के उत्थान हेतु फिर से बनाना है। आयोजन में महानगर के सुभाष चंद्र वैश्य, मंडल अध्यक्ष, भरत निषाद ,कार्यक्रम प्रभारी राजेश पाठक, वार्ड अध्यक्ष चंदन निषाद के द्वारा कार्यक्रम के संदर्भ में विचार रखे गए। समापन के पूर्व पार्षद अनुपमा तीर्थराज पाण्डेय ने चावल दान देने वाले सभी लोगों का आभार ज्ञापन किया। उक्त अवसर पर पंडित कैलाश चंद्र पाण्डेय जितेंद्र गौड़, अशोक चौरसिया, गोलू चौरसिया, दिलीप मिश्रा, मिथिलेश निषाद, संजय पांडे, पवन यादव, सारिका चौरसिया, पूनम पाण्डेय, पलक निषाद, मैना निषाद, प्रभु राज पाण्डेय, माघवेंद्र मिश्रा, लव कुश केसरी ,अयोध्या पांडे, वेदांती पाठक, कपिल मिश्रा, मुन्ना, दिलीप शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम के सांस्कृतिक वैभव को विश्व पटल पर प्रदर्शित करेगी योगी सरकार

- श्रृंगवेरपुर धाम को आध्यात्मिक -सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर अमल शुरू
- निषाद राज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र की योजना को धरातल में उतारने की कवायद तेज
- तपोस्थली श्रृंगवेरपुर का कायाकल्प कर रही योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के आयोजन के पहले कुम्भ नगरी प्रयागराज के पौराणिक स्थलों को योगी सरकार भव्य स्वरूप दे रही है। श्री राम वनगमन पथ में स्थित प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम का योगी सरकार कायाकल्प कर रही है। इसी क्रम में इसे तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की कोशिश भी है।

प्रभु श्री राम और निषादराज के मिलन की साक्षी रही तपोस्थली श्रृंगवेरपुर धाम के कायाकल्प का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रदेश के धार्मिक और पौराणिक स्थलों को भव्य स्वरूप दे रही योगी सरकार द्वारा यहाँ 165 करोड के धार्मिक एवं पर्यटन विकास कार्य कराये जा रहे हैं। प्रयागराज के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव बताते हैं कि शासन की तरफ से इसकी मंजूरी मिलने के बाद यहाँ धार्मिक और पर्यटन विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। श्रृंगवेरपुर के रामघाट मार्ग पर 19 करोड़ 57 लाख की लागत से एक भव्य सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिसे नाम दिया गया है निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र। संस्कृति मंत्रालय भी इस परियोजना को स्वीकृति दे चुका है। इस निषादराज सांस्कृतिक केंद्र का डिजाइन भी तैयार करा लिया गया है और इसे भगवान् श्री राम और निषादराज के मिलन का माध्यम बनी नाव के रूप में बनाया जा रहा है। यहाँ एक ऑटोडोरियम का निर्माण भी कराया जा रहा है। जहां पर राम कथा गैलरी बन रही है। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शो पर आधारित प्रसंगों की जीवंत प्रस्तुतियां की जायेगी ताकि इसके माध्यम से देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक समरसता कि इस धरती से परिचित हो सकें। इसी तरह 29 करोड़ की लागत से यहाँ संध्या घाट व टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर भी स्थापित हो रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम में हो रहे विकास कार्यों में यहाँ 10 एकड़ की भूमि में निषादराज उपवन का निर्माण भी शामिल है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव के मुताबिक़ पौराणिक महत्व के इस उपवन में हरियाली, कलात्मक रोशनी के साथ चलते फव्वारे और दीवारों पर रामायण से जुड़े प्रसंगों का चित्रण किया जाएगा। यहीं पर भगवान राम और निषाद राज की गले मिलते 51 फीट की कांस्य प्रतिमा स्थापित हो गई है। पर्यटन विभाग इसकी निगरानी कर रहा है।

### तीर्थ -क्षेत्र घोषित करने की तरफ एक कदम आगे बढ़ रही रही हैं तैयारियां

**प्रयागराज।** श्री राम वनगमन पथ पर स्थित श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित करने में राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रशासन इसे तीर्थ-क्षेत्र घोषित करने के अगले चरण की तैयारी कर रहा है। इससे श्रृंगवेरपुर की महिमा, गरिमा और वैभव का विस्तार होगा। शासन से अनुमति मिलने के बाद इस क्षेत्र को तीर्थ स्थल क्षेत्र घोषित करने का इंतज़ार है। इसके बाद विकास, पर्यटन और सम्भावनाओं की त्रिवेणी यहाँ से तीव्र गति से प्रवाहित हो सकेगी।

# एसआरएन अस्पताल में आज होगा लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप

**ग्रीन लाइट लेजर, होमियम लेजर सर्जरी के जरिए स्पेशलिस्ट करेंगे सर्जरी**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** देश भर के जाने माने यूरोलाजिस्ट कल 10 सितंबर को प्रयागराज आ रहे हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की ओर से आयोजित इस सेमिनार में नई चिकित्सा पद्धति के जरिए इलाज के बारे में मंथन करेंगे। इस संबंध में यूरोलाजिस्ट डॉ. दिलीप चौरसिया और डॉ. शिरीष मिश्रा ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ. दिलीप चौरसिया ने बताया कि सेमिनार में कई नई विधाओं जैसे ग्रीन लाइट लेजर, होमियम लेजर सर्जरी आदि के जरिए ऑपरेशन करेंगे और इसका लाइव प्रसारण भी करेंगे।

डॉ. शिरीष मिश्रा ने कहा कि इसमें देश के नामचीन यूरोलाजिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। इससे एक दूसरे से कुछ न कुछ सीखने का मौका मिलेगा। देश भर में यूरोलाजिस्ट की कमी है। छोटे शहरों में तो यूरोलाजिस्ट ना के बराबर हैं। इस सेमिनार का उद्देश्य यह है कि देश भर के यूरोलाजिस्ट एक मंच पर आकर अत्याधुनिक इलाज के बारे में मंथन करेंगे। इसमें दिल्ली, लखनऊ, आगरा, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर आदि शहरों के सुपर स्पेशलिस्ट शामिल होंगे। यह सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक यह वर्कशॉप आयोजित होगी।

डॉ. दिलीप चौरसिया ने कहा प्रोस्टेट यानी पौरुष ग्रंथि पुरुषों में पाई जाने वाली एक ग्रंथि है जो कि कुछ लोगों में ज्यादा बढ़ जाने की वजह से बीपीएच बीमारी का रूप ले लेती है। इससे मरीज को जैसे पेशाब बार बार लगना, रात में ज्यादा पेशाब आना, खुलकर पेशाब न होना, पेशाब की धार पतली होना आदि दिक्कतें आने लगी लगती हैं। इसके लिए 40 प्रतिशत मरीजों को ऑपरेशन करने की आवश्यकता होती है।

# कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत, आबकारी, खनन विभाग, व्यापार कर सहित विभिन्न विभागों के राजस्व की समीक्षा करते हुए इसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिया कि योजना बनाकर सम्बंधित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं थानों से समन्वय करते हुए वसूली की कार्यवाही करें। विद्युत विभाग एवं मंडी को भी प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत वितरण खंड की इकाइयों में कम आरसी वसूली किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई और निर्देश दिया कि सबस्टेशन वार समीक्षा की जाए और आरसी वसूली को बढ़ाया जाए। व्यापार कर एवं आबकारी विभाग द्वारा भी लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व अर्जित होना पाया गया इस पर जिलाधिकारी ने सभी विभाग को राजस्व लक्ष्य प्राप्ति हेतु एक रणनीति बनाकर काम करने का निर्देश दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 199902 वादों का रिकॉर्ड निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 199902 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश प्रयागराज के द्वारा 05 सिविल वाद निस्तारित किये गये। फौजदारी के कुल 25181 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कल 42 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी राम कुशल द्वारा 242 वादों का निस्तारण करते हुए 61953000 रुपए प्रतिकर प्रदान कराया गया। पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट रामकेश द्वारा 15 वादों का निस्तारण किया गया। चंद्रपाल द्वितीय, अपर जनपद न्यायाधीश ई.सी. एक्ट के द्वारा विद्युत के 420 मामलों का निस्तारण किया गया। दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 11553 वाद, अमित कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1475 वाद, अभिषेक कुमार चतुर्थ, सिविल जज जूनियर डिवीजन 21 द्वारा 3147 वाद, सुश्री प्रियंवदा प्रियदर्शनी सिविल जज जूनियर डिवीजन 18 द्वारा 1963, संदीप सिंह द्वितीय, सिविल जज जूनियर डिवीजन 14 द्वारा 1906 वाद, श्रीमती दीक्षा श्री वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 2100 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालय के द्वारा कुल 131782 वादों का निस्तारण किया गया द्य बैंक के प्री लिटिगेशन के कुल 1470 मामले निस्तारित किए गए। रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी ए डीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी आलोक दूबे प्रभारी सचिव/ अज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा दी गई।

# ट्रेलर की चपेट में आने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** बाइक से बाजार जा रहे भाई-बहन तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गए। बाइक से छिटक कर बहन दूर जा गिरी। भाई ट्रेलर के पहियों के बीच फंस गया। कुचलने से उसकी मौत हो गई। आंखों के सामने भाई ने दम तोड़ा तो बहन बेसुध हो गई। ट्रेलर तो फरार हो गया लेकिन भाई-बहन के साथ हुए हादसे से घटनास्थल से लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। आजमगढ़ जिले के बेरमा गांव के पास शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के भावापुर गांव निवासी मोहम्मद (21) शनिवार सुबह अपनी बहन तबस्सुम को बाइक पर बैठा कर किसी काम से मुबारकपुर बाजार जा रहा था। जीयनपुर-मुबारकपुर मार्ग पर बेरमा गांव के पास बेकाबू ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठी बहन छिटक जाने से बाल-बाल बच गई। जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। मृतक के दो भाई व तीन बहन बताए गए हैं।

# भाजपा सरकार ने जनता को हताश किया डॉ. पाल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विवेक यादव ने नेतृत्व में चल रहे लोकतंत्र एंव संविधान बचाओं साईकिल यात्रा जो जौनपुर के नौ विधानसभा क्षेत्र मे चलते हुए आखिर दिन बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के लोहिंदा चौराहे पर स्थापित चौधरी चरण सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण कर साईकिल यात्रा का समापन किया। वहीं निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा कि जीस तरह जौनपुर के सभी विधानसभा क्षेत्र मे साईकिल यात्रा के माध्यम से जनता को जगाने का काम किया गया आज भाजपा सरकार ने नौजवानों को ठगा है अब नौजवान अपना हक अधिकार लेकर रहेगा।कहा भाजपा सरकार के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया जो जनता को बता सके उन्होंने जनता को परेशान किया है जनता को हताश किया है झूठे झूठे वादे कर कर जनता का वोट ले लिया मगर वादा पूरा नहीं किया बल्कि जनता को परेशानियों में डालने का काम किया है यह साइकिल यात्रा आज समापन तो हुआ है मगर ये समाजवादी नौजवान घर-घर जन-जन जाकर भाजपा सरकार की गलत नितियों को बताएगा और जब तक इस देश से भाजपा सरकार को उखाड़ नहीं फेकेगा तब तक ये नौजवान चुप नहीं बैठेगा। समापन यात्रा मुख्य रूप,राजन यादव अंखड प्रताप यादव, राहुल त्रिपाठी,पंकज मिश्रा, राममूर्ति सरोज, रामजतन यादव, राम इकबाल यादव,प्रभाकर मौर्या, अनुपमा पटेल, आशीष यादव, अशोक नायक, नितिन सैफई पवन यादव, संन्दीप यादव सोनू यादव, हर्षित यादव,मग्गू यादव,प्रवीण सरोज, अभय राज यादव पी पी गुप्ता, कन्हैया लाल यादव, जेपी यादव, शरद यादव, शनि गुप्ता, आलोक, शुभम,महताब आलम, विनोद यादव, आशू यादव प्रदीप यादव, प्रमोद, आदि लोग उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परीक्षण कैंप का आयोजन जरूरी है

**आजमगढ़।** जनपद के रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन शनिवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। यह रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि वर्तमान में मौसम बदल रहा है ऐसे में लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा बच्चा दोनों ठीक रहे। गर्भवती महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहे। रमा परिवार सभी को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य महिलाओं से अपील किया कि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाये ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक ने सुनी ग्रामीणों की फरियाद



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** समाधान दिवस शनिवार को 1बजे दोपहर पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार पहुंचने के फौरन बाद थाने के परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक ने राजेश कुमार अपने आला अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी।उसके बाद आदर्श बैरक का फीता काटकर उदघाटन किया।व समाधान दिवस पर पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। मुबारकपुर थाने पर आदर्श बैरक बना है।जिसमें कर्मचारियों के रहने की सुविधा के साथ लाइब्रेरी, मीटीग हाल कर्मचारी यहां रहने के साथ साथ अध्यन करने के लिए लाइब्रेरी में जाकर अपना अध्ययन कर सकते हैं। कुल 8 शिकायती प्रार्थना आया था। जिसमें एक निस्तारण मौके पर पहले कर दिया गया था। अवेशष 7शिकायती प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी को इस निर्देश के साथ सौप दिया गया । और उनके जाने के बाद पुलिस कप्तान अनुराग आर्य ने मुबारकपुर के जनप्रतिनिधियों व कारोबारियों से उनकी समस्या की जानकारी ली। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कप्तान हर चट्टी चौराहो पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने आग्रह किया इन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठन करने के लिए भी कहा।

इस अवसर एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, चौकी प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर अजीत चौधरी, एस आई सुरेश सिंह, महेन्द्र कुमार, नागेन्द्र सिंह, डाक्टर महबूब आजम, सुनील वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार, मुन्ना, इरशाद, रेयाज, राशिद, हाजी जमाल अहमद, राजू यादव, नोमान, आदि लोग मौजूद रहे।

# कार्यशाला का लाभ मरीजों का निदान करने वाले चिकित्सकों को मिलेगा

अवधनामा संवाददाता

- अनुसंधान के क्षेत्र में लाभकारी साबित होगी कार्यशाला: प्रो. शिव
- अनुसंधान कार्य प्रणाली पर आर्यभट्ट में हुई एक दिवसीय कार्यशाला



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के संरक्षत्व में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में रिसर्च मेथाडोलॉजी (अनुसंधान कार्य प्रणाली) विषय पर शनिवार को एक दिवसीय सी.एम.ई./कार्यशाला का आयोजन पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पीयू के फार्मेसी संस्थान के निदेशक एवं इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बी.बी. तिवारी ने कहा कि किसी भी अच्छे संस्थान की पहचान वहां पर होने वाले अनुसंधान से होती है। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले ऐसे कार्यक्रम संस्थान एवं वहां अध्यनरत छात्रों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होगी। इससे नवाचार के साथ-साथ चिकित्सा के क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा जिसका लाभ सीधे मरीजों के रोग का निदान करने वाले चिकित्सकों को मिलेगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शिव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि अनुसंधान कार्य प्रणाली से संबंधित ऐसी कार्यशाला से पीयू एवं चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों एवं संकाय सदस्यों को अनुसंधान के बारे में जानने एवं अनुसंधान करने में आशातीत सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डिपार्मेंट आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के डॉ. मोहन गुर्जर, हेड डिपार्टमेंट ऑफ़ हिस्टोलॉजी के डॉ. अमित गोयल ने अनुसंधान कार्यप्रणाली के विभिन्न अंगों एवं अनुसंधान से संबंधित विभिन्न गुणों के बारे में विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी के सभी वक्ताओं ने अनुसंधान कार्यप्रणाली, रिसर्च पब्लिकेशन तथा फाइनेंशियल सपोर्ट के संबंध में आधारभूत समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए अपने रिसर्च के बारे में प्रकाश डाला। इससे एम.बी.बी.एस. प्रथम वर्ष के छात्रों से लेकर संकाय सदस्यों तक लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि मेडिकल काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा इस कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को तीन क्रेडिट आवर प्रदान किए जायेंगे। इस अवसर पर कार्यशाला के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री एवं को-ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री क्रमशः डॉक्टर एकांश राठौरिया, डॉ. ए.ए. जाफरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रिचा राठौरिया, मेडिकल कॉलेज जौनपुर तथा डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय को-ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपने उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ0 प्रमोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार (मीडिया प्रभारी), डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ0 पुनीत सिंह, डॉ. आलोक दास एवं शोध छात्र उपस्थित थे। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर की तरफ से संकाय सदस्य प्रो. (डॉ) तबस्सुम यासमीन, प्रो. रुचिरा सेठी, डॉ. आशीष यादव, डॉ0 शशि पाण्डेय, डॉ0 साधना, डॉ. भारती यादव, डॉ0 दिव्या श्रीवास्तव, डॉ. अपूर्व झा, डॉ. कर्नल सीबीएस पटेल, डॉ. विनोद कुमार आदि संकाय सदस्य एवं एमबीबीएस छात्र-छात्रा, सुशील कुमार, अविनाश सिंह, चंद्रमणि चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के छात्र अधिष्ठता कल्याण, प्रो0 अजय द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहें। समापन सत्र में इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। अंत में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉक्टर एकांश राठौरिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रमुख सचिव ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**आजमगढ़।** प्रमुख सचिव, श्रम विभाग, अनिल कुमार ने आज गंभीरवन तहसील सदर आजमगढ़ में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव ने छात्र व छात्राओं के लिए बन रहे छात्रावास का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के अंदर पूर्ण कर शैक्षणिक शत्र को प्रारम्भ कर दिया जाए। प्रमुख सचिव ने विद्यालय के बेड, शौचालय, ग्राउंड, वॉल पेंटिंग एवं मेस का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने ग्राउंड मे जगह-जगह दबी हुई टाइल्स को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैम्पस के अंदर लगे पौधों को लगातार पानी देकर संरक्षित एवं हरा भरा बनाए रखें। उन्होंन कहा कि कैम्पस के अंदर औषधीय वाटिका लगाई जाए।

# सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे भारत और अमेरिका, होगा 300 मिलियन डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका और भारत दोनों मिलकर सेमीकंडक्टर की ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसके लिए दोनों



देशों की सरकारों के अलावा इंडस्ट्री और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन के बीच भी कॉरपोरेशन को बढ़ाया जाएगा। जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ की द्विपक्षीय वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया,जिसमें कहा गया था कि दोनों सरकारें आपसी सहयोग और विश्वास के आधार पर अमेरिका और भारत की स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को सभी क्षेत्रों में नए आयाम पर ले जाना है। दोनों नोताओं की ओर से सेमीकंडक्टर की ग्लोबल सप्लाई चेन को लचीला बनाने के लिए माइक्रोचिप टेक्नोलॉजी में रिसर्च और डेवलपमेंट को भारत में बढ़ने के लिए 300 मिलियन डॉलर के विस्तार पर समर्थन व्यक्ति किया गया है।

साथ ही 400 मिलियन डॉलर का निवेश अगले पांच साल में रिसर्च, डेवलपमेंट और इंजीनियरिंग ऑपरेशन्स के लिए एडवांस माइक्रो डिवाइस की ओर ओर से किया गया। मोदी और बाइडन की ओर से ज्वाइंट स्टेटमेंट में अमेरिकी कंपनियों माइक्रोन, एलएएम रिसर्च और एप्लाइड मैटेरियल्स द्वारा जून 2023 में की गई घोषणाओं के चल रहे कार्यान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक 9 से 10 सितंबर के दिल्ली में होने जा रही है। इस कारण से दुनिया के कई बड़े देश के राष्ट्राध्यक्ष समेत वर्ल्ड की प्रमुख संस्थाओं के मुखिया दिल्ली आए हुए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, ऑनलाइन होती थी डील; महिलाएं उगलेंगी सारे राज

**पणजी।** गोवा में अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। गोवा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इजराइल और केन्या की दो महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार रैकेट में कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दल्वी ने कहा कि अंजुना पुलिस द्वारा चलाए गए एक ऑपरेशन में इजराइल से मारिया डोरकास और केन्या से विल्किस्टा अचिस्ता को पकड़ा गया। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दल्वी ने कहा कि, ÷यह रैकेट केन्या और भारत के बीच संचालित किया जा रहा था। एनजीओ एआरजेड की मदद से चलाए गए पुलिस ऑपरेशन में पांच महिलाओं को हटा दिया गया था। तस्करों की ओर से काम करने वाले एजेंटों द्वारा केन्या की महिलाओं को यहां नौकरी देने का वादा किया गया था।÷ इन महिलाओं के भारत पहुंचने के बाद, उनके पासपोर्ट, वीजा एजेंटों द्वारा छीन लिए गए और उन्हें हिंसा की धमकी के तहत देह व्यापार में धकेल दिया गया।

ग्राहकों को लुभाने के लिए एस्कॉर्ट सेवा वेबसाइटों का उपयोग करके रैकेट ऑनलाइन संचालित होता था। उन्होंने कहा कि यह रैकेट तब प्रकाश में आया जब एनजीओ एआरजेड को कुछ पीड़ितों के बारे में पता चला जिन्हें बेंगलुरु ले जाया गया था, उन्होंने कहा कि गोवा पुलिस ने तुरंत सूचना पर कार्रवाई की और छापेमारी की। उन्होंने बताया कि बचाई गई महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

# कौन-सा लोन आपके लिए रहेगा बेहतर

**नई दिल्ली।**हर व्यक्ति को कभी न कभी जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए फंड्स की आवश्यकता होती है। लोगों के




मन में एक सवाल आता है कि सिक्योर्ड लोन या फिर पर्सनल लोन लेना चाहिए।

जब भी बैंक के पास कोई संपत्ति जैसे घर, जमीन, शेयर, म्यूचुअल फंड गिरवी रखकर लोन लिया जाता है तो उसे सिक्योर्ड लोन कहते हैं। सिक्योर्ड लोन लेने का फायदा यह होता है कि अगर आपकी क्रेडिट हिस्ट्री नहीं है तो भी बैंक लोन देते हैं और ब्याज भी कम होता है। पर्सनल लोन एक अनसिक्योर्ड लोन होता है। इसमें कुछ भी गिरवी नहीं रखना होता है। अगर आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा है तो कोई भी बैंक आसानी से आपको पर्सनल लोन दे देता है। पर्सनल लोन लेने के लिए आपकी क्रेडिट हिस्ट्री होनी चाहिए। इसकी ब्याज दर भी सिक्योर्ड लोन की अपेक्षा अधिक होती है। अगर आप लंबी अवधि का लोन लेने की योजना बना रहे हैं तो सिक्योर्ड लोन लेना बेहतर होता है। इसमें ब्याज दर भी कम होती है और फंडिंग की कॉस्ट भी कम आती है। वहीं, अगर आप छोटी अवधि का लोन लेने की योजना बना रहे हैं और कुछ गिरवी नहीं रखना चाहते हैं। फिर पर्सनल लोन लेना बेहतर रहता है। पर्सनल लोन लेने के लिए क्रेडिट स्कोर अच्छा होना चाहिए। आमतौर पर 750 से अधिक का क्रेडिट स्कोर अच्छा माना जाता है। जितना अधिक आपका क्रेडिट होगा, उतने ही कम ब्याज पर आपको लोन मिल जाएगा। लोन लेने से पहले ध्यान रखें ये बातें लोन की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। हमेशा चार से पांच बैंकों की ब्याज दर की तुलना करने के बाद लोन लेना चाहिए। क्रेडिट स्कोर 750 से ऊपर रखें। इससे ब्याज दर कम रहेगी। हमेशा फ्लोटिंग रेट पर लोन लें।

# नेशनल पेंशन सिस्टम का बैलेंस चेक करने का प्रोसेस हुआ आसान अब मैसेज और पोर्टल के अलावा उमंग ऐप से भी पाएं जानकारी

**नई दिल्ली।** कई लोग अपने रिटायरमेंट को सुरक्षित करने के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम में निवेश करते हैं। इसमें निवेश करने के बाद निवेशक को रिटायरमेंट के बाद




एकमुश्त राशि देते हैं।आप निवेश की गई राशि को पेंशन के तौर पर भी ले सकते हैं। आप उमंग ऐप के जरिये भी बैलेंस चेक कर सकते हैं। इसके अलावा आप एनपीएस के अधिकारिक वेबसाइट पर से भी चेक कर सकते हैं। आप मोबाइल से एसएमएस करके भी बैलेंस चेक कर सकते हैं। आइए, जानते हैं कि आप किन स्टेप्स को फॉलो करके भी बैलेंस चेक कर सकते हैं।

आप अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर के जरिये भी बैलेंस चेक कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपने फोन से 9212993399 पर मिस कॉल देना है। इसके बाद आपके पास एक मैसेज आएगा। इस मैसेज में एनपीएस अकाउंट की सारी जानकारी शामिल होगी। इस सुविधा का लाभ पाने के लिए आपके पास रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर होना चाहिए। आप एनएसडीएल के अधिकारिक पोर्टल पर जाना है। यहां आपको अपने अकाउंट लॉग-इन करने के लिए लॉग-इन आईडी जो आपका रिटायरमेंट नंबर है और पासवर्ड दर्ज करना है। इसके बाद आप कैप्चा कोड दर्ज करें। अब आप होल्डिंग स्टेटमेंट के ऑप्शन को सिलेक्ट करें। इसके बाद आप जैसे ही ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट पर क्लिक करेंगे आपके सामने एक नया विंडो ओपन होगा। यहां आप अपने अकाउंट के डिपॉजिट अमाउंट शो होगा।

आप उमंग ऐप के जरिये भी एनपीएस अकाउंट का बैलेंस चेक कर सकते हैं। इसके लिए आपको ऐप को ओपन करके लॉग-इन करना है। लॉग-इन करने के बाद आप एनपीएस पर क्लिक करें।

अब आप करंट होल्डिंग ऑप्शन को सिलेक्ट करें और अपना परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर और पासवर्ड दर्ज करें। इसके बाद आपका अकाउंट स्टेटमेंट शो होगा।

## पिडिलाइट इंडस्ट्रीज पर जीएसटी विभाग ने लगाया 2.64 लाख का जुर्माना, कंपनी देगी कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशन, गोंद और कंस्ट्रक्शन केमिकल बनाने वाली दिग्गज कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज पर आज गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) डिपार्टमेंट ने 2.64 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

कंपनी का मानना है कि अपीलीय स्तर पर फैसला उसके हक में आएगा। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि कानूनी सलाह के आधार पर, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज को अपीलीय स्तर पर जुर्माने को चुनौती देने के बाद अनुकूल परिणाम की उचित उम्मीद है।


कंपनी ने बताया कि 7 सितंबर, 2023 को उसे इस जुर्माने के बारे में पता चला। जीएसटी विभाग ने पिडिलाइट पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अस्वीकृति के संबंध में यह जुर्माना लगाया है। आपको बता दें कि यह जुर्माना महाराष्ट्र राज्य में सीआईपीवाई के लिए लगाया गया है जिसका 1 अप्रैल, 2022 को पिडिलाइट इंडस्ट्रीज में विलय हो गया था।

आपको बता दें पिडिलाइट इंडस्ट्रीज वहीं कंपनी है जो फेविकोल बनाती है। कंपनी के आधिकारीक वेबसाइट पर मिली जानकारी के मुताबिक पिडिलाइट एक उपभोक्ता केंद्रित कंपनी है जो गुणवत्ता और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशन, गोंद और कंस्ट्रक्शन केमिकल से लेकर कला और शिल्प, औद्योगिक रेजिन, पॉलिमर और बहुत कुछ बनाती है। खासकर कंपनी गोंद की क्षेत्र में मार्केट लीडर है। भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को साल 2017 में लागू किया। जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में सबसे बड़ा कराधान सुधार माना जाता है। जीएसटी से पहले देश में हर वस्तु पर अनेक प्रकार के कर लगते थे जिसे खत्म कर जीएसटी लाया गया था।

# युवा ने भारत की ऐतिहासिक चंद्र लैंडिंग के अवसर पर लिमिटेड एडिशन चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक लॉन्च किया

**कानपुरः** नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के युवा ब्रांड ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक चंद्र लैंडिंग के मौके पर गर्व से लिमिटेड एडिशन चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक का लॉन्च किया है। चंद्रयान-3 मिशन में ISRO की शानदार सफलता के साथ, युवा ने इस खास पल को मनाने के लिए यह खास बुक उपलब्ध कराई है। 23 अगस्त को शाम 6:04 बजे, भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के अंतरिक्ष में चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करके इतिहास रचा। इस अद्वितीय उपलब्धि में चंद्रमा के साउथ पोल पर सॉफ्टलैंडिंग करके, भारत ऐतिहासिक तरीके से प्रमुख बन गया है।

युवा के मुख्य रणनीति अधिकारी अभिजीत सान्याल ने कहा, युवा में हमारे लिए, भारत के युवाओं को प्रेरित करना सिर्फ़ एक प्रतिबद्धता ही नहीं, बल्कि एक जुनून है। हम ज्ञान की ताकत और युवा मन की असीमित क्षमता में विश्वास करते हैं। चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक्स, भारत के नौजवानों के अपराजेय जज़्बे का सलाम है। आकार और डिज़ाइन; चंद्रयान-3 मिशन की चाँद की आकर्षक दुनिया की एक झलक प्रदान करने के लिए बनाई गई है। चंद्रयान-3




हमें उम्मीद है कि ये बुक न केवल हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों में मूल्यवान धारणा प्रदान करेगी, बल्कि साथ ही हर युवा भारतीय के भीतर जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा की ज्वाला बढ़ाएगी। यह लिमिटेड एडिशन,4 बुक का लॉन्ग बुक्स अब भारत के चुनिंदा शहरों में दुकानों पर उपलब्ध हैं। युवा सभी को इन खास बुक्स को प्राप्त करने और अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के जश्न में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

# सेविंग बढ़ाने के लिए खुद के खर्चों को करें कंट्रोल

**नई दिल्ली।** हम सभी अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। इसके लिए हम कड़ी मेहनत करते हैं। अपने सपनों को पूरा करने के लिए हमें सेविंग भी करनी चाहिए। हम जब




कमाते हैं तो हम उसी के हिसाब से खर्च भी करते हैं। ऐसे में हमें अपने खर्चों पर भी नजर रखनी चाहिए। अगर हम अपने खर्चों पर नजर नहीं रखते हैं तो हो सकता है कि आप गैर-जरूरी खर्च करें। ऐसे में आप सेविंग नहीं कर पाएंगे।

अब एक सवाल आता है कि आखिर हम अपने खर्चों पर नजर कैसे रखें। अगर हम कोई बे-फिजूल खर्च करते हैं तो आप इसे कैसे कंट्रोल कर सकते हैं।

खर्चों पर नजर कैसे रखें इस सवाल का जवाब जाने से पहले हमें यह जरूर जान लेना चाहिए कि आखिर खर्चों पर नजर रखना क्यों जरूरी है। खर्चों पर नजर रखने से आप केवल अपने पैसों को मैनेज ही नहीं करते हैं बल्कि आप एक फाइनेंशियल डिसिप्लेन को मेंटेन कर सकते हैं। यह कहीं ना कहीं आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी मदद करेगा। अगर आपके लाइफ में कोई गोल यानी लक्ष्य है तो आप इसे भी आसानी से हासिल कर सकते हैं। अब आपको बताते हैं कि आप अपने खर्चों पर नजर कैसे रख सकते हैं। आज के समय में डिजिटल पेमेंट करना काफी आसान हो गया है। आप यूपीआई या फिर नेट बैंकिंग के जरिये आसानी से पेमेंट कर सकते हैं। ऐसे में हम कई बार कुछ एक्स्ट्रा सामान खरीद लेते हैं। ऐसे में आपको अपने खर्चों पर नजर रखनी चाहिए। आप कोई भी सामान खरीदने से पहले उसकी जरूरत पर ध्यान दें। अगर आपको लगता है कि यह जरूरी नहीं है तो आपको फिर वो सामान नहीं खरीदना चाहिए। आज के समय में कई तरह के ऐप्स हैं जिससे आप अपने खर्चों को ट्रैक कर सकते हैं। इसमें आप अपने बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन, क्रेडिट कार्ड और ई-वॉलेट के जरिये होने वाले खर्चों को ट्रैक कर सकते हैं। इस तरह आप अपने खर्च करने की आदतों को सही से समायोजित भी कर सकते हैं।

एक सबसे सही तरीका है कि आप Microsoft E&cel या फिर गूगल शीट पर भी अपने खर्चों की जानकारी रख सकते हैं। उदाहरण के तौर पर आप हर शाम या रात में सोने से पहले Microsoft E&cel या गूगल शीट पर अपने दिन के एक्सपेंस को लिख सकते हैं। इस तरह आप अपने खर्चों को नजर रख सकते हैं। इसके साथ ही आपको पता चल जाएगा कि आप कहां कितना खर्च कर रहे हैं।

आप के समय में वित्तीय जागरूकता होना बहुत जरूरी है। अगर हम अपने खर्चों को लेकर जागरूक नहीं रहते हैं तो हम अपने भविष्य के खर्चों के लिए बचत नहीं कर पाएंगे। आज के समय में बचत के साथ हमें निवेश भी करना चाहिए। यह हमारी इनकम को बढ़ाने में मदद करता है।

अगर हम वित्तीय रूप से जारूक रहते हैं तो यह हमारी मेंटल हेल्थ के लिए भी अच्छा है। कोई भी आपात हालात में हमें पैसों को लेकर काफी टेंशन हो जाती है। वहींम, जब हम जागरूक होते हैं तो हम अपने बे-फिजूल के खर्चों को रोक कर हम एक इमरजेंसी फंड भी बना सकते हैं। यह इमरजेंसी फंड हमारे आपाक स्थिती में काफी मदद आती है।

# सरकार दे रही है 100 फीसदी सब्सिडी वाला एजुकेशन लोन

**नई दिल्ली।** आज के समय हाई एजुकेशन के लिए हमें लोन पड़ सकता है। आपको बता दें कि पढ़ाई के लिए जो लोन लिया जाता है उसे



एजुकेशन लोन कहा जाता है। देश के युवा को सशक्त शिक्षा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना शुरू की है। इस योजना में छात्रों को एजुकेशन लोन दिया जाता है। इसकी खास बात यह है कि इस लोन में 100 फीसदी फ्री सब्सिडी का लाभ भी दिया जाता है। इस योजना का नाम सेंट्रल सेक्टर इंटरेस्ट सब्सिडी योजना है। इस योजना में आप हायर एजुकेशन जैसे ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन, पीएचडी, टेक्निकल या प्रोफेशनल कोर्स के लिए लोन ले सकते हैं। सरकार इकॉनोमिक वीकर सेक्शन के स्टूडेंट को हायर एजुकेशन लोन देता है। इस योजना में उन्हीं स्टूडेंट को लोन मिलेगी जिनकी सालाना इनकम 4.5 लाख रुपये तक है। दरअसल सरकार ने यह योजना इकॉनोमिक वीकर सेक्शन के स्टूडेंट के लिए शुरू की है। कई बार पैसों की कमी की वजह से इस सेक्शन के छात्र सही शिक्षा नहीं पाते हैं। ऐसे में यह योजना उनके सपनों को पूरा करने में मदद करता है। अगर आप भी इकॉनोमिक वीकर सेक्शन के स्टूडेंट है तो आप इय योजना के तहत लोन ले सकते हैं।

## बच्चों के फ्यूचर के लिए ढूंढ रहे हैं पॉलिसी,एलआईसी की इन पॉलिसियों में भी कर सकते हैं निवेश

**नई दिल्ली।**एलआईसी में हम कई तरह का बीमा करवा सकते हैं। इसमें आप खुद के भविष्य को सिक्योर करने के साथ साथ अपने बच्चो के फ्यूचर भी सिक्योर कर सकते हैं। इन पॉलिसियों में आपके बच्चों को लाइफ इंश्योरेंस कवरेज के साथ सेविंग और उनकी शिक्षा के लिए पैसे भी मिलेंगे। दरअसल, अगर हम अपने बच्चों का इंश्योरेंस करवा देते हैं तो ऐसे जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तो उनकी पढ़ाई के खर्चों को लेकर काफी चिंता कम हो जाएगी।

एलआईसी जीवन तरुण प्लान एक तरह का लाइफ इंश्योरेंस है। इसमें आप 90 दिन से 12 वर्ष तक के बच्चे को इंश्योर करवा सकते हैं। यह पॉलिसी 25 साल के बाद मैच्योर होती है। इसमें जब आपका बच्चा 18, 20 और 22 साल का हो जाता है तब वह पॉलिसी से पैसे वापस निकाल सकता है। एलआईसी न्यू चिल्ड्रन मनी बैंक एक नॉन-लिंक्ड प्लान है। इसमें आप 90 दिन से लेकर 12 साल के बच्चों का इंश्योरेंस करवा सकते हैं। यह पॉलिसी 25 साल के बाद मैच्योर होती है। इसमें भी बच्चा 18,20 और 22 वर्ष की उम्र में पैसे निकाल सकते हैं।

एलआईसी चिल्ड्रन एजुकेशन प्लान बच्चों के एजुकेशन के लिए है। इसमें आप जन्मजात बच्चों से लेकर 12 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए पॉलिसी खरीद सकते हैं। इसमें आपके बच्चे की जीवन बीमा कवरेज और एजुकेशन के लिए पैसे मिलते है। यह आपके बच्चे के एजुकेशन में काफी मदद करता है। इसमें बच्चों को लाइफ कवरेज का लाभ मिलता है। यह बच्चों के लिए करने वाले सेविंग को बढ़ावा देता है। इसमें आप अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए धन उपलब्ध करवा सकते हैं।

## भारतीय स्टेट बैंक ऑफ ने ग्राहकों को दी नई सुविधा, लॉन्च किया नेशनल फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राहकों के लिए नेशनल फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड नॉन्च किया है। इस कार्ड का इस्तेमाल ट्रांस्पोर्ट के लिए कर सकते हैं। इस कार्ड का इस्तेमाल मेट्रो कार्ड, बस और पार्किंग जैसे कई जगह पर डिजिटल टिकिटिंग पेमेंट के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इस कार्ड के जरिये ग्राहकों को रोजमर्रा की जिंदगी में काफी समय बचेगा। कई बार लोगों को टिकट लेने के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ता था। वहीं,इस कार्ड के जरिये वह बड़े आसानी से कहीं भी डिजिटल तौर पर टिकट ले सकते हैं। यह कार्ड रुपेय कार्ड और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के तकनीक पर काम करता है। इस कार्ड को नेशनल विजन के साथ पेश किया गया है। इसकी जानकारी एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने दी है। यह कार्ड देश के विकास करने में भी काफी मदद करेगा।

वर्ष 2019 में एसबीआई ने ट्राजिट ऑपरेटरों के साथ मिलकर एनसीएमसी प्रोग्राम में हिस्सा लिया था। इसके बाद बैंक ने Cityv कार्ड, नागपुर मेट्रो एमएचए कार्ड, मुंबई1 कार्ड, गोस्मार्ट कार्ड और सिंगारा चेन्नई कार्ड लॉन्च किया। अब नेशनल फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड को स्ल्व्प्रष्ट मेट्रो लाइन 3 और आगरा मेट्रो के लिए लागू किया जाएगा। एसबीआई देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। पहले यह देश का सबसे बड़ा बैंक था। एचडीएफसी बैंक का देश में सबसे बड़े बैंक की उपाधि पाने के बाद अब एसबीआई देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया है। बैंक के होम लोन पोर्टफोलियो 6.53 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं इस साल जून महीने में बैंक के डिपॉजिट बेस भी 45.31 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा होम लोन भी 3.4 फीसदी हो गया है।

## स्टार्टअप में निवेश करने वालों को आयकर विभाग से नोटिस, स्टार्टअप कंपनियों से मांगी निवेशकों की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत में लगभग हर सेक्टर में तेजी से बढ़ते भरोसेमंद स्टार्टअप में निवेशक जमकर पैसा निवेश कर रहे हैं। अब इन्हीं निवेशकों पर आयकर विभाग की नजर टिक गई है। आयकर विभाग ने आज कुछ स्टार्टअप्स को नोटिस भेजकर उनके निवेशकों के बारे में जानकारी मांगी है। दरअसल आयकर विभाग इन निवेशकों की साख चेक करना चाहते हैं। इसके अलावा आयकर विभाग यह भी वेरिफाइ करना चाहता है कि निवेश की गई राशि निवेशकों द्वारा घोषित आय के अनुरूप है या नहीं। आयकर विभाग ने भारत-पे के को फाउंडर और पूर्व एमडी अशनीर ग्रोवर के एक सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि कानून के तहत, निवेशकों की पहचान और साख के साथ-साथ लेनदेन की वास्तविकता प्रदान करने की जिम्मेदारी कंपनी की है।

# जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ ने मनाया अपना 28वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ ने शुक्रवार दिनांक 08 सितम्बर को अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मकीर्ति जोशी, मुख्य अर्थशास्त्री, क्रिसिल ष्ट्रञ्जह्रस्ढ्डरु ने कहा कि




÷मैक्रोइकोनॉमिस्ट के रूप में, हम वैश्विक और राष्ट्रीय बिंदुओं को जोड़कर यह अनुमान लगाते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था कहाँ जा रही है। वर्तमान में, भारत एक अच्छी स्थिति में है वैश्विक कारकों के कारण अल्पकालिक विकास धीमा हो सकता है, लेकिन हमारा दीर्घकालिक विकास पथ आशाजनक बना हुआ है। भारत का विकास अब उन्नत देशों के साथ अधिक मेल खाता है। तमाम चुनौतियों के बावजूद, हम भविष्य के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

विकास मुख्य रूप से पूंजी और दक्षता पर निर्भर करता है। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश एक उत्प्रेरक है, जो निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए कार्यबल की भागीदारी, विशेषकर महिलाओं की भागीदारी में सुधार की आवश्यकता है। समावेशी नीतियों के साथ तेज विकास को संतुलित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अवनीश भटनागर, निदेशक और सह-प्रमुख इंडिया रिटेल सेल्स, फ्रैंकलिन टेम्पलटन एसेट मैनेजमेंट कंपनी (आई) प्राइवेट लिमिटेड और जयपुरिया लखनऊ के प्रथम बैच 1995-97 के पूर्व छात्र ने कहा, ÷इस 28वें स्थापना दिवस पर, मैं एक सादृश्य साझा करना चाहता हूं जिसे हम सभी जोड़ सकते हैं। हम में से प्रत्येक ने, अपने तरीके से, चुनौतियों का सामना किया है, तथा अपने करियर को आकार देने के लिए अपनी संस्था और अपनी क्षमताओं पर भरोसा किया है। मैंने अपने करियर से तीन मुख्य बातें सीखीं, पहला, हमारे समय में यहां जो नींव रखी गई, वह अमूल्य थी। दूसरा, परिवर्तन को अपनाने और नए अवसरों के लिए खुले रहने से अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। अंत में, किसी भी पेशे में निरंतर सीखना और अनुकूलनशीलता महत्वपूर्ण है।

# एफपीआई और एफआईआई क्या होता है? दोनों में क्या है अंतर, किन वित्तीय उपकरणों में करते हैं निवेश

**नई दिल्ली।** जब भी बाजार में विदेशी इंवेस्टमेंट की बात आती है तो विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) और विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) का जिक्र जरूर होता है।

दोनों ही विदेशी निवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शेयर मार्केट की खबर में आपने भी सुना या पढ़ा होगा की कल बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक या विदेशी संस्थागत निवेश बाजार में खरीदार थे जिन्होंने बाजार में फलां करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

चलिए आज हम आपको एफपीआई और एफआईआई क्या होता है यह बताते हैं साथ ही यह भी जानेंगे की दोनों में क्या अंतर होता है।

एफपीआई का पूरा नाम विदेशी पोर्टफोलियो निवेश होता है और जो निवेशक इसे करता है उसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक कहा जाता है। किसी विदेशी राष्ट्र की वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश, जैसे किसी स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड स्टॉक या बॉन्ड, को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के रूप में जाना जाता है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश मतलब, विदेशी व्यक्तियों, संस्थागत निवेशकों या फंड द्वारा वित्तीय उपकरणों में किए गए निवेश। इन उपकरणों में स्टॉक, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, सरकारी प्रतिभूतियां और अन्य शामिल होते हैं।

एफपीआई निवेशक कम समय में ज्यादा रिटर्न कमाने के लिए निवेश करते हैं इसलिए इन निवेशकों की मैच्योरिटी कम होती है।

एफआईआई का पूरा नाम विदेशी संस्थागत निवेश है। यह एफपीआई की एक एक सब कैटेगरी है। एफआईआई

म्यूचुअल फंड, पेंशन फंड, बीमा कंपनियों और हेज फंड में निवेश करते हैं स्टॉक में नहीं। इसके अलावा संस्थागत निवेशक, निवेश के लिए कई स्रोतों से पैसा इकट्ठा करते हैं।

व्यक्तिगत एफपीआई निवेशकों की तुलना में एफआईआई बाजारों में ज्यादा एक्टिव रहते हैं। वे निवेश से पहले पूरा अनुसंधान, विश्लेषण और उचित परिश्रम करते हैं।

एफपीआई और एफआईआई के बीच मुख्य अंतर उनका नियामक ढांचा है। एफपीआई की रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया कम कठिन है और नियामक निरीक्षण के अधीन है।

वहीं एफपीआई निवेशकों के लिए प्रवेश और निकास बाधाएं कम हैं। इससे एफपीआई के पूंजी प्रवाह में अधिक लचीलापन आता है। इसलिए, वे कई बाजारों में खोज और निवेश कर सकते हैं। एफपीआई की तुलना में एफआईआई बाजार में लॉन्गटर्म के लिए पैसा लगाते हैं।

# डीपीआरओ भी रह गए हैरान जब सुनी बड़गांव की दास्तान

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गांवो के विकास के लिए बिजली, पानी, सड़क, नाली, शौचालय, आवास, स्वास्थ्य, रोजगार आदि की सुविधा मुहैया कराकर गांवो को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में आम जनमानस को गांवो में ही शहरों जैसा सुविधा मिल सके। लेकिन पडरौना ब्लॉक के बड़गांव गांव का हकीकत ही कुछ और है।

सरकार की जो योजना यहां के लोगों को मिलनी चाहिए उससे लोग महरूम है। इस गांव की दास्तान सुनकर डीपीआरओ भी दंग रह गए। पडरौना विकास खंड के ग्रामसभा बडगांव खास का दौरा किया गया तो

**नाली, पक्की सड़क और बिजली भी मयस्सर नहीं कुशीनगर जिले के इस गांव को**

कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए। पडरौना-तुर्कपट्टी मुख्य मार्ग से गांव में जाने वाली सड़क बदहाल है, पूरी तरह से गढ्ढे में तब्दील हो चुकी सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई है। पूरे गांव में नाली की सुविधा न होने से घरों का गंदा पानी गलियों, सड़को आदि पर बह रहा है, जिसके चलते गांव में गंदगी फैल रही है। गांव के ग्रामीणों में बीमारी फैलने की भी आशंका बनी हुई है, तो वही शुद्ध पेय जल की व्यवस्था न होने से आज भी ग्रामीण 30 से 50 फिट गहरे नल से पानी पीने को मजबूर है। प्रकाश को लेकर सोलर प्रकाश लाईट की व्यवस्था न होने से विद्युत आपूर्ति ठप


पडरौना ब्लॉक के गांव बड़गांव में जलनिकासी की पोल खोल रही गंदा पानी

होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। इसके साथ ही कई पात्र ग्रामीण शौचालय और आवास से आज भी वंचित है। गांव के कन्हैया सिंह, राजू सिंह, फेकू अंसारी, सुभाष पटेल, राज पांडेय, मनोज सिंह, पारसनाथ सिंह, बैजनाथ सिंह आदि ने बताया कि ग्रामसभा छः टोले में विभक्त है। बड़गांव खास की आबादी लगभग 1300 व ढाई सौ के करीब घर है। गांव की सड़को की हालत काफी खस्ता हाल है, सड़क पूरी तरह से टूट कर गढ्ढे में तब्दील हो गई है, आने-जाने वाले ग्रामीण अक्सर चोटिल हो जाते है।

नाली न बनने से गांव में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते घरों का गंदा पानी गांव के गलियों व सड़को पर बहता है। ग्रामीण उसी कीचड़ के रास्ते जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रकाश की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई है, यदि गांव के मुख्य-मुख्य जगहों पर सोलर लाईट होती तो गांव में रात के समय भी उजाला रहता, जैसे ही विद्युत आपूर्ति ठप होती है पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। वही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था न होने से सभी ग्रामीणों को खरीदकर या नल का पानी पीने की मजबूरी है। गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग ने कहा कि मुझे याद ही नहीं की कभी गांव में कोई स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वस्थ परिक्षण हुआ है। ग्रामीणों ने आगे कहा कि शौचालय और आवास कई पात्रों को अभी भी नही मिले है।

**डीपीआरओ भी रह गए दंग**

डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी से जब इस संबंध में वार्ता किया गया तो वह भी सुनकर दंग रह गए। गांव में बिजली, पानी, सड़क, नाली उपलब्ध नही है। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी हुआ, जल्द ही गांव में हर सुविधा मुहैया करा दिया जायेगा।

## लालू के चहेते व पूर्व प्रधान केशव गुप्ता का निधन

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, पूर्व प्रधान बौलिया केशव गुप्ता का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार सेमरा घाट पर हुआ। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अविनाश गुप्ता ने दिया। इस मौके पर मोरध्वज, मनोज गुप्ता, नीरज, राजेश, संजय यादव,संतोष जायसवाल, गोलू मिश्रा, डा एस एन कुशवाहा, रानू अग्रहरि, मार्कण्डेय यादव, डा विनोद मयंक, डा मनीष पांडे , लाल बचन गुप्ता, बेचू बीए, दिनेश यादव, दीपू केजरीवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। बताते चलें कि केशव गुप्ता दो बार प्रधान चुने गए थे। अपने कार्यकाल में वे विकाश को लेकर काफी लोकप्रिय हुए। यही नहीं वे रामकोला विधानसभा से विधायकी का चुनाव भी राजद लालू यादव की पार्टी से भी लड़े थे। वे कप्तानगंज की धरती पर लालू यादव को भी लाए थे। इसके अलावा जहां राजनीति में रहे तो वहीं पत्रकारिता भी खूब किए। समाजसेवा भी उन्होंने खूब किया। उनके निधन से क्षेत्र के लोग शोकाकुल हैं।

## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर शनिवार को सांसद खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक हुई।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने सांसद खेलकूद प्रतियोगिता को भव्य बनाने के लिए आवाहन किया। तैयारी बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने दिया।बैठक को पार्टी जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि विधायक सलोन अशोक कोरी पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना ने संबोधित किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पांडेय काशी तिवारी मानधारा सिंह चन्द्रमौलि सिंह राकेश विक्रम सिंह प्रवीण सिंह बृजेश अग्रहरी गुड्डू उदयविक्रम सिंह आशा बाजपेयी निमिषा त्रिपाठी प्रज्ञा बाजपेयी सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया भव्य आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विकास कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश पटेल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव अशोक कुमार दूबें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज (सीडी) विवेक कुमार व अन्य सम्मानित न्यायाधीशगणों द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्विप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया।

## गन्ने के खेत में अचेत अवस्था में मिली किशोरी



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तमकुहीराज क्षेत्र के चखनी चौराहा के पास शनिवार को सुबह गन्ने की खेत में अचेतावस्था में एक किशोरी मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को उपचार के लिए तमकुहीराज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के तमकुही-सिसवा बाजार मार्ग के चखनी पुल के बगल में स्थित गन्ने के एक खेत में 17 वर्षीय किशोरी बेहोशी की हालत में मिली। मौके पर जुटे लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद तमकुहीराज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को सीएचसी ले गई। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान किशोरी ने अपना पता बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के विशुनपुर चैनपुर बताया। उसके आगे किशोरी कुछ नहीं बता पा रही है। तमकुहीराज के थानाध्यक्ष नीरज राय का कहना है कि प्रथम दृष्टया किशोरी जहर खुरानी की शिकार लग रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है लेकिन किशोरी के पूरी तरह होश में आने के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी निवासी एक नवविवाहित ने पारिवारिक कलह से तंग आकर फंदे से लटकर कर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी जगदीश गुप्ता के पुत्र छोटेलाल गुप्ता की शादी बीते मई माह में देवरिया जनपद के तरकुलवा थाना क्षेत्र के नरहर पट्टी निवासी धुरेंद्र गुप्ता के बेटी चांदनी उम्र 22 वर्ष से धूमधाम से हुई थी। पड़ोसियों का कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही घर मे अक्सर किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी कुछ दिन पूर्व कहासुनी इतनी बढ़ गई थी कि लोगों ने हस्तक्षेप कर विवाद शान्त कराया था। शनिवार को दिन में ग्यारह बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शाम चार बजे तक कमरा नही खुलने पर घर के लोग उसको जगाने का प्रयास किए तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई इसके बाद किसी अनहोनी की आशंका के चलते दरवाजा को तोड़कर घर वाले जब अंदर गए तो वह फंदे से लटकती मिली।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 83691 वादों का किया गया निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वाधान में अपर जिला जज/सचिव रवि कान्त यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ अशोक कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, उमेश मिश्रा जिलाधिकारी कुशीनगर व धवल जायसवाल पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर विभिन्न मामलों में 83691 वादों का निस्तरण किया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 83691 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें फौजदारी के 7370 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें जुर्माने



**मोटर दुर्घटना के 67 क्लेम में 4,78,58,982 दिलाया गया मुआवजा**

के रूप में रूपया 143290 की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 67 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को रूपया 4,78,58,982/- (चार करोड़ अठहत्तर लाख अन्ठावन हजार नौ सौ बयासी मात्र) मुआवजा दिलवाया गया। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 02 वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण से सम्बन्धित वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंको द्वारा कुल 1413 बैंक ऋण वादों का निस्तारण करते हुए रूपया 8,63,17,134/- टोकन मनी के रूप में ऋण धारियों से वसूल की गई तथा 474 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 83691 वादों का निस्तारण किया गया।

## सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कर रहा विपक्ष



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देवरिया सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने पथरदेवा विधानसभा के खैराट, तरकुलवा नगर, बरवामीर छापर तथा बेलावर दुबावर में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित किया और लोगों को पंच प्रण का शपथ दिलाया। इस दौरान सदर सांसद डा.त्रिपाठी ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम में सभी की भागीदारी सौभाग्य की बात है। हर जगह से मिट्टी इकट्ठी हो रही, यह हमारी एकता को दर्शाती है। यह हम सभी के लिये सुखद अनुभूत का समय है की हमारे घर की चुटकी भर मिट्टी देश की आजादी के शहीदों के सम्मान में लगेगी। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चल रहे इस अभियान में हम लोग बिना भेदभाव हर जाति-धर्म के लोगों के घर जाकर मिट्टी ले रहे है कि सबके घर की मिट्टी शहीदों के सम्मान में काम आये तो वही घमंडिया गठबन्धन के नेता सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कर रहे है। विपक्षी गठबन्धन अपने कुत्सित राजनीति से देश को बांटने की साजिश कर रहा है। इस दौरान जिलाउपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा,जीवनपति त्रिपाठी, विजय श्रीवास्तव, रमेश सिंह, उमेश मल्ल, अम्बुज शाही, सुजीत सिंह, जनार्दन कुशवाहा आदि रहे।

## तीसरे दिन भी जारी रही रिमझिम बारिश

**अमेठी।** जनपद में तीसरे दिन भी रिमझिम बारिश जारी रही। शनिवार को दिनभर कई चक्र बारिश हुई बारिश का क्रम देर शाम तक जारी रहा। जनपद में गुरुवार को भोर से ही झमाझम बारिश की शुरुआत हुई जो सुबह काफी देर तक जारी रही। शुक्रवार को भी दिन में कई चक्र बारिश हुई।बारिश होने के कारण मौसम सुहाना हो गया लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। इधर दिन में धूप खिली मगर अपरान्ह 3 बजे के बाद एक बार फिर रिमझिम बारिश हुई आसमान में काले बादल छाए रहे शाम 5 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई।बारिश का क्रम रुक-रुक कर देर शाम तक जारी रहा। बारिश होने के कारण जहां किसानों के सूखती फसलों को जीवन दान मिला वही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। पिछले एक पखवाड़े से बारिश के इंतजार में किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए थे।संसाधन के अभाव में कहीं-कहीं किसान सिंचाई नहीं कर पाए थे उनकी फसले सूख रही थी। बारिश से जहां किसान मुदित है वहीं लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

## डेंगू को लेकर बरते सतर्कता: डीएम

### जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं सीडीओ रवींद्र कुमार ने आज मेडिकल कॉलेज के नियंत्रणाधीन जिला अस्पताल का निरीक्षण कर डेंगू के इलाज एवं उससे जुड़ी तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने डेंगू मरीजों को निर्धारित मानक के अनुसार चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी आज अपराह्न जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड पहुंचे जहां दो मरीज भर्ती मिले। उन्होंने मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश बरनवाल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 10 बेड का डेडीकेटेड डेंगू वार्ड बनाया गया है, जिस पर डीएम ने 10 बेड और बढ़ाने



का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में डेंगू जांच की कंफर्मेटरी टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक का निरीक्षण कर रक्त एवं प्लेटलेट्स की उपलब्धता के संबन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीएमओ डॉ राजेश झा को निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू को लेकर पर्याप्त सतर्कता बरती जाए। चिकित्सालयों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। जिलाधिकारी ने मौसम परिवर्तन के कारण मच्छर जनित बीमारी डेंगू, चिकुनगुनिया एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए जनपदवासियों से विशेष एहतियात बरतने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि डेंगू के लिए जिम्मेदार टाइगर प्रजाति के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। गहरे बर्तनों, गमलों, कूलर में यदि पानी इकठ्ठा हो तो उसे साफ कर लें। बच्चे एवं बड़े पूरी बाँह के शर्ट एवं फुल पैंट का प्रयोग करे। सोते समय मच्छरदानी लगाए। उन्होंने बताया कि तेज सिरदर्द एवं बुखार के साथ मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना एवं उल्टी, आंखों में दर्द जैसे लक्षण दिखे तो तत्काल नजदीकी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाँच कराकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाएं।

## जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद देवरिया के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं



पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया । इसी क्रम मे जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा थाना रूद्रपुर में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना रूद्रपुर पर कुल 2 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 का निस्तारण कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश कुमार सोनकर द्वारा थाना रामपुर कारखाना एवं बघौचघाट में जन समस्याओं को सुना गया जहां कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 का निस्तारण कराया गया तथा थाना बघौचघाटपर कुल 6 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 का निस्तारण कराया गया, क्षेत्राधिकारी नगर श्री श्रीयश त्रिपाठी द्वारा थाना कोतवाली पर जनससमयाओं को सुना गया जहां कुल 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर श्री जिलाजीत द्वारा थाना एकौना पर जन समस्याओं को सुना गया जहां कुल 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। क्षेत्राधिकारी बरहज श्री अंशुमान श्रीवास्तव द्वारा थाना भलुअनी में जन समस्याओं को सुना गया जहां पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 89 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 28 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## विद्यार्थियों को दी गई इलेक्टिव कोर्सेज की जानकारी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस की अध्यक्षता मे द्रव्यगुण विभाग के प्रोफेसर डॉ. गिरिधर वेदांता ने सुश्रुत बैच (2022-23) के विद्यार्थियों को नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) द्वारा प्रस्तावित इलेक्टिव कोर्सेज के बारे मे विस्तार से समझाया। डॉ. गिरिधर ने बीएएमएस के विद्यार्थियों को बताया की प्रत्येक व्यावसायिक सत्र में 3 विषय में 10 अंक के इलेक्टिव कोर्स करना अनिवार्य है। इनके अंक आपके मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ जुड़ेंगे। एनसीआईएसएम में क्रेडिट बेस मानक के आधार पर पूर्णतया पाठ्यक्रम निर्धारित किया है। ये इलेक्टिव विषय विद्यार्थियों को अपने विषय से सम्बंधित विषय से परिचय करते हैं और उनको समझने मे सहायक होते है जिससे विद्यार्थियों चुने विषय में और जागरूक और परांगत हो सके। प्रत्येक इलेक्टिव में 5 मॉड्यूल है। ऑनलाइन वीडियो के द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। इलेक्टिव के अलग अलग सत्रों मे ऑनलाइन परीक्षा, विषय के एक्सपर्ट से संवाद आदि सत्र आयोजित किये जाते हैं जिनका मूल्यांकन ऑनलाइन परीक्षा के द्वारा होता है। शैक्षणिक प्रमुख एवं रसशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नवीन ने चरक बैच (21-22) के विद्यार्थियों को इलेक्टिव पाठ्यक्रम के बारे में अवगत कराया।

## कुशीनगर में तेजी से फैल रहा लंपी बीमारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में लंपी बीमारी का प्रकोप पी तेजी से फैलता जा रहा है, लेकिन इस बीमारी को रोकने के लिए विभाग के पास कोई पुख्ता इंतजाम नहीं देखा जा रहा है। खड्डा तहसील क्षेत्र के किशनपुर विजयपुर, लक्ष्मीपुर, जुड़ा छपरा, पाण्डेय छपरा, विशुनपुरा और मंशा छपरा आदि गांवों में तेजी के साथ पशुओं में फैल रही लंपी वायरस की बीमारी से पशुपालक चिंताओं से घिरे हुए है। दुधारू पशुओं के इस बीमारी के चपेट में आने की वजह से दुग्ध उत्पादन और आपूर्ति की स्थिति काफी प्रभावित हो रही है।

लंपी वायरस की चपेट में आए पशुओं का नुकसान की आशंकाओं के चलते दुग्ध विक्रेता पशुपालकों से क्रय नही कर रहे है। एक ओर जहां पशुओं में लंपी वायरस का प्रकोप बढ रहा है, वहीं चिकित्सा विभाग के तरफ से इस बीमारी की रोकथाम तथा पशुओं के उपचार के लिए कोई सार्थक पहल धरातल पर उतरता हुआ



दिखाई नही दे रहा है। जिसके चलते पशुपालक परेशान होकर इधर उधर भटक रहे है। बताया जा रहा है कि लंपी वायरस एक त्वचा रोग है, जो वायरस से फैलता है, जो गाय भैंसों में प्रमुखता से असर करता है। यह संक्रामक बीमारी भी है इसलिए बेहद खतरनाक होने के साथ इलाज में भी समय लेती है।

पशुओं में यह वायरस बहुत तेजी से अपने पांव पसारता है। अगर कोई पशु लंपी वायरस से संक्रमित हो जाए तो उसके शरीर पर परजीवी कीट मच्छर मक्खियों और दूषित जल दूषित भोजन और लार के संपर्क में आने से यह रोग अन्य पशुओं में भी फैल सकता है। इस रोग से प्रभावित पशुओं में मृत्यु दर बहुत अधिक होती है।

लंपी वायरस के लक्षण दिखने वाले लक्षण संक्रमित मवेशी को हल्का बुखार रहता है त्वचा पर छोटी-छोटी गांठे बन जाती हैं और मुंह से लार अधिक निकलता है। आंख नाक से पानी बहता है और पशुओं के पैरों में सूजन रहती है। संक्रमित पशु के दूध

**रोकथाम का नहीं है कोई उपाय**

**धरातल पर नही दिख रहा लंपी बीमारी से बचाव एवं उपचार**

उत्पादन में गिरावट आ जाती है और गर्वित पशुओं में गर्भपात का खतरा रहता है।

कभी-कभी पशु की भी मौत हो जाती है पशु के शरीर पर त्वचा में बड़ी संख्या में दो से पांच सेंटीमीटर आकर के कठोर गांठ बन जाती है। जो पशु लंपी बीमारी से ग्रसित है या संक्रमित हो उन्हें स्वस्थ पशुओं के झुंड से अलग रखना चाहिए जिससे संक्रमण न फैले। पशुओं के रहने वाले बाड़े की नित्य साफ-सफाई करते रहना चाहिए। इस प्रकरण में नेबुआ नौरंगिया पशुधन प्रसार अधिकारी इंद्रजीत त्रिपाठी ने बताया कि पशुओं का टीकाकरण करवाते हुवे विभाग के तरफ से मिले दवाओं आदि का वितरण किया जा रहा है।

## सपा के सेक्टर प्रभारी की सर्पदंश से मौत

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी की सर्प दंश से मौत होने से सपाइयों में शोक की लहर है।बताया गया है की बीती रात बिस्तर पर सोते समय समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी को सांप ने काट लिया उपचार के लिए रायबरेली जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी तिलोई के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष छेदीलाल का भतीजा राम सिंह पुत्र संग्राम सिंह यादव सेक्टर प्रभारी सिंहपुर उम्र 22 वर्ष निवासी अंगुरी अशरफपुर थाना इन्हौना रात्रि में घर के आंगन में चारपाई पर सोया हुआ था।बताया जा रहा है की रात्रि लगभग ढ़ाई बजे चारपाई पर चढ़कर सांप ने पैर में काट लिया। जिसकी जानकारी उन्होंने परिजनों को दी आनन फानन में परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल रायबरेली लेकर जा रहे थे रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की खबर मिलते जिले के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव चंद्र शेखर यादव राम केवल यादव जैनुल हसन राकेश कुमार शमशाद खान गिरीश यादव जिया लाल फौजी ओम प्रकाश यादव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

## डोल मेला में व्यवस्थाओं का चेयरमैन ने लिया जायजा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दो दिन बाद पडरौना में परम्परागत तरीके से उठने वाले डोल एवं मेला को लेकर नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने समस्त डोल अखाड़ा समितियों के साथ बैठक कर उनकी आवश्यकताओं और सुविधाओं की जानकारी ली और समितियों को जरूरत के हिसाब से नगरपालिका द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष सभी डोल अखाड़ा समितियों के बीच उपस्थिति होकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरतलब है कि मेला मे डोल झांकी व अखाड़े को लेकर नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर के प्रमुख मार्गों की विशेष साफ-सफाई के साथ पानी टैंकर की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा सड़को पर पानी का छिड़काव कराया गया था ताकि मेले मे धूल मिट्टी से लोग



प्रभावित न हो। डोल मेला के दरम्यान नगरपालिका के जलकल परिसर में मेला में आए अतिथियों व श्रद्धालुओं के लिए जलपान के साथ साथ चिकित्सक सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि प्रदेशभर मे कुशीनगर जनपद के पडरौना डोल मेले का विशेष पहचान है। डोल मेला मे भगवान श्री कृष्ण की विशेष झांकी के अलावा विभिन्न तरह के मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया जाता है। साथ ही इसके अखाड़े में ही युवा खिलाड़ियों द्वारा अपनी कलाओं का हैरतअंगेज तरीके से प्रदर्शन किया जाता है। अखाड़ा खेलते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के स्थानीय मेले जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ठेले, खोमचे वाले और अन्य स्ट्रीट वेंडर्स की अर्थव्यवस्था का बड़ा स्रोत साबित होते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर के सबसे बड़े पर्व में से एक डोल मेले में एक लाख से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष भागीदारी दर्ज कराते है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति, नपा कर्मियों, पुलिस प्रशासन सहित आमजन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल भी मौजूद रहे।

# टमाटर ने दी राहत तो अब दालों के साथ मसाले भी हुए महंगे



अवधनामा संवाददाता

गृहणियां बोलीं-दाल-रोटी भी अब हो रही है मुश्किल

सुल्तानपुर। सब्जियों के बाद अब दाल व मसाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। इनकी कीमतों में इजाफे ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी है। दाल में तड़का लगाने वाले मसालों के दाम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। इससे आम लोगों की गृहस्थी का गणित गड़बड़ा गया है।

दरअसल,अभी तक लोगों के दिलो दिमाग में टमाटर, हरी मिर्च,हरे धनिया के साथ सब्जियों के ऊंचे दाम ही छाए हुए थे लेकिन,अब एक और मुश्किल बढ़ गई हैं। दाल के साथ मसालों के दाम भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गए हैं।इस समय अरहर की दाल 155-160रुपये किलो की दर से बाजार में बिक रही है।हल्दी,जीरा, लौंग सहित अन्य मसालों के दाम भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं।

कुड़वार के मां वैष्ण किराना व्यवसाई अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि सभी दालों के दाम काफी बढ़ गए हैं। आटा व चावल के दाम भी बढ़े हैं। मसालों के दामों में तेजी आने का असर कारोबार पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दालों और मसालों के दामों में जिस प्रकार से तेजी आई है,वह पहले नहीं देखने को मिलती थी।

### गृहणियों का दर्द-दाल रोटी में भी बाधा

सरिता मिश्रा का कहना है कि बढ़ते दामों ने गृहस्थी पर असर डाला है। इससे आम लोगों के सामने दाल रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सरकार को कोई नीति बनानी चाहिए।

### महंगाई पर नियंत्रण के लिए करें ठोस प्रयास

वंदना मिश्रा का कहना है कि सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। देखना चाहिए कि कहीं पर स्टॉक डंप करके महंगाई को बढ़ावा तो नहीं दिया जा रहा है।

**सरकार महंगाई पर लगाए रोक--**

प्रमिला यादव का कहना है कि महंगाई क्यों बढ़ रही है।कभी सब्जी तो कभी दाल, मसाले के दाम, इसको लेकर सरकार को देखना चाहिए। इस पर रोक लगाने का प्रयास किया जाय।

### गृहस्थी चलाने में मुश्किल

भावना तिवारी कहती हैं कि अब तो गृहस्थी चलाने में मुश्किल होने लगी है। सब्जी के बाद अब दाल की कीमत बढ़ गई। मसाले के दाम बढ़ गए। क्या किया जाय,कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

### खाद्य सामग्रियों की कीमतें एक नजर में (प्रति किलो में)

**खाद्य सामग्री- 08अगस्त से- 08सितम्बर**

अरहर दाल-140-160, मूंग दाल-130-140,चना दाल-80-90, मटर दाल-80-90,आटा-30-35, चावल बासमती- 120-140, बेसन-100-110,जीरा-750-800, सौंफ-220-250, कालीमिर्च-800- 1000,छोटी इलायची- 2500-3000, लौंग-1000-1200, मिर्च-300-350, धनिया-180-200, हल्दी-250-300। नोट-यह मूल्य प्रति किलो की दर से है।

# आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी बाबा रामलाल का त्याग: अनीश



अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। अवध किसान आंदोलन के प्रणेता स्वतंत्रता सेनानी बाबा रामलाल मिश्र की 190 वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी पर धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व सुल्तानपुर के प्रभारी अनीस खान ने कहा कि बाबा रामलाल मिश्र जी ने युवा पीढ़ी के लिए मिसाल प्रस्तुत की है आने वाले समय में बाबा का बलिदान युवाओं को प्रेरित करता रहेगा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व बाबा रामलाल मिश्र के प्रपौत्र वरुण मिश्र ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने की इस अवसर पर प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष योगेश प्रसाद पाण्डेय युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, ममनून आलम, महासचिव ममनून आलम वरिष्ठ नेता पवन मिश्र कटावां, आमिर पठान, सुनील सिंह चौहान, राहुल मिश्र, बाबा रामलाल के परिवार जन छोटेलाल मिश्र आशुतोष मिश्र, अनुराग मिश्र, आनंद मिश्र समेत दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश को लेकर ब्लाक सभागार में हुई बैठक

कुड़वार क्षेत्र वासियों के आंगन से दिल्ली के अमृत वाटिका जाएगी माटी



अवधनामा संवाददाता

कुड़वार,सुल्तानपुर। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कुड़वार ब्लाक सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने की एवं संचालन बीजेपी मंडल अध्यक्ष महाबीर श्रीवास्तव ने किया। कुड़वार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह बब्लू ने सभी ग्राम प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों व कोटेदारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आजादी के 75वां अमृत महोत्सव पर सभी ग्राम पंचायतों में 75फलदार वृक्ष लगाने की अपील किया।बीजेपी जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि हमारे घरों की मिट्टी दिल्ली के अमृत वाटिका में जाएगी,हम सभी क्षेत्र वासियों को गर्व की बात है।उन्होंने सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं, प्रधानों, ब्लाक कर्मचारियों को मेरी माटी मेरा देश अभियान को सत् प्रतिशत सफल बनाने की अपील की। बीडीओ एस एन सिंह ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश अभियान को सफल बनाने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूतों शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को ग्राम पंचायत स्तर पर चिह्नित कर विशेष स्थानों पर अंकित करना है।साथ ही देश के सम्मान में एकजुट होकर देश की एकता को बनाए रखने के लिए आप सभी को सहयोग करने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों, कोटेदारों एवं ब्लाक के कर्मचारियों द्वारा सफल बनाने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए एमएलसी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी व अक्षत कलश में एकत्रित करना है। कार्यक्रम 08 सितम्बर से 15सितम्बर तक चलेगा। 14 सितम्बर तक हर हाल में कलश में एकत्रित करना है।पूरे देश से एकत्रित मिट्टी से देश के मुख्यालय दिल्ली में अमृत वाटिका बनाई जाएगी।जिससे हम सभी लोग गौरवान्वित होंगे।

इस अवसर पर कुड़वार मंडल महामंत्री अवधेश शर्मा,प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह,मंडल अध्यक्ष शिवनगर संतोष सिंह,एडीओ पंचायत दयावंत सिंह,सचिव संतोष पाल सहित ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य व कोटेदार मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में डीएम द्वारा निस्तारित किये गये 17 वाद



बहराइच। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा 12 राजस्व वादों तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 05 वादों कुल 17 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित वादों का निस्तारण करते हुए डीएम मोनिका रानी द्वारा रू. 24 लाख 91 हज़ार 470 की धनराशि जमा कराई गई। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ उपस्थित रहे।

## औद्योगिक विकास मंत्री का आगमन 10 सितम्बर को

बहराइच। मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी जी' का 10 सितम्बर 2023 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री श्री नन्दी 10 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे हरियाली रिसार्ट पहुंचकर अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय महिला सम्मेलन तथा समाज के युवक एवं युवती वैवाहिक परिचय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें। तदोपरान्त अपरान्ह 12:00 बजे प्रयागराज के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर 'गुरू जी' का आगमन 10 सितम्बर को

बहराइच। राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उ.प्र. सरकार श्री राकेश कुमार राठौर 'गुरू जी' का 10 सितम्बर 2023 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. राज्यमंत्री श्री राठौर 10 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 01:30 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच पहुंच कर अपरान्ह 02:30 बजे हरियाली रिसार्ट में आयोजित अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय महिला सम्मेलन तथा समाज के युवक एवं युवती वैवाहिक परचिय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें। तदोपरान्त अपरान्ह 03:15 बजे मटरू दाल एण्ड राइस मिल, गल्ला मण्डी दरगाह रोड बहराइच पहुंचकर स्थानीय व्यापारियों के साथ तथा सांय 04:00 बजे डालमिया धर्मशाला छावनी बहराइच आशीष जैन व श्रीमती डिम्पल जैन के आवास पर भेट वार्ता करेगे। श्री राठौर अपरान्ह 04:30 बजे बाराबंकी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक 12 सितम्बर को

बहराइच। जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को खेल उपकरण सम्बन्धी सहायता तथा राज्य स्तरीय चोल प्रतियोगिता आयोजन पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी देते हुए उप क्रीडाधिकारी अभिषेक धनुक ने सभी सम्बन्धित से समय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए मांगे गये प्रस्ताव

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'' हेतु प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने तथा इस हेतु पूर्णरूप से समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 05 जनवरी के अवसर पर ''गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'' प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार अन्तर्गत रू. एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था है। डीएम ने बताया कि शासन द्वारा विलम्बतम 30 सितम्बर 2023 तक चार प्रतियों में प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। डीएम ने बताया कि भारत के मूल नागरिक जो उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास कर रहे ऐसे व्यक्ति जिनका मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा तो तथा गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न किये गये हों, अर्ह होंगे।

# जीवन में प्रसन्नता भी एक कला: आचार्यश्री

अवधनामा संवाददाता



ललितपुर। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में उच्चारणाचार्य विनम्रसागर महाराज ने कहा कि जीवन में प्रसन्न रहना हसना भी एक कला है। जब व्यक्ति अहंकार पूर्वक और दूसरों को देखकर हंसतर है तो वह कषाय है और वही व्यक्ति जव स्वयं हंसता है प्रसन्न रहता है तो आनंद की अनुभूति करता है। प्रभु की भक्ति जितनी आनंददायी है उतना ही अहंकार का जीवन धातक है। आचार्यश्री ने जीवन में जीने की कला बताते हुए भक्तामर के माध्यम से अपने जीवन को संवारने के लिए विभिन्न विन्दुओं पर ध्यानाकर्षित किया। आचार्यश्री ने कहा धार्मिक संस्कारों की जव प्रचुरता होती है तो वही संस्कार साधना के माध्यम से तप की ओर वढते हैं। जो वैराग्य का कारण बनते हैं। अपनी काव्य मय प्रस्तुत प्रभु भक्ति मन में लाए वहीं मुक्ति पथ अपनाए स्वर्ग सम्पदा पाए पर उपस्थित श्रावक भक्ति में झूम उठे। आचार्यश्री ने भक्ताम्मर स्त्रोत की महिमा बताते हुए उपस्थित श्रावकों को भक्तामर स्त्रोत के सही उच्चारण हेतु सीख दी। आज प्रातःकाल बुद्धि, सिद्धि,समृद्धि प्रदायक सर्वविग्न विनाशक महामृत्युंजयी भक्तामर शिविर में आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में भगवान के अभिषेक शान्तिधारा पुर्ण्याजक परिवार द्वारा की गई। जवकि आचार्यश्री के पादप्रक्षालन विधान पुर्ण्याजक शान्तिवाई मातेश्वरी अनिल कुमार, अक्षय-अजय अलया एवं सुनील जैन जाखलौन परिवार द्वारा किया गया। इसके पूर्व भक्तामर विधान पं. जयकुमार जैन सेरोन ने भक्तिपूर्वक सम्पन्न कराया। इस दौरान शीलचंद जैन, अखिलेश जैन, भगवानदास जैन, कपूरचंद जैन . महेन्द्र मयूर, संजीव जैन, प्रदीप जैन, दिलीप चौधरी, पुष्पेन्द्र जैन, अनंत सराफ, नरेश, अंकुर जैन, अमिताभ जैन, मनोज जैन, चंचल, अमित सर्राफ, दिलीप चौधरी आदि रहे।

## हेल्थ वर्कर ऐशोसिएशन की ममता अध्यक्ष, आशा मंत्री निर्वाचित

जयसिंहपुर,सुल्तानपुर। आशा हेल्थ वर्कर एशोसिएशन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंह पुर का चुनाव श्रीमती कुसुम लता यादव प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति से ममता को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया गया। बिट्टन को उपाध्यक्ष,संगीता सिंह को मंत्री,आशा मौर्या कोषाध्यक्ष,संगठन मंत्री ने कहा कि सभी बहने संगठन के प्रति जागरूक हो रहीं हैं। सभी सरकार से अपने हक के लिए संगठन के बाल पर संघर्ष करेंगी।

# अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई में नहीं आयेगी कोई बाधा: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



ललितपुर। अटल आवासीय विद्यालय में 11 सितंबर से कक्षाएं संचालित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने 06 सितम्बर को अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में विद्युत आपूर्ति की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बताया कि वर्तमान में विद्यालय में अस्थायी रुप से विद्युत आपूर्ति की जा रही है, जो अधिकतर बाधित रहती है, जिससे कक्षाएं संचालित होने में बाधा उत्पन्न हो सकती है। जिस पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विद्युत/यात्रिंक खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झांसी द्वारा छात्रावास में इन्वर्टर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए, जिसके लिए खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि से धनराशि अवमुक्त की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी। 11 सितंबर से अटल आवासीय विद्यालय में सभी कक्षाओं के संचालन हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत/यात्रिंक खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झांसी को निर्देश दिए कि अटल आवासीय विद्यालय में बालक/बालिका छात्रावास हेतु इन्वर्टर लगाये जाने का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए। उक्त निर्देशों के क्रम में खनिज न्यास निधि की प्रबंध समिति की बैठक में अधिशासी अभियन्ता विद्युत/यात्रिंक खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झांसी द्वारा मु0 7.03 लाख की धनराशि का आंकलन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जो सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# के.जी.एन. एकता कमेटी की मीटिंग हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



बैठक में चर्चा करते कमेटी पदाधिकारी

ललितपुर। ईद मिलादुन्नबी के जलसे की यात्रा को लेकर के.जी.एन.एकता कमेटी की एक आवश्यक बैठक मो.आजम पठान के आवास पर संपन्न हुयी। बैठक में कमेटी के अनेकों पदाधिकारी व सदस्य ने राय मशवरा दिए। राय मशवरा में तय हुआ की गुलिस्ता सालों की तरह इस साल भी कमेटी की जानिब से मुकाम चौकीपुरा में तबर्रुक का एहतिमाम किया जाएगा और जलसे का इस्तकबाल किया जाएगा। मीटिंग में बाकिर अली भोलू पूर्व पार्षद ने भी मशवरा देते हुए कहा की संपूर्ण जुलूस में कमेटी के ओहदेदारेन व जिम्मेदार हजरात के जरिए अराजक तत्वों पर निगाह रखी जाएगी।

भोलू अली की बात का समर्थन करते हुए के कमेटी के संरक्षक हबीब पठान ने भी बात को आगे बढ़ते हुए कहा की हर मोहल्ले से नौजवानों की टीम गठित की जाएगी, जो अराजक तत्वों पर निगाह रखते हुए उन्हें समझाने की पहल करते हुए जिम्मेदार हजरात को सूचित करेंगे।

निर्णय लिया गया कि जलसे में कमेटी पूर्ण समर्पित होकर जलसे को पूर्ण शांति व सद्भाव सौहार्द पूर्ण मनाए जाने में सहयोग प्रदान करेगी। मीटिंग में कमेटी के संरक्षक हबीब पठान, पार्षद अफजुल रहमान, पूर्व पार्षद बकिर अली भोलू, पार्षद अब्दुल बारी, एंकर रियाज मंसूरी, रासिद खान बंटी, इकराम खान उर्फ अक्षय, मोहसिन पठान उर्फ गोलू, मो.समीर खान उर्फ बबलू, मो.सादाब खान, बल्लू अली,जावेद कुरैशी, इमरान अली, मुजफ्फर पठान, अजमेरी खान, राजू मिस्त्री, अमजद अली, जावेद खान, मोहम्मद मोहसिन मंसूरी, शेखवसीम पठान मिस्त्री, इमरान पठान, जुनैद पठान, ताजुद्दीन अली, इरशाद भाई, शनी शबनम, टिंकू भाई,करिए राईन, दीनू भाई, हल्कू भाई, मुबीन पठान, शाहरुख खान, नसीम चंदेरी, शनी पठान, भूरे मामू, राजू सफारी, नदीम खान, जावेद खान, इरफान जिलानी, इरफान पठान, फिरोज मिस्त्री, दानिश पठान, रेहान खान, आमिर खान, शाहरुख खान, मोहसिन खान, मोनिस खान, अन्नू मलिंगा, वकील टैक्सी, शहजाद अली, शहताज अली, हरिश अली, जुबेर खान, इमरान भोपाली, आबिद कल्लू, फैसल खान, आजाद मास्टर, रफीक अली, जाबिद किरमानी, राजू राजा, शहबाज पठान, रवि राजा, तनवीर खान, बिक्की पठान, माजिद मिस्त्री, साजिद खान, रानू महाराज, दीपू सोनी, इरशाद भाई, शानू खान, दानिश पठान, मतीन अली, टिंकू भाई, मुबीन पठान, रोहित खान, साजिद खान, इमरोज अली, अरशद खान, अली फैजान, साहिल अली, आलीशान अली, किट्टू खान, रासिद उर्फ लालू, आजम पठान, अनस खान आदि मौजूद रहे। अंत में कमेटी के अध्यक्ष राशिद खान उर्फ बंटी ने कमेटी के सभी पदाधिकारी व मेंबरों का आभार व्यक्त किया।

## आयुक्त ने बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोका वेतन

गोण्डा। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने बिना अनुमति के मुख्यालय छोडने के कारण सहायक आयुक्त खाद्य, देवीपाटन मण्डल अजय कुमार जायसवाल के खिलाफ़ कार्यवाही करते हुये उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। मंडलायुक्त ने बताया कि विभागीय कार्यो के संबंध में जानकारी करने हेतु सहायक आयुक्त को कैम्प कार्यालय पर बुलाया गया था परन्तु उनके द्वारा बताया गया कि द्वितीय शनिवार व रविवार अवकाश होने के कारण मुख्यालय से बाहर चले आये हैं। मण्डलायुक्त ने बताया कि पूर्व में बिना अवकाश स्वीकृति अथवा मुख्यालय छोड़ने की अनुमति के मुख्यालय से बाहर न जाने के निर्देश दिए गये है। इस लापरवाही पर मण्डलायुक्त ने निर्देशों का पालन न करने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने पर सहायक आयुक्त खाद्य का वेतन रोका है साथ ही सहायक आयुक्त को 3 दिन के अन्दर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# एक लाख 21 हजार से ज्यादा वादों का हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



गोण्डा। शनिवार को न्यायालय गोण्डा में वर्ष 2023 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ माननीय न्यायमूर्ति उमेश चन्द्र शर्मा, प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र खण्ड गोण्डा द्वारा किया गया। उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी डा0 अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता, समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज/एफटीसी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश श्री ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा-04 वाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्रीमती रीता गुप्ता द्वारा-34 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी डा0 अनुपमा गोपाल निगम द्वारा-52 वाद एवं प्रतिकर राशि रू.42545310/-, प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरेन्द्र कुमार ओझा द्वारा-04 वाद, द्वितीय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीतू नागर द्वारा-15 वाद, प्रथम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह द्वारा-05 वाद एवं अर्थदण्ड रू.1000/-, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट नासिर अहमद द्वारा-02 वाद एवं अर्थदण्ड रू.400/-, तृतीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीष राजेश कुमार द्वारा-03 वाद एवं अर्थदण्ड रू.900/-, चतुर्थ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट डॉ0 श्रीमती अनामिका चैहान द्वारा-43 वाद एवं अर्थदण्ड रू.117000/-, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी-। नम्रता अग्रवाल द्वारा-01 वाद एवं अर्थदण्ड रू.500/-, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अनुपम शौर्य द्वारा-2592 वाद एवं अर्थदण्ड रू.171600/-, सिविल जज (सी.डि.) अपेक्षा सिंह द्वारा-13 वाद निस्तारित करते हुए रू.8771975/-का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री सुषमा द्वारा-1542 वाद एवं अर्थदण्ड रू.84200./-, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-रेलवे कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा-229 वाद एवं अर्थदण्ड रू.201540/-, सिविल जज (सी.डि.)/एफटीसी नवीन नासेहा वसीम द्वारा-1601 वाद, सिविल जज (जू0डि0) अनन्या शाह द्वारा-13 वाद एवं रू.1806395091/-का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया, न्यायिक दण्डाधिकारी-द्वितीय प्रतिभा शुक्ला द्वारा-1543 वाद एवं अर्थदण्ड रू.47000/-, सिविल जज (जू0डि0)/एफटीसी प्रथम वृशाली गुप्ता द्वारा-1550 वाद, सिविल जज (जू0डि0)/एफटीसी द्वितीय नीतिका राजपूत द्वारा-1500 वाद, सिविल जज (जू0डि0) /एफटीसी नवीन रोहित सोनी द्वारा-1502 वाद तथा न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मनकापुर गोण्डा प्रिंस जिंदल द्वारा-149 वाद, निस्तारित कर जमा कराये गये। इस प्रकार समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल-12411 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रू.623640/- (छः लाख तेईस हजार छः सौ चालीस ) रूपये जुर्माना के रूप में वसूल किये गये। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गोण्डा के अध्यक्ष रामानन्द द्वारा 14 वाद निस्तारित करते हुए रू.998647/- समझौता राशि तय की गयी। जनपद गोण्डा के समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटीगेशन के माध्यम से कुल-109087 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रू.129600853/-(बारह करोड़ छियान्नबें लाख आठ सौ तिरपन) की समझौता राशि तय की गयी। इस प्रकार जनपद गोण्डा से आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-121498 .वादों का निस्तारण किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडर, निविदा सूचना संख्या SnT/Con/E-Tender/12 of 2023**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेन्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित करते हैं- **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण:SnT/Con/E-Tender/12 of 2023 कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बुढ़वल-गोंडा कचेहरी खंड पर संस्थापित ई आई में अल्टरेशन/मॉडिफिकेशन कार्यों के साथ-साथ निरंतर ट्रैक सर्किटिंग के लिए मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर एवं मध्य सेक्शन ऑटो हट का दिये गए रोल डायग्राम ऐस आई पी के अनुसार स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए समग्र कार्य। **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 35,75,22,153.67, **बयाना राशि (₹):** ₹ 19,37,600.00, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 28.09.2023 को 15.00 बजे, **नोट: 1.** बयाना राशि एवं ऑफर की वैधता निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन होना चाहिए। **2.** वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें देखी जा सकती है।

मुसिदूइं/निर्माण गोरखपुर

मुजाधि/सिगनल-57

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

# टूरिस्ट परमिट वाली दर्जनभर बसें ढो रहीं है सवारियां

अवधनामा संवाददाता




**मौदहा हमीरपुर।** टूरिस्ट परमिट लेकर हमीरपुर जिले में अनेकों बसें स्थानीय सवारियां ढो रही है। यह सारा खेल परिवहन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से चल रहा है। टूरिस्ट परमिट वाली इन बसों के खेल के बारे में पुलिस को भी पूरी जानकारी है लेकिन पुलिस कभी इधर ध्यान देती ही नही। यह बसें प्रतिदिन मौदहा से दिल्ली और दिल्ली से मौदहा सरपट दौड़ रही हैं। यह बसें सुमेरपुर में लबे सड़क और मुख्यालय में रोडवेज के करीब पीडबलू कार्यालय के सामनें खड़ी हो कर सवारी बैठाती उतारती हैं जबकि यहां कोई स्टैंड भी नहीं है। बावजूद इसके यह बसें इन स्थानों पर सवारी उठाती हैं।टूरिस्ट परमिट की आड़ में दिल्ली प्रांत से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में सवारियों को यहां लाने ले जाने का काम किया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन बसों में दिल्ली से बिना बिल के व्यापारियों का सामान भी लाया जाता है जिस से सरकार का नुकसान हो रहा है मजे की बात यह है कि जिन रास्तों से यह बसें गुजरती हैं, उन पर थाना, कोतवाली व पुलिस चौकी भी पड़ती है। हाईवे पर लाहो लश्कर के साथ एआरटीओ से लेकर यातायात पुलिसकर्मी भी मौजूद होते हैं,लेकिन इन बसों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रहा है, यह बात जगजाहिर है। फीलगुड का अहसास कर विभागीय अधिकारी और वाहन मालिकों की गठजोड़ से चल रही बसों में सवारियों को भूसे की तरह भरकर लाया और ले जाया जा रहा है। नेशनल टूरिस्ट परमिट का नियम यह है कि वाहन एक जगह से बुक करके सवारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जाता है।बीच में न कही सवारी ली जा सकती है और न ही उतारी जा सकती है लेकिन मौदहा, सुमेरपुर, हमीरपुर में यह बसे हाईवे के किनारे खडी हो कर सवारी बैठाती हैं जो परिवहन के नियमों का उल्लंघन है। किसी निर्धारित रूट पर फुटकर सवारी बस में

**मौदहा से दिल्ली सरपट दौड़ रही बसों में बिना जीएसटी दिये लाया जाता है माल**

बैठाने के लिए स्टेट परमिट का अलग प्रावधान है। लेकिन कागजी प्रक्रिया और टैक्स से बचने के लिए वाहन स्वामी नेशनल टूरिस्ट परमिट लेकर मोटी कमाई कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूरिस्ट परमिट लेकर सवारी ढोने वाली बसों से अच्छी खासी वसूली की जाती है।इन बसों की जानकारी परिवहन विभाग के पास है। बसों से वसूली के लिए किसी प्राइवेट व्यक्ति को लगाया गया है, जिसके बारे में पूरा महकमा जानता है। टूरिस्ट परमिट लेकर बसों से सवारी ढोना परमिट शर्तों का उल्लंघन है।अब देखना है नियम कानून की धज्जियाँ धुएं में उड़ाती इन बसों को परिवहन और पुलिस विभाग कब रोक पाता है।

## बैठक कर बनाई आरपार की लड़ाई की रूपरेखा

**मौदहा हमीरपुर।** अमीनों से कराए जा रहे अतिरिक्त कार्य और अमीनो का हो रहा उत्पीड़न को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की जिला इकाई ने कस्बे की तहसील सभागार में एक बैठक कर एक प्रतिनिधि मंडल के जिलाधिकारी से वार्ता के बाद आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है।बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिज़वान ने की।

संग्रह अमीनों ने कहा की लेखपालों की हड़ताल के समय पर उनके रुके कार्य को अमीनों से जबरन कराया जा रहा है।और अमीनों द्वारा उक्त कार्य को नहीं करने पर उन्हें धमकी के साथ वसूली करने में दण्डित करने की बातें सामने आ रही हैं। जिसकी संगठन घोर निंदा करता है। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रिज़वान ने कहा कि मौदहा के अमीन महेश सोनकर पर कोतवाली में झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि उनके द्वारा भी तहरीर दी गई थी लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया। इतना ही नहीं तहसील के अधिकारियों ने उनपर एकतरफा कार्यवाही कर दी जिसके लिए संगठन का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से जल्द मिलेगा।

# मौदहा में समाधान दिवस पर पहुंचे डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के साथ पहुंचे नवागंतुक डीएम राहुल पाण्डेय ने लोगों की समस्याएं सुनकर तत्काल समाधान करने के निर्देश सम्बंधित को दिये हैं।

पीड़ित पंकज पुत्र कृपाशंकर ने बताया कि वह मकरांव स्थिति स्वर्गीय सुंदरलाल शिवहरे डिग्री कालेज में बीएड संकाय में प्राईवेट शिक्षक है और मौदहा कस्बा के गांधी इण्टर कॉलेज के पास देवीदयाल सोनी के मकान में किराये में रह रहा है। रक्षाबंधन के पहले वह पी एचडी के कार्य से लगभग एक सप्ताह के लिए कानपुर गया था और अपनी बाईक काले रंग की पैशन प्रो. यूपी 91 एम 8340 उक्त किराए के मकान की गैलरी में खड़ी कर गया था। रक्षाबंधन के एक दिन पहले मकान मालिक ने एक व्यक्ति को मकान का एक कमरा किराये में दिया था। वह व्यक्ति कुछ घण्टे कमरे में रहकर बाइक लेकर चला गया है।जिस व्यक्ति को मकान मालिक ने किराए पर कमरा दिया था उस व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मकान मालिक नहीं दे रहा है और कहता है कि उक्त किराएदार को उसने पड़ोसी मंगल सिंह के कहने पर मकान में रखा था। इससे सम्बंधित तहरीर पीड़ित ने 04 सितंबर को कोतवाली में दी थी लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नही किया गया है। इसके अलावा अधिकाशं शिकायतें राजस्व से सम्बंधित आयीं जिन को जिलाधिकारी नें सुन नें के बाद उपस्थित उपजिलाधिकारी मैदाहा को निस्तारण हेतु आदेश दिया तथा कहा कि सभी शिकायतें मेरे दुबारा आनें से पहले हल कर ली जाएं।

**डीएम से मिलकर फरियादी संतुष्ट नजर आये**

जिलाधिकारी अधिकारी नें अवैध कब्जा व बटवारे की शिकायतों को बहुत ही ध्यान पूरव सुना। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय से मिल कर फरियादी अति सन्तुष्ट नजर आयें मानों जैसे किसी नें उन के दर्द का निवारण कर दिया हो। कुल सत्रह शिकायतें आयी हैं।

## एआरटीओ के संरक्षण में पेट्रोल पंप पर चल रहा अवैध बस स्टैंड

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर ग्राम मौजमपुर के पास स्थित एक पैट्रोल पंप पर एआरटीओ प्रवर्तन तथा अजीजगंज चौकी पुलिस के संरक्षण में अवैध स्टैंड संचालित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वार्ड नंबर 23 लालपुर के भाजपा पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला ने परिवहन मंत्री जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को प्रेषित शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि डबल डेकर बसें इसी पेट्रोल पंप से संचालित की जाती हैं। जिससे कभी भी कोई हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि इसी पेट्रोल पंप से बसों में सवारियां भरी तथा उतारी जाती हैं। शासन की ओर से अवैध स्टैंड संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी कर रखे हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस चौकी अजीजगंज तथा एआरटीओ

**भाजपा पार्षद ने डीएम और परिवहन मंत्री को भेजा शिकायती पत्र**

प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय के संरक्षण में उक्त अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। तमाम बार एआरटीओ प्रवर्तन से इस संबंध में लिखित एवं मौखिक शिकायत की गई। आज तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इस अवैध स्टैंड संचालक के होने से पेट्रोल पंप पर किसी भी दिन बड़ा अग्निकांड तथा हाईवे पर सवारियां भरने से सड़क दुर्घटना में जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। पार्षद ने अब स्टैंड संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा एआरटीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने बताया कि समय-समय पर अभियान चलाकर डबल डेकर बसों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अवैध स्टैंड संचालित करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# डेंगू के साथ वायरल का भी प्रकोप, कई मरीज भर्ती

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** मौसमी बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में ले रखा है। मौसम में ठंडक आने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाने की वजह से भी लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को जिला अस्साल में वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। जिला अस्पताल में तकरीबन एक दर्जन मरीजों को बुखार से पीड़ित होने पर भर्ती किया गया। इसके साथ ही सात मरीजों की डेंगू की जांच कराई गई। हालांकि इनमें से कोई भी डेंगू पाजिटिव नहीं मिला है। चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। मौसमी परिवर्तन से बीमारियों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। मौसम में आई नरमी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इससे लोगों को डेंगू का भय सताने लगा है। अब तक डेंगू की हुई जांचों में पांच मरीज पाजिटिव मिल चुके हैं। लगातार मरीजों की जांचें भी कराई जा रही हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की पैथालाजी में 7 मरीजों की डेंगू की जांच कराई गई। सभी की रिपोर्ट




**अब तक डेंगू के मिल चुके हैं पांच मरीज, शनिवार को हुई सात जांचें**

**मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियों का कहर, बढ़ रहे मरीज**

नेगेटिव आई है। उधर बुखार से पीड़ित राधिका (6) बिसंडा, रोशनी (18) बाकरगंज, सतीश (2) तिंदवारा, अतुल (44) गायत्री नगर, कुंवरिया (60) मौदहा, मैना (18) अहार, रिदा (1) गायत्री नगर, संजू (18) लामा, लक्ष्मी (16) कंचन पुरवा, शिवाकांत (10) परशुराम तालाब, संपत (25) खाईपार समेत करीब 20 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बढ़ती मरीजों की संख्या से ट्रामा सेंटर के बेड भी फुल नजर आ रहे हैं। बेडों के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पलंग नसीब नहीं हुआ तो मरीज मेडिकल कालेज के लिए रवाना हो जाते हैं। डा. विनीत सचान ने बताया कि मौसमी बीमारियों के चलते वायरल फीवर के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

### अतिरिक्त होने के बावजूद बेड फुल

मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही पूर्व में मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसएन मिश्र ने अतिरिक्त बेडों का इंतजाम किया था। इन बेडों को ट्रामा सेंटर के साथ ही अन्य स्थानों पर भी डलवा दिया गया था, लेकिन मरीजों की संख्या में एकबारगी इजाफा होने के कारण अतिरिक्त बेड भी फुल हो गए हैं। आलम यह है कि मरीजों को बेड प्राप्त करने के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ रहा है। सीएमस का कहना है कि मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह से परेशानी हो रही है, जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

## ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान में घर घर मिट्टी और अक्षत किया संग्रह



**चोपन/ सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के रूप में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मिट्टी व अक्षत संग्रह कार्यक्रम के तहत शनिवार को चोपन मंडल के जुगैल में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख लीला देवी के उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मिट्टी और अक्षत संग्रह किया। इस दौरान डीजे के धुन पर एक से बढ़कर देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा वहीं ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करके राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा और भावी पीढ़ियों को भारत की विरासत की रक्षा करने के लिए प्रेरित करेगा।

## हि. ग्रा. विकास विभाग ने मनाया विश्व साक्षरता दिवस



**सोनभद्र /रेणुकूट अवधनामा संवाददाता।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग संस्थान के मुखिया एन. नागेश के मार्गदर्शन में आस-पास के ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने के कई कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। इसी क्रम में विश्व साक्षरता दिवस पर संस्थान के ग्रामीण विकास विभाग ने दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी विकास खण्डों तथा रेणुकूट नगरीय बस्ती में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में बभनी विकास खण्ड के बभनी एवं नवां टोला ग्राम पंचायतों में लगभग 50, दुद्धी विकास खण्ड के झारोखुर्द, दिघुल, पकड़ी एवं केवाल ग्राम पंचायतों में लगभग 200, म्योरपुर विकास खण्ड के सुपाचुआ व काशीकुड़ ग्राम पंचायतों में लगभग 80 तथा रेणुकूट नगरीय बस्ती के धोबिया टंकी मुहल्ले में लगभग 200 लोगों को कठपुतली एवं जादू के खेलों के द्वारा शिक्षा के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में तो बताया ही गया साथ ही सामाजिक कुरीतियों और अंध विश्वास के प्रति भी लोगों को सावधान किया गया।

# राजकीय मेडिकल के प्राचार्य का तुगलकी फरमान अभिव्यक्ति की आजादी पर लगाया ताला

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** जिस तरह से सत्ता ने देश के पूरे संवैधानिक ढांचे को तोड़-मरोड़कर अपने हक में कर लिया वैसे ही राजकीय चिकित्सालय के प्राचार्य ने एक तुगलकी फरमान जारी कर मीडिया, प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को फोटो खींचने अथवा किसी भी समाचार को छापने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य यह भूल गए कि किसी भी अनियमितता को छापने के लिए उनका पक्ष भी जाना जाता है। इन सब के विपरीत प्राचार्य ने संविधान के आर्टिकल 19 में प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी पर ही प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जिसको किसी प्रकार की चुनौती नही दी जा सकती। यदि किसी पत्रकार ने सूत्र के हवाले से कोई खबर छापी है तो उसके बारे में जिम्मेदार अफसर का पक्ष रखना जरूरी होता है। उस सूत्र के बारे में अदालत भी ठीक उसी प्रकार नही पूंछ सकती जैसे पुलिस से उसके मुखबिर के बारे मे भारतीय साक्ष्य अधिनियम में सूत्र और मुखबिर के बचाव में वर्णन मिलता है। प्राचार्य के इस तुगलकी फरमान से लगता है कि स्वशासी चिकित्सालय में सब कुछ ठीक ठाक नही है जिसकी जबावदेही से बचने के लिए प्राचार्य ने अपने अधिकार क्षेत्र से हटकर आदेश कर दिया। अभी तक जिले के डीएम ने कभी समाचार पत्र को सेंसर करने का कभी प्रयास नही किया यदि किसी प्रकाशन से उनकी छवि धूमिल हुई तो एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रेस कौंसिल या संपादक स्तर से शिकायत कार्यवाही करते है। प्राचार्य के इस आदेश में लाख टके का सवाल यह है कि करोड़ो का बजट, ठेकों में मनमानी और भी बहुत से सरकारी फंड जिसमे हो सकता उनकी नीति और नियत साफ न हो और बंदर बाट की लडाई में खबर नवीसों को जानकारी हो गयी जिससे बचने, उच्च अफसरों की जबावदेही का कही हथकंडा मात्र तो नही है यह आदेश।

## जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने पीटा, वीडियो वायरल

**मौदहा हमीरपुर।** जमीनी विवाद के कारण भाईयों और भतीजे ने युवक को बुरी तरह से लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि पिछले सप्ताह भी दबंगों ने पीड़ित के साथ खेत में मारपीट की घटना को अंजाम दिया था लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की जिसके चलते आज यह बड़ी घटना सामने आ गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गुरदहा निवासी रामगोपाल पुत्र शिवनारायण ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि पिता के इलाज के लिए उसके भाईयों रामगुलाम, परमेश्वरी दयाल, प्यारेलाल ने गांव के क्षम्मा के यहां खेत गिरवी रख दिया था लेकिन पिता की मृत्यु के बाद उसने अपनी बकरियां बेचकर खेत छुड़वा लिया और खेती करना शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर उसका भाई रामगुलाम और प्यारे लाल, भतीजा सोनू आएदिन उसके साथ मारपीट करते थे जिसकी शिकायत उसनें पिछले हफ्ते कोतवाली में भी की थी।

## एनटीपीसी विंध्याचल सुरक्षा विभाग द्वारा संविदाकर्मियों हेतु मेगा सेफ्टी पेप टॉक का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल सुरक्षा विभाग द्वारा 09 सितंबर 2023 को न्यू कोल भवन में संविदकर्मियों हेतु मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया।। जिसमें 200 से अधिक कार्यकर्ताओं और संविदकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संविदाकर्मियों को कार्यस्थल पर सावधानी पूर्वक कार्य करने और कार्य के दौरान होने वाले खतरों से नियंत्रण व उपाय के बारे में जागरूक करना है। सर्वप्रथम मेगा सेफ्टी पेप टॉक की शुरुआत अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) श्री आशीष कुमार अग्रवाल के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने कोल हैंडिलिंग से संबन्धित खतरो के बारे मे आगाह किया साथ ही विद्युत सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही बताया कि हमें परमिट, जे एस ए, 5एस , टूल्स टैकल्स के बारे में संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए और उसका अनुशरण करना चाहिए, जिससे हम होने वाले खतरों की पहचान कर सकें और उसे दूर कर सकें। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार द्वारा उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सभी आवश्यक पीपीई के साथ सुरक्षा बरतने और ऊंचाई पर कार्य करते समय होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उम्मीद जताई कि आगे भी परिसर दुघर्टना रहित रहेगा। इसी क्रम में महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज ने सभी को संबोधित करते हुए कहा ये परिसर हमारा एक बड़ा परिवार है जहां हमें मिलकर कार्य करना है।

## परिवार न्यायालय के जज ने पेश की मिसाल



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** देशभर में तलाक का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा मिल रहा है तलाक को लेकर कई तरह के मामले भी सामने आए हैं समय इतना आगे निकल गया है कि जिन रिश्तो में गर्माहट होती थी अब वह टूटने में एक पल नहीं लगता शादी को मजबूत बंधन कहा जाता है लेकिन अब तो मैरिज के कुछ ही महीना बाद तलाक की नौबत आ जाती है वही आज सोनभद्र जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत में सबकी आंखें नम हो गई जब वर्षों से अलग रह रहे हैं वैवाहिक जोड़े ने एक दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर फिर से साथ में मरने जीने की कसम खाई परिवार न्यायालय के न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह की इन दिनो अनोखी पहल देखने को मिली जहा हर महीने वैवाहिक दंपति को समझकर एक दुशरे के साथ रहने के लिए कॉउंसलिंग कर विदाई करवा रहे है। छोटे मोटे विवादों को तूल देने के बजाय एक दूसरे के गलतियों को नजर अंदाज करे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 19419 वादों का निस्तारण

**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 09.09.2023 को प्रातः 10 बजे दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय इन्द्र देव दुबे, विशेष न्यायाधीश द0प्र0क्षे0 एक्ट प्रदीप कुमार जयन्त, विशेष न्यायाधीश (आ0व0अधि0), सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती कीर्ति माला, सचिव/अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 प्रथम स्वाती, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 द्वितीय सुदेश कुमार, एंव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मनोज कुमार शासन, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा कुमारी सिविल जज (जू0डि0)/महिलाओं के विरुद्ध अपराध विजय लक्ष्मी यादव, सिविल जज (जू0डि0) आयुषी, आदि उपस्थित रहे। वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय से कुल 06 वादों का निस्तारण व विशेष न्यायाधीश, (आ0व0अधि0) से 204, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 202, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कुल 2385, सिविल जज जू0डि0 से 8183, तरूण कुमार सिविल जज जू0डि0 राठ द्वारा 266, ऋतु लोहा सिविल जज जू0डि0 मौदहा द्वारा 202, शालिनी त्यागी सिविल जज जू0डि0 सरीला द्वारा 92, कुल 11800 वाद निस्तारित किये गये एवं राजस्व विभाग द्वारा 7464 वादों का निस्तारण व एल0डी0एम0 संगम लाल मिश्रा, इंडियन बैंक, हमीरपुर के अनुसार जनपद में स्थापित समस्त बैंकों के कुल 20700 मामलों में से 155 वादों का निस्तारण हुआ इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 19419 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको द्वारा सुलह समझौते के आधार पर मु0-32925000/-रू0 की धनराशि प्राप्त हुई। सी प्रकार न्यायालय द्वारा निस्तारित वादों में भी लगभग मु0- 15800/-रू0 की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी। तथा न्यायालय व राजस्व, बैक द्वारा कुल मु0 33986740/- रू0 की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुयी।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/चुर्क।** सोनभद्र शासन के आदेशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश के अन्तर्गत अमृत कलश कार्यक्रम के अन्तर्गत भूपेश चौबे सदर विधायक सोनभद्र व मीरा देवी अध्यक्ष नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा,अमित कुमार सरोज अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र व अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश यादव द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2023 दिन शनिवार को समय 02:30 बजे स्थान नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र कार्यालय में अमृत कलश के साथ पंच प्रण, सामूहिक सेल्फी का कार्यक्रम किया गया। भूपेश चौबे, सदर विधायक सोनभद्र द्वारा मौके पर उपस्थित सभी वार्ड के सदस्यगण व जनप्रतिनिधियों को तिरंगा रंग से रंगा हुआ, मिट्टी का बना अमृत कलश देकर अमृत काल के पंच प्रण का शपथ दिलाया गया।




उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को अध्यक्ष महोदया द्वारा अवगत कराया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त यह कार्यक्रम एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत के अवलोकन व मातृभूमि के वीर सपूतों/स्वतंत्रता संग्राम के जाने/अनजाने सेनानियों के योगदान से प्रेरणा लेने का स्वर्णिम अवसर है। हम सभी संकल्पित होकर और जनसहभागिता के साथ इस महोत्सव को मनाये तो यह हमारा सौभाग्य होगा। ऐसे सौभाग्यमय उत्सवी रस को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का धर्म है। मा0 अध्यक्ष महोदया द्वारा उपस्थित सभी सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया गया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर से मुठ्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) अमृत कलश में संग्रहित किया जाए। उक्त कार्यक्रम में सभी वार्ड के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि व नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा,सोनभद्र के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गयी।

## टीएसी जांच में गबन सिद्ध, फिर भी नहीं हो रही कार्रवाई

**बांदा।** शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान ने महिला महाविद्यालय प्राचार्य पर अनुरक्षण और निर्माण कार्यों में मानकों का ध्यान न रखने और घपला किए जाने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच टीएसी से कराई गई। टीएसी जांच में गबन सिद्ध हुआ। टीएसी के द्वारा रिपोर्ट सौंप दिए जाने के बावजूद अब तक प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्री चौहान ने महिला महाविद्यालय की प्राचार्य पर कराए गए अनुरक्षण और लघु निर्माण कार्यों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत पर संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार ने टीएसी जांच करवाई थी। टीएसी जांच के दौरान 95448 रुपए का घोटाला भी सिद्ध हुआ। जांच करने के बाद टीएसी ने जांच रिपोर्ट भी सौंप दी। लेकिन अभी तक महिला महाविद्यालय के प्राचार्य के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। श्री चौहान ने मांग की है कि महिला महाविद्यालय प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय का चार्ज किसी और को दिया जाए।

## एसोसिएशन ने गौसंरक्षण के लिए डीएम को सौंपा चेक



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** होटल एवं मैरिज लान एसोसिएशन द्वारा गौवंश संरक्षण के लिए एकत्रित सहयोग राशि के रूप में एक लाख 55 हजार की धनराशि का चेक जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपी। पिछले सप्ताह हुयी एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि जनपद के अन्ना एवं बेसहारा गौवंशों की मैजूदा स्थिति को देखते एसोसिएशन अपने सदस्यों से सहयोग राशि लेकर जिला प्रशासन को उपलब्ध करायेगा। इससे कि इन गौवंशों के संरक्षण में कुछ मदद हो सकेगी। साथ ही भूसा, चारा आदि की व्यवस्था में भी सहयोग होगा। इसी क्रम में होटल एवं मैरिज लान एसोसिएशन द्वारा एकत्रित की गई एक लाख 55 हजार की धनराशि का चेक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को उनके कार्यालय में डिमांड ड्राफ के माध्यम से सौंपी गई। जिलाधिकारी ने गौवंशों के संरक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई सहयोग राशि के लिए प्रसन्नता जाहिर करते हुए एसोसिएशन को धन्यवाद दिया।

# क़ुरआन-ए-मजीद ''बुक आफ़ साईंस'' भी है और ''बुक साइन'' भी

डाक्टर हारून रशीद

**लखनऊ।** अवधनामा हाऊस, साकेत पल्ली, नरही में सालाना मजलिस सय्यद अलशहदा का इनइक़ाद किया गया जिसे हर साल की तरह इमसाल भी मशहूर-ओ-मारूफ़ न्योरो फ़िज़िशियन डाक्टर सय्यद असद अब्बास ने ख़िताब करते हुए क़ुरआन और साईस के मुताला की रोशनी में कहा कि क़ुरआन-ए-मजीद अल्लाह की तरफ़ से नाज़िल करदा वो किताब है जो बुक ऑफ़ साईस भी है और बुक आफ़ साइन भी। इस्लाम किसी एक क़ौम या किसी एक मुल्क या किसी एक मज़हब वालों के लिए नहीं आया बल्कि तमाम इन्सानों के लिए आया है। क़ुरआन-ए-करीम एक मुकम्मल ज़ाबता-ए-हयात है और इसकी तशरीह-ओ-तफ़सीर अहले-बैत अतहार की सीरत है। क़ुरआन और अहले-बैत को अलग नहीं किया जा सकता, अगर किसी एक को अलग कर के देखेंगे तो ना क़ुरआन समझ में आएगा और ना इस्लाम की सही तस्वीर सामने आ सकेगी।

इससे पहले डाक्टर हारून रशीद ने तिलावत कलाम रब्बानी से मजलिस का बाक़ायदा आग़ाज़ किया। शमीम हैदर, मुहम्मद अयान और मुर्तज़ा अब्बास ने मंज़ूम ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया। निज़ामत के फ़राइज़ डाक्टर मूसी रज़ा ने अंजाम दिए। डाक्टर असद अब्बास ने क़ुरआन-ए-करीम की आयत ''रब उलमा'' को सरनामा गुफ़्तगु बनाते हुए इल्म की अहमियत-ओ-अफ़ादियत, अहल-ए-बैत अतहार की सीरत-ओ-किरदार और मुआशरती निज़ाम पर तफ़सीली गुफ़्तगु की और वाकियात-ओ-रिवायत के हवाले से गुफ़्तगु को मज़ीद मुतास्सिर कुन अंदाज़ में पेश किया। उन्होंने उनवान पर अपनी मौज़ूआती गुफ़्तगु से पहले मजलिस के बानी वक़ार रिज़वी को जज़्बाती अंदाज़ में याद किया और उन के लिए सूरा फ़ातिहा और सूरा इख़लास पढ़ कर ईसाल-ए-सवाब किया।

डाक्टर असद अब्बास ने इल्म की अहमियत और ज़रूरत पर अपनी बात की वज़ाहत करते हुए कहा कि साईस और साइन दो अलग अलग मअनी रखते हैं ,यानी क़ुरान एक तरफ़ साईस ,विज्ञान, ईजादात और इख़ितराआत नीज़ डेवलपमेंट के बारे में इशाराती गुफ़्तगु करता है तो दूसरी तरफ़ इस में क़दीम ज़माने के वो वाक़ेयात भी मिलते हैं जिनसे इन्सान दर्स हासिल कर सके। क़ुरान मजीद ख़ुद ये ऐलान कर रहा है कि कोई ख़ुश्क-ओ-तर ऐसा नहीं है जो क़ुरआन में ना हो। एक तरफ़ ये इशारा है कि इस में अह्ले इल्म के लिए खुली हुई निशानीयां हैं कि वो उसे पढ़ें, ग़ौर करें और इससे फ़ायदा उठाएं। लेकिन इसी क़ुरान मजीद की जब आज खुले तौर पर बे-हुरमती की जाती है तो हमारा दिल दुखता है। इस पर एहतिजाज किया जाता है और बिल्कुल किया जाना चाहिए। दुनिया के तमाम मुसलमानों को इसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाना चाहिए। लेकिन ये भी सच है कि ये सब क़ुरआन-ए-मजीद को मुसबत सोच के साथ ना लेने का नतीजा है। और वो दो चीज़ें जो रसूल अकरम हमारे दरमियान छोड़ गए यानी क़ुरान और अहल-ए-बैत। ज़ाहिर यह कि उनमें से जब एक क़ुरआन को लिया जाएगा और दूसरी चीज़ यानी अहल-ए-बैत को छोड़ा जाएगा तो कभी क़ुरान के असल मफ़हूम-ओ-मआनी तक नहीं पहुँचा जा सकता।

इल्म सिर्फ डिग्रियों के हुसूल का नाम नहीं है बल्कि इल्म का एक बहुत बड़ा दायरा है। ये एक बड़ा अलमिया है मुस्लमानों के लिए कि आज इस पर ग़ैर मुस्लिम की बड़ी तादाद में रेसर चक्कर हैं और उनकी तलाश-ओ-जुस्तजू के नतीजे में नई नई चीज़ें सामने आ रही हैं। हालाँकि ये रिसर्च हमें करना चाहिए थी और जो फ़ायदा हमें उठाना चाहिए था वो दूसरे उठा रहे हैं। लेकिन बहरहाल अब तबदीलियां भी रोनुमा हो रही हैं चुनांचे इंडोनेशिया, ईरान ओ रमलाइश्या की यूनीवर्सिटीज़ में बाक़ायदा क़ुरआन और अहल-ए-बैत पर तहक़ीक़ और रिसर्च की जा रही है जो सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि पूरी नौए इन्सानी के लिए मुफीद है।

उन्होंने क़ुरआन और साईस के हवाले से कुछ इशारों पर रोशनी डाली और हवालों के साथ बताया कि क़ुरआन में माँ के पेट में बच्चा तीन पर्दों में रहता है, और उन तीन पर्दों में भी हर एक में तीन पर्दे हैं। उन्होंने इन्सानी तख़लीक़ का मरहलावार ज़िक्र करते हुए कहा कि आज साईस हैरान है कि क़ुरआन ने डेढ़ हज़ार साल पहले उसकी तफ़सील बता दी थी जिस तक हम आज पहुंच रहे हैं।

डाक्टर अब्बास ने साईस की रोशनी में बताया कि अगर किसी शख़्स को सोने ना दिया जाये तो इस पर किया दिमाग़ी असरात मुरत्तब होते हैं। क़ुरआन ने पहले ही कह दिया कि हमने दिन को काम करने और इबादत करने के लिए बनाया है और रात आराम करने के लिए। जब हमने उसे डिस्टर्ब किया तो तरह तरह की बीमारियां भी होने लगीं। उन्होंने सूरह-ए-कहफ़ के हवाले से असहाबे कह्फ़ के बारे में बताया कि असहाबे कह्फ़ को अल्लाह ने सुला दिया और उनके सुनने की ताक़त को भी रोक दिया क्योंकि अगर सुनने की ताक़त नहीं रुकेगी तो वो जाग सकता है, और उनके पहलू बदलते रहे। डाक्टर असद अब्बास ने कहा कि अगर करवट ना बदली जाये तो ऐसे ज़ख़्म हो जाते हैं जिनका ईलाज मुम्किन नहीं है। सुनने की ताक़त इस लिए रोक दी कि उन्हें बाहरी चीज़ें बेदार ना कर सकें। उन्होंने बताया कि इन्सान जब सो जाता है तो सारे अवामिल सो जाते हैं लेकिन दिमाग़ का एक ख़ास हिस्सा जागता रहता है जो इस आवाज़ को सुनता और महसूस करता है जो जगाने लिए होती हैं। उन्होंने मिसाल देते हुए कहा कि एक माँ बच्चे को लेकर सोती है तो उसे कोई कोई चीज़ डिस्टर्ब नहीं करती लेकिन जैसे ही बचा हुमकता है तो वो जाग जाती है। ये अल्लाह का इंतेज़ाम है। अगर वो हिस्सा भी सो जाये तो इन्सान कभी बेदार नहीं होगा। इसी तरह से इन्सान की आँखें अगार मुस्तक़िल बंद कर दी जाएं तो आँखें ख़राब हो जाएँगी असहाबे कह्फ़ के साथ ये भी इंतेज़ाम किया गया कि उनकी पलकें झपकती रहें।

डाक्टर अब्बास ने बताया कि अल्लाह और इसके रसूल ने जितना ज़ोर इल्म पर दिया है इससे ज्यादा ज़ोर इस बात पर दिया है कि इल्म तो हासिल करो लेकिन इससे किसी को नुक़्सान ना पहूंचे। मुआशरे में एक दूसरे से मिल-जुल कर रहने पर-ज़ोर दिया। वालदैन के साथ हुस्न-ए-सुलूक, किरदार साज़ी और एक बेहतर मुआशरे की तश्कील पर-ज़ोर दिया है।

ग़ैर मज़हब वालों से कैसा रब्त रखना है। पड़ोसीयों के साथ किया सुलूक करना है, अगर इल्म इन दायरों में काम कर रहा है तो वो इल्म नफ़ा बख़्श है। और इस्लाम ने इल्म नाफ़े पर ही ज़ोर दिया है। इन्होंने कहा कि क़ुरआन-ए-मजीद में तक़रीबन ऐसी सौ आयतें हैं जहां इन बातों का सीधा हुक्म दिया गया है, उन्होंने कहा खासतौर से ज़बान की शाइस्तगी पर बहुत ज़ोर दिया गया है। यहां तक हुक्म दिया गया कि दूसरों के झूटे ख़ुदाओं को भी बुरा ना कहो। क़ुरआन-ए-मजीद हमारे बच्चे पढ़ें। और कोशिश होना चाहिए कि उसे तर्जुमा के साथ पढ़ें जहां कोई कनफ़्यूज़न हो तो उसे किसी आलिम से समझने की कोशिश करें।

उन्होंने कहा कि क़ुर्बानी का मक़सद अपने आपको फीड कराना नहीं बल्कि उसके तर्तीब वार हुक़ूक़ हैं जिनके हुक़ूक़ हैं उन तक पहुंचाना भी ज़रूरी है। उन्होंने बताया कि इन मजलिसों का ममकसद ये है कि इस्लाम का सही चेहरा अवाम के सामने पेश किया जाये। इस्लाम का चेहरा इल्म का चेहरा है। हुसैनियत का चेहरा है। अरबईन में सारी दुनिया देखती है। दुनिया का सबसे बड़ा पुरअम्न इजतिमा होता है। ज़ाइरीन के लिए सारे इंतेज़ामात होते हैं, किसी चीज़ की कमी नहीं होती यहां तक कि आप थक गए हों तो पांव भी दाबे जाते हैं। उन्होंने इस मौक़ा पर एक बार फिर वक़ार रिज़वी का खासतौर से ज़िक्र किया कि वक़ार रिज़वी सच्चे मुहिब्बे अहल-ए-बैत थे। कर्बला में इमाम हुसैन की क़ुर्बानी के बारे में डाक्टर असद अब्बास ने कहा कि जब दीन की हुर्मत पर आँच आने लगी थी, हराम को हलाल समझा जाने लगा था, तो ज़रूरी था कि दीन की सूरत को मस्ख़ होने से बचाया जाये। और इसके लिए इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपने ख़ानदान के जवानों और मासूमों की क़ुर्बानी पेश की। ख़िताब के आख़िरी हिस्सा में हज़रत सकीना, हज़रत ज़ैनब और इमाम ज़ैनुलआबिदीन के मसाइब पढ़े तो सोगवारों की आँखों से आँसू रवां हो गए। वक़ार मेह्दी रिज़वी के ईसाल-ए-सवाब के लिए सूरा फ़ातिहा पढ़ कर ईसाल-ए-सवाब किया गया और मातम पर मजलिस का इख़्तिताम हुआ। मजलिस में प्रोफेसर शारिब रूदौलवी, डाक्टर अम्मार रिज़वी, मुहम्मद मुहसिन, मुमताज़ अहमद, डाक्टर ख़ुरशीद, परवेज़ एज़ाज़, डाक्टर मंसूर हसन खां के अलावा हर मज़हब व मिल्लत के मुक़तदिर ख़वातीन-ओ-हज़रात बड़ी तादाद में मौजूद थे।



- अहल-ए-बैत की सीरत को नज़रअंदाज करके क़ुरआन-ए-मजीद की सही तफहीम मुम्किन नहीं
- अवधनामा हाऊस की सालाना मजलिस सय्यद अलशहदा में डाक्टर असद अब्बास का फिक्र अंगेज़ ख़िताब

## अगर अपने-अपने धर्म पर चले तो समाज फैली दूरियां खत्म हो जाएगी

**लखनऊ।** मुसलमान अगर सच्चा मुसलमान और हिन्दू अगर सच्चा हिन्दू बन जाए तो समाज में फैली आपसी दूरियां अपने आप खत्म हो जाएगी। दरअसल हम खुद ही अपने धर्मों के बारे में नहीं जानते। इसलिए आसानी से दूसरों के बहकावे में आ जाते हैं। हमें राजनैतिक एजेण्डे पर बिना विचार किये आपसी संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन व इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कही। वे इंस्टीट्यूट फॉर सोशल हार्मनी एण्ड अपलिफ्टमेण्ट (ईशू) की ओर से स्वस्थ समाज के निर्माण में पारस्परिक संबंधों की भूमिका विषयक सेमिनार को सम्बोधित कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना जरूरी है, ताकि उन्हें पता चले कि यह देश आपसी सहिष्णुता का देश है। इस देश में सभी धर्मों के लोग हमेशा से एक साथ रहते आए हैं। हमें किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए। एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें और अपने-अपने धर्मों का पालन करते हुए एक-दूसरे के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने का प्रयास करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 51,18,046 वादों का निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन/निर्देशन में शनिवार को सम्पूर्ण प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गयी।

प्रदेश के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त सूचना के अनुसार सायं 06:00 बजे तक उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में 51,18,046 वादों का निस्तारण किया गया। प्री-लिटिगेशन वाद 42,77,285, लम्बित वाद 6,97,610 विशेष लोक अदालत (लघुआपराधिक वाद) 1,42,499 थे।

सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह। द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समस्त सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, उ0प्र0 एवं समस्त मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, दीवानी न्यायालय उ0प्र0 आदि से राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करने व राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान किया गया था।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से समस्त जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन एवं सचिव, गृह, समस्त विशेष सचिव, गृह एवं समस्त मण्डलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षकगण आदि से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त सूचना सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजय सिंह-। द्वारा उपलब्ध करायी गई है। लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण की अन्तिम संख्या अभी प्रतीक्षित है।

## आयुष्मान भवः से आएगी स्वास्थ्य की क्रांतिः ब्रजेश पाठक

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आयुष्मान भवः अभियान की दी जानकारी
- 13 सितंबर को राष्ट्रपति आयुष्मान भवः अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने आयुष्मान भवः अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसमें स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने का काम होगा। शनिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के लाल बहादुर शास्त्री भवन के सभा कक्ष में आहूत बैठक में बताया कि 13 सितंबर को राष्ट्रपति सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन से वर्चुअल शुभारंभ करेंगी। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अधिकारियों को अभियान के बारे में जानकारी दी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकारी अस्पतालों के प्रति मरीजों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। ओपीडी से लेकर भर्ती मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मरीजों को मुफ्त जांच, डायलिसिस, सीटी स्कैन, दवा आदि उपलब्ध कराई जा रही है। नए अस्पताल व मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। ताकि मरीजों को इलाज के लिए लंबा सफर न तय करना पड़े। विशेषज्ञों के साथ टेली-परामर्श और उचित रेफरल आदि की व्यवस्था को और मजबूत करें।

### अंगदान को लेकर करेंगे जागरुक

डिप्टी सीएम ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा शुरू किया जाएगा, जो दो अक्टूबर तक चलेगा। इसमें अंगदान के प्रति लोगों को जागरुक किया जाएगा। अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता किया जाएगा। नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की जरुरत के बारे में बताया जाएगा। रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

### साफ-सफाई की बताई जाएगी अहमियत

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर स्वच्छता अभियान चलेगा। लोगों को साफ-सफाई की अहमियत भी बताई जाएगी।

### आयुष्मान आपके द्वार

आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा। इसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा। इसमें आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितिरित किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि आशा, स्वयं सहायता समूह आदि की मदद भी ली जाएगी। आभा (स्वास्थ्य आईडी) का निर्माण और आयुष्मान भारत कार्ड जारी किया जाए। आयुष्मान मेला, साप्ताहिक हेल्थ एवं वेलनेस मेला, साप्ताहिक सीएचसी मेला, आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर से आयुष्मान सभा होगी। आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड का आयोजन किया जाएगा।

### हर शनिवार-रविवार को स्वास्थ्य मेला

प्रदेश भर के हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेजों की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। आउटरीच कार्यक्रम के तहत सीएचसी में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को देखेंगे। सांसद, विधायक, प्रधान व स्थानीय नेताओं की भागीदारी होगी। टीबी, कुष्ठ और अन्य संचारी की प्रभावी जांच और इलाज के इंतजाम होंगे। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान को रफ्तार दी जाएगी। ब्लड प्रेशर, मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर यानी मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा जैसी बीमारियों के लिए जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग व नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

## अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बनाया गया हेल्प डेस्क



अवधनामा ब्यूरो

- विशेष सचिव आयुष ने किया नोडल केंद्र का निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष विभाग (आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक) के शैक्षणिक सत्र 2023 के प्रवेश के लिए आयुष यू.जी. काउन्सिलिंग की आनलाइन प्रक्रिया का आज लखनऊ स्थित नोडल केन्द्र/राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय हैनीमैन गोमती नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आयुष यू.जी. काउंसलिंग में अब तक 4449 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। आयुष विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया कि काउन्सिलिंग की आनलाइन प्रक्रिया http://upayushcounseling.upsdc.gov.in वेबसाइट पर की जा रही है। यह पोर्टल दपब द्वारा विकसित संचालित है। इसकी सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरे से की जा रही है साथ ही उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शी एव सुचारू ढंग से चल रही है।

हेल्प डेस्क का मो.नं.- 7376520591 एवं 91-7376524687 तथा ई-मेल आईडी upayushcounselling2022@gmail.com है। अभ्यर्थियों को पोर्टल पर उनके रजिस्ट्रेशन की सूचना उनके मोबाइल पर एसएमएस के साथ-साथ उनके द्वारा भरे हुए फार्म पर अंकित ई-मेल से भेजने की व्यवस्था पोर्टल पर ही की गई है अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पोर्टल पर ही काउन्सिलिंग का ब्रोसर अपलोड है, जिसमें प्रवेश से सम्बंधित सभी सूचनाओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के राजकीय एवं निजी, आयुर्वेदिक, यूनानी तथा होम्योपैथिक कालेजों के प्रिंसिपल का नाम व मोबाइल नं. भी दिया गया है, जिसकी सहायता उनके द्वारा ली जा सकती है।

## ईवीएम के खिलाफ जनहित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम/वीवीपीएटी से संबंधित एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत निर्वाचन आयोग (डब्ल्यूपीसी संख्या 434/ 2023) के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एक विस्तृत हलफनामा दायर किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि ईवीएम से संबंधित मुद्दों को बार-बार उठाया जा रहा है और याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण इस याचिका के साथ अत्यधिक संदेह में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर साल इस तरह की याचिकाएं दायर की जा रही हैं। माननीय न्यायाधीश ने कहा, ईसीआई ने एक विस्तृत जवाबी हलफनामा दायर किया है। प्रशांत भूषण जी, इस मुद्दे को कितनी बार उठाया जाएगा। हर 6-8 महीने में इस मुद्दे को नए सिरे से उठाया जाता है। न्यायमूर्ति खन्ना ने आगे टिप्पणी की कि उन्होंने ईसीआई की ओर से दायर जवाबी हलफनामे का अध्ययन किया है और इसकी जांच करने के बाद, उन्हें मामले को जल्द सूचीबद्ध करने की कोई आवश्यकता नहीं दिखी। प्रशांत भूषण ने जोर देकर कहा कि ईसीआई द्वारा दायर जवाबी हलफनामे में गलत बयान हैं और मामले को दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

## तीन दिवसीय शब्बेदारी का हुआ आग़ाज़

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम में मजलिस-मातम और शब्बेदारियों का सिलसिला जारी है। शनिवार से अंजुमन गुंचए मेहदिया की तीन दिवसीय शब्बेदारी का आगाज हुआ। हुसैनाबाद के रईस मंजिल स्थित रौजए हजरत मुस्लिम में शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने खिताब किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने इमाम हुसैन की बहन जनाबे जैनब की सीरत व अजमत बयान की। उन्होंने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके पैगाम को पहुंचाने का अजीम कारनामा जनाबे जैनब और इमाम के बीमार बेटे जनाबे जैनुलआब्दीन ने अंजाम दिया। मौलाना ने जनाबे जैनब पर कर्बला से कूफा और कूफा से शाम के सफर में गुजरी मुसीबतों का जिक्र किया तो अजादार बेकरार हो उठे। मजलिस के बाद मातमी अंजुमनों ने मिस्त्रे तरह हर एक रुख से हैं अब्बास मुर्तजा जैसे पर अपने सलाम और नौहे पढ़े। रविवार को रात 8:30 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना तकी रजा खिताब करेंगे। इसी तरह अंजुमन मासूमीन की शब्बदारी ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज स्थित इमामबाड़ा मीरन साहब में हुई। मजलिस को मौलाना शब्बर हुसैन ने खिताब किया। मजलिस के बाद मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

### मर्सियाख्वानी की मजलिसों का अशरा जारी

हुसैनाबाद के शीशमहल स्थित इमामबाड़ा अनवर हुसैर रिजवी में मर्सियाख्वानी का अशरा-ए-मजालिस जारी है। 20 से 29 सफर तक शाम 7:30 बजे शुरू होने वाली मजलिस में गुरुवार को हादी हसन, शुक्रवार को मोहम्मद रजा रिजवी और शनिवार को अली इमाम गौहर लखनवी ने मर्सिया पेश किया। प्रिंस इकबाल मिर्जा ने बताया कि दस दिवसीय मजलिसों में रविवार को सुब्ही जैदी, सोमवार को अब्बास आरिश रिजवी, मंगलवार को अहमद मिर्जा मुजर्रब लखनवी, बुधवार को फैज बाकर, गुरुवार को खुर्शीद रजा फतेहपुरी, शुक्रवार को डॉ. अनवर हुसैन रिजवी मर्सिया पेश करेंगे। 29 सफर को सुबह 10 बजे इसी इमामबाड़े में महिलाओं की मजलिस होगी।

### इमामबारगाह बाग-ए-सकीना में मजलिस आज

हुसैनाबाद के शीशहमल स्थित महताब बाग स्थित इमामबारगाह बाग-ए-सकीना में रविवार को मजलिस आयोजित होगी। अली अहमद जैदी ने बताया कि सुबह 11:45 बजे शुरू होने वाली को मौलाना नफीस अख्तर खिताब करेंगे। अंजुमन काजमिया-आबिदिया के नौहाख्वान रहे स्वर्गीय मुख्तार हुसैन मुन्ना भाई के हसनपुरिया स्थित अजाखाने में रात 8 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना गुलाम हुसैन सदफ जौनपुरी खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी।

### मजलिसे चेहलुम आज

स्वर्गीय अनीस हुसैन के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम रविवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र शैजी हुसैन और असद हुसैन ने बताया कि सआदतगंज के मंसूर नगर स्थित ठण्डी मस्जिद में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना अली हाशिम आब्दी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस रविवार को शाम 4 बजे स्वर्गीय के आवास पर होगी।

### 24 सफर को सालाना मजलिस मालकी दरगाह मुफ्तीगंज में

**लखनऊ।** जैसे जैसे अय्यामे अज़ा कीआखरी तारीख करीब आती जा रही है।सलाना मजलिसों व शब्बेदारियों का सिलसिला तेज़ होता जा रहा है।इसी सिलसिले की एक सालाना मजलिस पुराने लखनऊ के अज़ाखाना ए यूसुफ नवाब मालकी, मालकी दरगाह मालकी स्ट्रीट मुफ्ती गंज में 24 सफर 11सितंबर को 8 बजे शब में आयोजित की जा रही है। इस मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब फरमाएंगे।